हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 को लोकसभा में विचार और पारित करने के लिए बुधवार को दोपहर 12 बजे रखा गया, संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने संसद को आश्वस्त किया

भोपाल में मुस्लिम महिलाओं ने बिल के समर्थन में पोस्टर लहराए

# किसी भी धार्मिक संस्था में सरकार का कोई दखल नहीं, यूपीए ने बिल को 'कानून से ऊपर' कर दिया था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वक्फ (संशोधन) विधेयक को लोकसभा में विचार और पारित करने के लिए बुधवार को दोपहर 12 बजे रखा गया। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने लोकसभा में विधेयक पेश किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अब वक्फ बोर्ड में शिया, सुन्नी, बोहरा, पिछड़े मुस्लिम, महिलाएं और विशेषज्ञ गैर-मुस्लिम भी होंगे। साथ ही परिषद में अधिकतम 4 गैर-मुस्लिम सदस्य हो सकते हैं और उनमें से 2 महिला सदस्य अनिवार्य हैं। पूर्ववर्ती यूपीए सरकार ने वक्फ कानून में बदलावों के जरिए इसे अन्य कानूनों से ऊपर कर दिया था, इसलिए इसमें नये संशोधनों की जरूरत पड़ी।

**किसी की बात कोई बदगुमान समझेगा, जमीन का दर्द कभी आसमान नहीं समझेगा**

*रिजिजू ने कहा कि किसी की बात कोई बदगुमा न समझेगा। जमीन का दर्द कभी आसमान नहीं समझेगा...। मुझे न सिर्फ उम्मीद है, बल्कि मुझे पूरा भरोसा है कि इस विधेयक का विरोध करने वालों के दिलों में भी बदलाव आएगा। हर कोई सकारात्मक सोच के साथ इस विधेयक का समर्थन करेगा।*

रिजिजू ने सदन में विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि आपने उन मुद्दों पर लोगों को गुमराह करने की कोशिश की, जो वक्फ विधेयक का हिस्सा नहीं हैं। यह विधेयक सिर्फ संपत्ति के प्रबंधन से जुड़ा है और इसका मंदिर या मस्जिद या किसी भी धार्मिक स्थल के प्रबंधन से कोई लेना-देना नहीं है।



**वक्फ बोर्ड में कौन-कौन होगा?**

- शिया, सुन्नी, बोहरा, पिछड़े मुस्लिम, महिलाएं और विशेषज्ञ गैर-मुस्लिम भी होंगे
- अधिकतम 4 गैर-मुस्लिम सदस्य हो सकते हैं
- उनमें से 2 महिला सदस्य अनिवार्य हैं

### रिजिजू ने कहा- नए संसद भवन पर भी वक्फ का किया जा रहा था दावा

वक्फ संशोधन विधेयक पेश करने के बाद रिजिजू ने कहा कि इस संसद भवन पर भी वक्फ का दावा किया जा रहा था और पूर्ववर्ती सरकार ने तो काफी संपत्ति गैर-अधिसूचित करके दिल्ली वक्फ बोर्ड को दे दी थी। पिछले साल विधेयक पेश करते समय सरकार ने इसे दोनों सदनों की एक संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव किया था। समिति द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के बाद, उसकी सिफारिश के आधार पर केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मूल विधेयक में कुछ बदलावों को मंजूरी दी थी।



**जेपीसी के सामने ये हुआ?**

- विभिन्न समुदायों के राज्य धारकों के कुल 284 प्रतिनिधिमंडलों ने समिति के समक्ष अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत किए
- 25 राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के वक्फ बोर्डों ने भी अपनी प्रस्तुतियां प्रस्तुत की

भोपाल में वक्फ संशोधन विधेयक के समर्थन में जबरदस्त आतिशबाजी

## मुस्लिम महिलाओं ने कहा- थैंक्यू मोदीजी

कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद बोले- समर्थन करने वाली महिलाएं स्पॉन्सर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल /लखनऊ

संसद में बुधवार को वक्फ संशोधन विधेयक 2025 पेश किया गया। भोपाल में इसके समर्थन में कुछ मुस्लिम महिलाओं और युवकों ने आतिशबाजी कर खुशी जताई। आनंदपुरा और कोकता इलाके में बुर्का पहनी मुस्लिम महिलाएं हाथों में गुलाब थामे थीं। वे 'थैंक्यू, मोदी जी' और 'वी सपोर्ट मोदी जी' लिखी तख्तियां लिए थीं।

**अलीगढ़ में भी मुस्लिम समुदाय ने मनाया जश्न**

*वहीं, उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जश्न मनाया। शहर में एक खास उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। अलीगढ़ के मुस्लिम समुदाय के जिम्मेदार नागरिकों ने शहर के प्रमुख स्थान, तस्वीर महल चौराहे पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन एक तरह का खुशी का इजहार था, जिसमें समुदाय के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके अलावा दिल्ली और मुंबई जैसे शहरों में मुस्लिमों द्वारा जश्न मनाए जाने की खबर है।*




**बिल पास होने के लिए**

**272** वोटों की जरूरत

एनडीए- **293**

इंडिया गठबंधन- **235**

**देश में वक्फ की संपत्तियां**

अचल- **8,65,644**


जमीन- 9.4 लाख एकड़

जमीन की कीमत- 1.2 लाख करोड

वक्फ की जमीन इतनी है कि दिल्ली जैसे 3 शहर बस जाएं

**केंद्रीय मंत्री अमित शाह बोले**

## 2013 में रातों-रात तुष्टिकरण करने के लिए वक्फ को एक्स्ट्रीम बना दिया



वक्फ बिल पर बहस के दौरान संसद में बोलते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि 2013 में रातों-रात तुष्टिकरण करने के लिए वक्फ को एक्स्ट्रीम बना दिया। इसके कारण दिल्ली लुटियंस की 123 सरकारी संपत्ति वक्फ को देने का काम किया। दिल्ली वक्फ बोर्ड ने उत्तरी रेलवे की भूमि वक्फ के नाम घोषित कर दी। हिमाचल प्रदेश में वक्फ की संपत्ति बताकर उस पर अवैध मस्जिद बनाने का काम किया गया। तमिलनाडु में 1500 साल पुराने मंदिर की जमीन वक्फ को दे दिया गया।

**आपके दल में कितने अल्पसंख्यक सांसद?**

गोगोई ने संसद में भाजपा से सवाल किया कि आपके दल में कितने अल्पसंख्यक सांसद हैं? उन्होंने कहा कि अगर आज मुसलमानों की संपत्ति पर ध्यान दिया जा रहा है, तो कल किसी और समुदाय की जमीनें भी निशाने पर आ सकती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर कानूनी विवाद बढ़ाना चाहती है ताकि अल्पसंख्यकों को अलग-थलग किया जा सके। उन्होंने क्लॉज 29 एल का उदाहरण देते हुए सवाल किया कि क्या यूएपीए (गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम) का इस्तेमाल केवल एक समुदाय के खिलाफ किया जाएगा या सभी पर समान रूप से लागू होगा?

विपक्ष के उपनेता गोगोई ने कहा

## ईद पर नमाज तक नहीं पढ़ने दी, अब मुसलमानों की चिंता?

लोकसभा में विपक्ष के उपनेता गौरव गोगोई ने सरकार पर संविधान के मूल ढांचे पर हमला करने का आरोप लगाया। गोगोई ने कहा कि रिजिजू ने यूपीए सरकार को लेकर जो भी बातें कहीं, वे पूरी तरह से झूठ हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार अपने बयान को प्रमाणित करे। उन्होंने कहा, यह विधेयक देश के संघीय ढांचे और अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर हमला है। सरकार का उद्देश्य भ्रम फैलाना और समाज को बांटना है। गोगोई ने सवाल उठाया कि जब ईद के दौरान लोगों को खुले में नमाज पढ़ने की अनुमति नहीं दी गई, तब सरकार ने मुसलमानों के अधिकारों की रक्षा क्यों नहीं की?



### हाईकोर्ट की भूमिका पर भ्रम फैला रही सरकार

गोगोई ने दावा किया कि 2013 के संशोधन के बाद से हाईकोर्ट की भूमिका स्पष्ट है, लेकिन सरकार इस मुद्दे पर जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि जहां भाजपा की सरकारें हैं, वहां उन्होंने कितनी बार वक्फ से जुड़े मामलों में सेक्शन 97 का इस्तेमाल किया?

**शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे बोले**

## क्या बाला साहेब जीवित होते तो यही बोलते?

शिवसेना (यूबीटी) सांसद अरविंद सावंत ने कहा कि आप (केंद्र) इस विधेयक के जरिए किसी के साथ न्याय नहीं करना चाहते। अब आपको सिर्फ बिहार चुनाव ही नजर आ रहे हैं। शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे ने कहा कि मैं यूबीटी से एक सवाल पूछना चाहता हूं, उन्हें अपनी अंतरात्मा से पूछना चाहिए कि क्या वे बालासाहेब (ठाकरे) जीवित होते तो भी यही बोलते? आज यह स्पष्ट है कि यूबीटी आज किसकी विचारधारा को अपना रही है और इस विधेयक का विरोध कर रही है।



**ओपन एआई का एक और कमाल**

## 300 बिलियन डॉलर हुई सैम ऑल्टमैन की कंपनी की नेट वर्थ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोफ्ट बैंक के साथ 40 बिलियन डॉलर की फंडरेजिंग डील करने के बाद ओपन एआई दुनिया की सबसे वैल्यूड कंपनी बन गई है। जी हां, सैम ऑल्टमैन की ओपन एआई की नेट वर्थ 300 बिलियन डॉलर हो गई है। सबसे वैल्यूएबल कंपनी में एलन मस्क की स्पेस एक्स नंबर एक पर है। जबकि टिक टॉक की पेरेंट कंपनी वाइट डांस दूसरे नंबर पर है। इस डील के बाद, ओपन एआई कई दूसरी बड़ी दिग्गज कंपनियों से आगे निकल गई है।

- सैमसंग जैसे दिग्गजों को भी पछाड़ा



पिछड़ने वाली कंपनियों में शैवरॉन (294 बिलियन डॉलर), सेल्स फोर्स (257 बिलियन डॉलर), मैक डोनाल्ड (223 बिलियन डॉलर), पेप्सिको (205 बिलियन डॉलर) और सैमसंग (263 बिलियन डॉलर) शामिल हैं।

**सिद्धि विनायक मंदिर की रिकॉर्ड कमाई**

## सालभर में 133 करोड़ से भरा मंदिर का 'खजाना'




मंदिर को सोना-चांदी से 7 करोड़ दान, दान पेटी से प्राप्त नकदी 98 करोड़, अन्य स्त्रोत जैसे पूजा बुकिंग और प्रसाद से 10 करोड़ मिले

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आम लोग से लेकर खास तक प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में मत्था टेकने आते हैं। लेकिन, इस मंदिर की कमाई जबरदस्त हुई है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान सिद्धिविनायक मंदिर में 133 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड कमाई हुई, जो सालाना तौर पर अब तक की सबसे ज्यादा कमाई है। बेला जयसिंघानी की रिपोर्ट के मुताबिक, 2023-24 के दौरान 114 करोड़ रुपए की कमाई हुई थी।

MANGALAYATAN UNIVERSITY
ALIGARH
Learn Today to Lead Tomorrow
www.mangalayatan.in
NAAC GRADE A+
11th CONVOCATION
THURSDAY 3 APRIL 2025
at 10:30 A.M.
Venue : University Campus
Chief Guest
Hon'ble
Shri Arif Mohammed Khan
Governor of Bihar



Guests of Honour



Hon'ble
Shri Yogendra Upadhyaya
Minister of Higher Education
Govt. of U.P.



Hon'ble
Shri Satish Kumar Gautam
Member of Parliament



Hon'ble
Shri Anoop Pradhan
Member of Parliament




Extended NCR, 33rd Milestone, Mathura-Aligarh Highway, Beswan, Aligarh, Uttar Pradesh 202145
09358 333 333 | 09359 555 555 | 7500011188

# पीएम मोदी ने 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' को सराहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दशक में भारत के शिक्षा क्षेत्र में हुए ऐतिहासिक परिवर्तन पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सराहना की है।



पीएम मोदी ने इसे भारत का बौद्धिक पुनर्जागरण बताया, जिसने शिक्षा और नवाचार के माध्यम से विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी और आत्मनिर्भर राष्ट्र का मार्ग प्रशस्त किया है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर की गई पोस्ट पर पीएम मोदी ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने बताया कि पिछले दशक में भारत के शिक्षा क्षेत्र में किस तरह ऐतिहासिक परिवर्तन हुआ है। एनईपी 2020 एक सुधार से कहीं अधिक है।

# विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी और भारत का बौद्धिक पुनर्जागरण बताया

## पिछले दशक में भारत के शिक्षा क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन पर प्रकाश डालते यह बात कही

### कलंकपूर्ण अतीत पर अब लग गया विराम : प्रधान

प्रधान ने कहा कि यह तर्क सत्य से बहुत दूर है कि पिछले दशक में शिक्षा प्रणाली अपनी दिशा से भटक गई है। भ्रष्टाचार और शासन की कमी देश के शैक्षिक अतीत की परिभाषित विशेषताएं थीं। एनईपी 2020 इस कलंकपूर्ण अतीत से एक निर्णायक विराम का प्रतिनिधित्व करता है।



### औपनिवेशिक छाया और वैचारिक कैद से मुक्ति मिली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने लेख में लिखा कि पक्षपातपूर्ण हितों की पूर्ति के लिए ऐतिहासिक आख्यानों को सावधानीपूर्वक तैयार किया गया। भारत की विविध सांस्कृतिक और बौद्धिक परंपराओं को व्यवस्थित रूप से हाशिए पर रखा गया। इन सभी ने एक ऐसी शिक्षा प्रणाली बनाने में योगदान दिया जो भारत के गौरवशाली अतीत से कटी रही और सभ्यतागत लोकाचार रहित रही।प्रधान ने कहा कि आने वाला दशक एक शैक्षिक पुनर्जागरण का गवाह बनेगा जो भारत के अतीत का सम्मान करते हुए भविष्य को निडरता से गले लगाएगा। भारत की शिक्षा प्रणाली अंततः औपनिवेशिक छाया और वैचारिक कैद से मुक्त हो गई है।

**पाठ्यपुस्तकों में क्रांतिकारियों के योगदान को कम करके दिखाया**

प्रधान ने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद जैसी संस्थाएं उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के बजाय नियंत्रण के साधन बन गई हैं तथा विश्वविद्यालयों में नेतृत्व के लिए नियुक्तियां राजनीतिक निष्ठा पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि पाठ्यपुस्तकों में जान-बूझकर शहीद भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, वीर सावरकर और अन्य क्रांतिकारियों के योगदान को कम करके दिखाया गया है, जबकि विदेशी आक्रमणों के बारे में असहज ऐतिहासिक सच्चाइयों को दर्शाया गया है।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान का सोनिया को जवाब

### एनईपी 2020 जनता की, जनता द्वारा और जनता के भविष्य के लिए नीति

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि भ्रष्टाचार और शासन की कमी देश के शैक्षिक अतीत की परिभाषित विशेषताएं थीं और एनईपी 2020 इस अपमानजनक अतीत से एक निर्णायक विराम का प्रतिनिधित्व करती है। इसका बचाव करते हुए प्रधान ने कहा कि यह इस कलंकित अतीत से एक निर्णायक विराम का प्रतिनिधित्व करती है और भारत के नीति इतिहास में सबसे व्यापक लोकतांत्रिक परामर्श का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पहुंच, समानता, गुणवत्ता, सामर्थ्य और जवाबदेही के पांच स्तंभों पर आधारित, एनईपी 2020 लोगों की, लोगों द्वारा और लोगों के भविष्य के लिए एक नीति है।

**सोनिया ने गलत एजेंडा बताया था**



सोनिया गांधी ने हाल ही में मोदी सरकार पर एक ऐसे एजेंडे पर चलने का आरोप लगाया, जो शिक्षा के क्षेत्र में नुकसानदेह नतीजों की ओर ले जा रहा है। सोनिया ने कहा कि आज भारतीय शिक्षा को तीन सी का सामना करना पड़ रहा है- केंद्रीकरण, व्यावसायीकरण और सांप्रदायीकरण।

## खबर संक्षेप

### पाथर प्रतिमा विस्फोट का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता।** वेस्ट बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां पाथर प्रतिमा में



हुए विस्फोट के मुख्य आरोपी को पुलिस ने बुधवार को अरेस्ट कर लिया है। इस विस्फोट में आठ लोग मारे गए थे। मुख्य आरोपी चंद्रकांत बानिक पटाखा निर्माण इकाई का मालिक है। इस सिलसिले में यह पहली गिरफ्तारी है।

### दिल्ली मेट्रो में सीट को लेकर भिड़ गई महिला

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो में पैसेंजर्स के बीच लड़ाई-बहस के वीडियो आए दिन सोशल मीडिया



पर वायरल होते रहते हैं। वायरल वीडियो में महिलाएं मेल पैसेंजर से सीट के लिए झगड़ा करते दिख रही हैं। जनकपुरी वेस्ट के पास ब्लू लाइन पर हुई, जहां बैठा शख्स महिलाओं के ग्रुप के साथ बहस में उलझ गया।

### दिल्ली के द्वारका में धू-धू कर जल गईं 11 कारें

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका सेक्टर-24 इलाके में बुधवार तड़के एक गैराज धू-धू कर जल गया। 11



कारें जलकर खाक हो गईं। एक अधिकारी ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 9 गाड़ियां भेजी गईं। दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग ने बताया कि लगभग 3बजे धुल सिरस स्थित एक गैराज में आग लगने की सूचना मिली।

### लालू यादव पटना के अस्पताल में भर्ती

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना से बड़ी खबर है। आरजेडी सुप्रीमो



लालू यादव को अचानक पटना के पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बुधवार सुबह से ही लालू यादव की तबीयत खराब थी। इसके बाद यादव को आनन-फानन में पटना के पारस हॉस्पिटल में ले जाया गया है।

## वक्फ बिल पर चर्चा के दौरान विपक्ष पर भड़के अनुराग, पहले का 'काला इतिहास' ही खोल दिया

### इस के अंतिम संस्कार का समय आ गया

# यहां मुगलिया फरमान नहीं चलेगा, बाबा साहेब का संविधान चलेगा, ये हिंदुस्तान है, पाकिस्तान या तालिबान नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वक्फ बिल को लेकर संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जोरदार बहस देखने को मिली। जहां सत्तापक्ष इसे गरीबों और मुस्लिम समुदाय के हित में बता रहा है, वहीं विपक्ष ने इसे जनता का ध्यान मूल मुद्दों से भटकाने और सत्ताधारी दल के फायदे का हथियार करार दिया है। चर्चा में शामिल होते हुए भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि वक्फ को बदलने के वक्त आ गया है, क्योंकि ये अत्याचार और भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। भारत को वक्फ के खौफ से आजादी चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां कह दिया जाता था कि यह वक्फ की जमीन है, वह जमीन वक्फ की हो जाती थी। लोगों की जमीन पर कब्जा कर लिया जाता था। इसका मतलब ये होता था कि खाता न बही, जो वक्फ बोर्ड कहे वही सही। ये विधेयक नहीं एक उम्मीद है। ठाकुर ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस एक बार फिर से भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही है। यह साफ संदेश है कि मोदी राज में देश का कानून ही चलेगा। यह हिंदुस्तान है, पाकिस्तान या तालिबान नहीं। यहां मुगलिया फरमान नहीं चलेगा, बाबा साहेब का संविधान चलेगा।

> ठाकुर ने कहा कि वक्फ को बदलने के वक्त आ गया है, क्योंकि ये अत्याचार और भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। भारत को वक्फ के खौफ से आजादी चाहिए। पहले कह दिया जाता था यह वक्फ की जमीन है।

### वक्फ को बदलने का वक्त आ गया, क्योंकि ये अत्याचार-भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया

**मात्र 200 लोगों के हाथ में वक्फ की संपत्ति**



भाजपा सांसद ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मुस्लिम और महिला विरोधी है। मात्र 200 लोगों के हाथ में वक्फ की संपत्ति है। कांग्रेस के समय बना वक्फ कानून

### ये बिल भ्रष्टाचार के खिलाफ

ठाकुर ने कहा कि यह कानून हिंदू बनाम मुस्लिम नहीं है। यह भ्रष्टाचार के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि यह बिल कांग्रेस पार्टी के ताबूत में आखिरी कील का काम करेगा।उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड का मकसद मुस्लिम समुदाय के कल्याण के लिए संपदा का प्रबंधन करना था, लेकिन कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों ने अपारदर्शी और गैरजिम्मेदाराना तरीके से राजनीतिक संरक्षण देते हुए एक ऐसा साम्राज्य बनाया, जहां पर इसको अपने वोट बैंक का एटीएम बना दिया। देश ने 1947 में एक विभाजन देखा है, आज फिर से हम जमीन जेहाद के नाम पर विभाजन नहीं होने देंगे।

**कर्नाटक सरकार पर करोड़ों कमाने का दावा किया, लालू ने भी आरोप लगाया था**

ठाकुर ने कांग्रेस की कर्नाटक सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। दावा किया कि कांग्रेस सरकार वक्फ अधिनियमों के जरिए हर साल 440 करोड़ रुपए कमा रही है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा, क्या आपने किसी मस्जिद या मदरसे का पैसा लिया? आपको इसका जवाब देना चाहिए. ठाकुर ने कहा कि वक्फ के नाम पर कई लोगों की जमीन छीनी गई है। लालू यादव ने भी आरोप लगाया था कि पटना के डाकबंगले की जमीन वक्फ बोर्ड ने हड़प ली थी।

**अखिलेश ने कहा**

### वक्फ बिल को नाकामी पर पर्दा बताया



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि वक्फ बिल नाकामी पर पर्दा है। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर नाकाम। रातोंरात नोटबंदी का फैसला लिया। नोटबंदी की नाकामी पर भी चर्चा जरूरी है। यादव ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और किसान की आय दोगुनी नहीं कर पाए, उस पर भी चर्चा होनी चाहिए। बिल मुसलमानों के खिलाफ है।

**भाजपा के रविशंकर बोले**

### वक्फ बोर्डों में पिछड़े मुसलमानों को प्रतिनिधित्व नहीं



लोकसभा में वक्फ विधेयक पर चर्चा के दौरान भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष संविधान उल्लंघन का आरोप लगा रहा है, लेकिन अगर आप कानून के किसी हिस्से का उल्लेख करते हैं तो पूरे तथ्य का उल्लेख करें। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि ये विधेयक संविधान के अनुरूप है। उन्होंने ये भी कहा कि वक्फ बोर्डों में पिछड़े वर्ग के मुसलमानों को प्रतिनिधित्व नहीं दिया जाता। यह खुद अपने आप में संविधान में मिले अधिकारों का उल्लंघन है।

**ललन ने दिखाया आईना**

### आपने जो पाप किया था पीएम पारदर्शिता ला रहे



जेडीयू सांसद और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने संसद में विधेयक का समर्थन किया है। सिंह ने कहा कि माहौल बनाया जा रहा कि वक्फ संशोधन विधेयक मुस्लिम विरोधी है। गलत जानकारी दे रहे। यह मुसलमान विरोधी है, कहीं से ये मुसलमान विरोधी नहीं है। सिंह ने कहा कि मोदीजी को लोग कोस रहे हैं, उनका चेहरा पसंद नहीं आ रहा है तो मत देखिए उनकी तरफ। 2013 में आपने जो पाप किया था, उसे समाप्त करके पारदर्शिता लाने का काम किया है।

**अखिलेश की टिप्पणी पर शाह का कसा तंज**

### आप 20-25 साल अध्यक्ष रहेंगे



अखिलेश यादव ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि अभी तक ये पार्टी अभी तक अपने अध्यक्ष का चुनाव नहीं कर सकी है। इस पर गृह मंत्री अमित शाह ने चुटकी लेते हुए कहा कि भाजपा के 10-12 करोड़ पंजीकृत सदस्य हैं, इसलिए राष्ट्रीय अध्यक्ष के लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव में थोड़ा समय लग रहा है, लेकिन मैं ये बात गारंटी से कह सकता हूं कि आपकी पार्टी में अध्यक्ष के चुनाव में बिल्कुल भी समय नहीं लगेगा। आप 20-25 साल अध्यक्ष रहेंगे। अमित शाह की टिप्पणी पर अखिलेश यादव भी मुस्कुराते हुए नजर आए।

**सिब्बल का बयान**

### सिर्फ मुसलमानों को टारगेट किया जा रहा



राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने हिंदू धर्म की खामियां गिनाकर सरकार से उसमें सुधार करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सुधार की तो हर धर्म में जरूरत है, लेकिन सिर्फ मुसलमानों को ही टारगेट किया जा रहा है। कपिल सिब्बल ने कहा कि इस्लाम, हिंदू, ईसाई या कोई और धर्म हो, हर जगह सुधार की जरूरत है। हम 2014 के बाद से देख रहे हैं कि एक समुदाय को टारगेट किया जा रहा है।

**जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की चीफ का बड़ा दावा**

### यह किसी भी तरह मुसलमानों के खिलाफ नहीं



भाजपा नेता और जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की अध्यक्ष दरख्शां अंद्राबी ने कहा कि विधेयक मुसलमानों के कल्याण के लिए पेश किया जा रहा है। ये मुसलमानों के खिलाफ नहीं है। जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की अध्यक्ष डॉ. दरख्शां अंद्राबी ने कहा कि ऐसा नहीं लगा रहा कि संसद में पेश किया गया विधेयक मुसलमानों के खिलाफ है।

### हमारे नेता पर हमला कर रहे : वेणुगोपाल



ठाकुर के आरोपों पर कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि वे सदन को गुमराह कर रहे हैं और हमारे नेता पर हमला कर रहे हैं। वह अपनी जातिवादी सोच सामने ला रहे हैं। ठाकुर ने पलटवार करते हुए कहा कि मैंने किसी की जाति का जिक्र नहीं किया, लेकिन आपने अपने असली रंग दिखा दिए। आप पारदर्शिता नहीं चाहते।

## यूसीसी में लिव-इन की एज लिमिट 18 साल

# उत्तराखंड हाई कोर्ट में 'इस पर' बहस तेज, सरकार से 48 घंटे में जवाब मांगा

### 6 से अधिक याचिकाएं दायर कीं

एजेंसी ▶▶ नैनीताल

हाई कोर्ट ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) कानून की संवैधानिकता सहित उसके प्रविधानों को चुनौती देती याचिकाओं पर राज्य सरकार की ओर से समय मांगने पर 48 घंटे के भीतर जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने सभी याचिकाओं पर एक साथ अगली सुनवाई तिथि 22 अप्रैल नियत कर दी। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ के समक्ष यूसीसी को चुनौती देती आधा दर्जन से अधिक याचिकाएं दायर हैं।

**लिव इन रिलेशनशिप में उम्र 18 वर्ष निर्धारित**



याचिका में कहा गया है कि जहां सामान्य शादी के लिए लड़के की उम्र 21 व लड़की की 18 वर्ष होनी आवश्यक है जबकि लिव इन रिलेशनशिप में दोनों की उम्र 18 वर्ष निर्धारित की गई है। ऐसे रिश्ते से पैदा होने वाले बच्चे कानूनी कहे जाएंगे या अवैध माने जाएंगे।

**22 अप्रैल को होगी सुनवाई :** नैनीताल हाईकोर्ट में यूसीसी को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई हुई। खंडपीठ ने अगली सुनवाई के लिए 22 अप्रैल की तिथि तय की है। राज्य सरकार ने अपना पक्ष रखने के लिए अतिरिक्त समय की मांग की थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया।

## दंगे में 3 ब्रिटिश नागरिकों की हत्या, सभी बरी

**अहमदाबाद।** गुजरात हाईकोर्ट ने 2002 के गुजरात दंगों के दौरान तीन ब्रिटिश नागरिकों और उनके



भारतीय चालक की हत्या के आरोपी 6 लोगों को 2015 में बरी किए जाने के फैसले को बरकरार रखा है। न्यायमूर्ति एवाई कोगजे और समीर जे दवे ने अभियोजन पक्ष के साक्ष्य को दोषसिद्धि के लिए अपर्याप्त पाया, तथा सत्र न्यायालय द्वारा जारी फैसले को बरकरार रखा।

## 'शिशु वाटिका' पहल का शुभारंभ



**माझी ने मध्याह्न भोजन परोसा**

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भुवनेश्वर के एक सरकारी स्कूल में नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत राज्य के सभी स्कूलों में 5-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को प्री-स्कूल शिक्षा का विस्तार करने के लिए 'शिशु वाटिका' पहल के शुभारंभ के दौरान छात्रों को मध्याह्न भोजन परोसा।

## केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री गडकरी ने कहा

# 2029 तक एनएच किनारे 700 'वे-साइड एमेनिटीज' बनेंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को बताया कि राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे 700 से अधिक वे-साइड एमेनिटीज (डब्ल्यूएसए) का निर्माण 2028-2029 तक पूरा होने की संभावना है। वे-साइड एमेनिटीज में फ्यूल स्टेशन, इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन, शौचालय, पेयजल, पार्किंग, ढाबा/रेस्तरां/भोजनालय आदि जैसी सुविधाएं शामिल हैं। गडकरी ने राज्यसभा में कहा कि अब तक राष्ट्रीय राजमार्गों/एक्सप्रेसवे के किनारे 501 वे-साइड एमेनिटीज का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इनमें से 94 वे-साइड एमेनिटीज चालू हो चुके हैं।

### राष्ट्रीय राजमार्गों/एक्सप्रेसवे के किनारे 501 वे-साइड एमेनिटीज का काम पूरा

**डिजिटल फीडबैक सिस्टम को इंस्टॉल किया**




नेशनल हाइवेज लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड के जरिए सरकार लगभग 40-60 किमी के अंतराल पर वे-साइड एमेनिटीज का निर्माण करने की योजना बना रही है। बेहतर निगरानी के उद्देश्य से वे-साइड एमेनिटीज में एक डिजिटल फीडबैक सिस्टम को इंस्टॉल किया गया है।

**छोटी दुकानों और स्टॉल के लिए क्षेत्र आवंटित किए :** वे-साइड एमेनिटीज का संचालन निजी बोली के माध्यम से चुने गए ऑपरेटरों द्वारा किया जाता है। रोजगार के अवसर पैदा करने और स्थानीय कारीगरों को बढ़ावा देने के लिए, डेडिकेटेड कवर्ड जोन में अनिवार्य सुविधाओं के हिस्से के रूप में छोटी दुकानों और स्टॉल के लिए क्षेत्र आवंटित किए गए हैं।

**राजस्थान को दिया बड़ा तोहफा**

### बनेंगे 21 नेशनल हाईवे खर्च होंगे 5000 करोड़

राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया है कि प्रदेश में 21 नेशनल हाईवे परियोजनाओं के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा लगभग 5,000करोड़ की लागत की नई परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। सड़कों के लिए 17,384 करोड़ का प्रावधान किया गया है। परियोजना के तहत नागौर नेत्रा सड़क के4 लेन का कार्य, रायपुर जस्साखेड़ा, गंगापुर सिटी बाइपास, करौली बाइपास सहित विभिन्न सड़कों का निर्माण सार्वजनिक निर्माण विभाग से कराया जाएगा।

## ऑटिज्म पीड़ित बच्चों ने किया कमाल

# 3 साल के जुड़वां भाइयों ने बनाए 5 विश्व रिकॉर्ड और टॉप टैलेंट अपने नाम किया

### ज्ञान, बातचीत, बुद्धि और शारीरिक विकास की मिसाल बने

एजेंसी ▶▶

ऑटिज्म स्पैक्ट्रम से प्रभावित तीन साल के जुड़वां भाइयों ने पांच विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं। अमेरिका बुक ऑफ रिकॉर्ड का टॉप टैलेंट का खिताब भी जीत लिया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके ये विश्व रिकॉर्ड और खिताब दोनों बच्चों के ज्ञान, बातचीत, बुद्धि, शारीरिक और मानसिक विकास की पहचान ही नहीं मिसाल बन चुके हैं। 3 साल के ये बच्चे शारीरिक रूप से 4 साल, शैक्षणिक दृष्टि से 3 साल और व्यावहारिक तौर पर 5 साल के लगते हैं।

**वैज्ञानिक माता-पिता की मेहनत प्रेरणादायक बनी**



ये अपनी आयु वर्ग के बच्चों से काफी आगे निकल चुके हैं। इनकी इस शानदार स्वास्थ्य सुधार और विकास के पीछे इनके वैज्ञानिक माता-पिता की कड़ी मेहनत है, जो दूसरों के लिए प्रेरणादायक है।

**वैज्ञानिक दंपती ने दूसरे बच्चों की मदद करने का बीड़ा उठाया**

अब वैज्ञानिक दंपती इस बीमारी से पीड़ित दूसरे बच्चों की मदद करने का बीड़ा उठा चुके हैं। विश्व ऑटिज्म दिवस बुधवार को है, ऐसे में हम बात कर रहे हैं करनाल जिले के पाढ़ा गांव निवासी डॉ. सुनील बंसल और डॉ. शिवानी बंसल की। दोनों अब अमेरिका के वॉशिंगटन डीसी शहर में रहते हैं और दोनों ही वैज्ञानिक हैं।

जबलपुर
गुरुवार, 3 अप्रैल 2025
■ चैत मास शुक्ल पक्ष-5
■ वर्ष : 19, अंक : 327
■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 29
न्यून. 22

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



04 भारत के नए वैश्विक व्यापार समीकरण

मैट्रो
14 ई-एफआईआर में जबलपुर पुलिस...




• खून की कमी • पेडू में दर्द • कमर कटना • तनाव • चिड़चिड़ापन

90 वर्षों से महिलाओं की No.1 औषधि व टॉनिक

• कमज़ोरी • हथेली व तलवों में जलन • खून साफ़ करे • रूप निखारे

आदि में सहायक





पूरे माह रहें एक्टिव, फिट व स्वस्थ

हेमपुष्पा

Helpline: 011-23261111


IPL आज का मुकाबला

कोलकाता हैदराबाद

शाम 7.30 बजे से

**षष्ठम : माता कात्यायनी**



चंद्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।
कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी दानवघातिनी।।

### सरकार मुश्किल घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी : मुख्यमंत्री

*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गुजरात के बनासकांठा स्थित पटाखा फैक्ट्री दुर्घटना अत्यंत दुःखद और कष्टदायी है। राज्य सरकार पूरी सक्रियता एवं तत्परता के साथ मुश्किल घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। पीड़ितों की सहायता के लिए राज्य सरकार की ओर से अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान सहित पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी दुर्घटनास्थल पर पहुंचे हैं। मृतकों की पार्थिव देह उनके गृहग्राम एवं परिजन तक पहुंचाने की सभी जरूरी व्यवस्थाएं तेजी से की गई हैं।*

## मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की बैठक में सीएम डॉ. यादव का बड़ा ऐलान

# अगले तीन वर्ष में मप्र की सभी बसाहटों तक पहुंच जाएगी सड़क

प्रधानमंत्री जन मन योजना में मप्र ने बनाई देश की पहली सड़क

◆ सीएम ने कहा कि सभी जिलों में सड़कों की आवश्यकता का वैज्ञानिक आधार पर सर्वे सुनिश्चित कर कार्य-योजना बनाई जाएगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में जहां भी बसाहट (आबादी) होगी, सरकार उन सभी बसाहटों को सड़कों से जोड़ने जा रही है। यानी अब कोई भी गांव, टोला-मजरा सड़क विहीन नहीं रहेगा। हर गांव तक चमचमाती हुई सड़क जाएगी। सड़कों की जरूरत के संबंध में विधायकों और पंचायत प्रतिनिधियों का अभिमत अनिवार्य रूप से लिया जाएगा। राज्य सरकार अगले तीन वर्ष में प्रदेश की सभी बसाहटों को सड़कों से जोड़ देगी। सभी जिलों में सड़कों की आवश्यकता का वैज्ञानिक आधार पर सर्वे सुनिश्चित कर कार्य-योजना बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यों की समीक्षा के दौरान यह बात कही। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रह्लाद पटेल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अतिवृष्टि, बाढ़ तथा

**जनप्रतिनिधियों का भी लेना होगा अभिमत**

अब टोला-मजरा सड़क विहीन नहीं रहेगा

सड़कों के संधारण और उन्नयन में भारत सरकार से प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने में मप्र देश में प्रथम



**देश की पहली सड़क का निर्माण बालाघाट जिले के परसवाड़ा में**

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत पांडाटोला से बीजाटोला तक देश की पहली सड़क का निर्माण बालाघाट जिले के परसवाड़ा क्षेत्र में किया गया है। सड़कों के संधारण और उन्नयन के लिए भारत सरकार से प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने में प्रदेश, देश में प्रथम रहा है। प्रदेश में मार्गों के संधारण के लिए वर्ष 2015-16 से लागू ई-मार्ग पोर्टल की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना हुई तथा केंद्र सरकार की ओर से इसे संपूर्ण देश में नेशनल ई-मार्ग के रूप में लागू किया गया है।

### मप्र को मिली 4 सड़क परियोजनाओं की सौगात

**मुख्यमंत्री ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी का जताया आभार**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मप्र को 4 सड़क परियोजनाओं की मंजूरी देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी ने बुधवार को मप्र के लिए 4 महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं की कुल लागत 4302.93 करोड़ रुपए है। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर मप्र को मंजूर की गई इन परियोजनाओं की जानकारी साझा की है।

**इन सड़क परियोजनाओं को मिली मंजूरी**

- ▶▶ भोपाल जिले में संदलपुर से नसरुल्लागंज बायपास तक (राष्ट्रीय राजमार्ग-146बी) के 43.200 किमी खंड को 4-लेन में बदलने के लिए 1535.66 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है।
- ▶▶ विदिशा और सागर जिले में राहतगढ़ से बेरखेड़ी तक (राष्ट्रीय राजमार्ग-146) के 10.079 किमी हिस्से को 4 लेन बनाने के लिए 731.36 करोड़ रुपए मंजूरी दी गई है।
- ▶▶ सागर जिले में लहदरा गांव जंक्शन से बेरखेड़ी गुरु गांव जंक्शन तक (राष्ट्रीय राजमार्ग-146 से राष्ट्रीय राजमार्ग-44) ग्रीनफील्ड 4-लेन सागर पश्चिमी बायपास (20.193 किमी) के निर्माण के लिए 688.31 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए।
- ▶▶ ग्वालियर शहर के पश्चिमी हिस्से में 28.516 किमी लंबाई के एक्सेस कंट्रोल्ड 4-लेन बायपास के निर्माण के लिए केंद्र सरकार ने 1347.6 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है।

*प्रीलिम्स एग्जाम की कट ऑफ मार्क्स रिपोर्ट पेश करने के निर्देश*

# एमपी पीएससी मुख्य परीक्षा 2025 पर हाईकोर्ट की रोक

अगली सुनवाई 15 अप्रैल को



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मध्यप्रदेश राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2025 पर बुधवार को जबलपुर हाईकोर्ट ने अंतरिम रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए प्रीलिम्स परीक्षा के कैटेगरी वाइज कट ऑफ मार्क्स की रिपोर्ट पेश करने के भी निर्देश दिए हैं। आरक्षित वर्ग के मेरिटोरियस छात्रों को अनारक्षित वर्ग में न चुने जाने को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। अगली सुनवाई 15 अप्रैल को होगी। एमपी पीएससी ने 5 मार्च 2025 को 158 पदों के लिए प्रारंभिक भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित किया था। जिसमें वर्गवार कट ऑफ मार्क्स जारी नहीं किए गए थे। जबकि इससे पहले की सभी परीक्षाओं में वर्गवार कट ऑफ अंक जारी किए जाते रहे हैं। याचिका भोपाल निवासी सुनीता यादव, नरसिंहपुर निवासी पंकज जाटव और बैतूल निवासी रोहित कावड़े ने लगाई है। ये ओबीसी, एससी और एसटी वर्ग के अभ्यर्थी हैं। इन्हें मुख्य परीक्षा में चयन से वंचित कर दिया गया है। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के अलग-अलग फैसलों को बायपास करते हुए पीएससी ने अनारक्षित पदों के खिलाफ आरक्षित वर्ग के प्रतिभावान अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए चयनित नहीं किया है। अनारक्षित पद सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित करके प्रारंभिक परीक्षा का रिजल्ट जारी किया है। कोर्ट को बताया गया कि आयोग ने इस असंवैधानिक गलती को छिपाने के मकसद से 2025 की प्रारंभिक परीक्षा में कट ऑफ मार्क्स भी जारी नहीं किए गए हैं।

कॉमेडियन कामरा ने बैंक कर्मी से मांगी माफी

## कहा-मुझे बहुत खेद है



**मुंबई।** कुणाल कामरा ने बुधवार को एक बैंक कर्मी से माफी मांगी, जिसे मुंबई पुलिस द्वारा कॉमेडियन के खिलाफ दर्ज मानहानि मामले में गवाह के रूप में बुलाए जाने के कारण अपनी छुट्टी अधूरी छोड़कर लौटना पड़ा। पुलिस ने बुधवार को बताया कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर कथित तौर पर कटाक्ष करने के मामले में कॉमेडियन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इसी को लेकर शो में शामिल होने वाले बैंकर को गवाह के तौर पर बुलाया गया है। नवी मुंबई के 46 वर्षीय एक बैंक कर्मचारी अपने 17 दिन के अवकाश पर तमिलनाडु और केरल गए थे। उनकी यह यात्रा 21 मार्च से 6 अप्रैल तक की थी, लेकिन मुंबई पुलिस द्वारा गवाह के रूप में बुलाए जाने के बाद उन्हें अपनी छुट्टी बीच में ही छोड़कर लौटना पड़ा।

**मंडला में पुलिस-नक्सली मुठभेड़**

## 14-14 लाख की इनामी दो महिला नक्सली ढेर की गईं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंडला जिले में बुधवार सुबह पुलिस के साथ मुठभेड़ में 14-14 लाख रुपए की इनामी दो महिला नक्सली मारी गईं। मौके से एक सेल्फ-लोडिंग राइफल (एसएलआर), एक साधारण राइफल, एक वायरलेस सेट और कुछ दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद की गई हैं। अन्य नक्सलियों की तलाश में अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाना ने बताया कि जिले के बिछिया थाना क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई।

**सुरक्षा बलों को उनकी बहादुरी और साहस के लिए बधाई : सीएम**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि दोनों नक्सलियों पर 14-14 लाख रुपए का इनाम था। उन्होंने कहा कि मैं सुरक्षा बलों को उनकी बहादुरी और साहस के लिए बधाई देता हूं। यह सफलता निश्चित रूप से पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में मार्च 2026 तक भारत को नक्सल समस्या से पूरी तरह मुक्त करने के संकल्प को गति प्रदान करेगी। देश और मध्य प्रदेश बहुत जल्द आतंकवाद, नक्सलवाद और उग्रवाद से पूरी तरह मुक्त होने वाला है।

**चलती ट्रेन में हुई तलवारबाजी**

## सीट को लेकर हुआ विवाद तो सिख ने युवक को किया घायल

सचखंड एक्सप्रेस ट्रेन में वारदात



एजेंसी ▶▶ मथुरा

मथुरा में चलती ट्रेन में सीट को लेकर सिख और एमआर का काम करने वाले एक युवक के बीच में बहस हो गई। दरअसल, महाराष्ट्र के नांदेड़ से पंजाब के अमृतसर जाने वाली सचखंड एक्सप्रेस ट्रेन में आगरा से एमआर का काम करने वाला युवक प्रवीण जनरल कोच में चढ़ा। इसके बाद सीट पर बैठने को लेकर वहां कुछ सिखों से उसकी बहस हो गई। इस विवाद में उस पक्ष में से एक सिख ने अपने पास रखे तलवार से उस युवक पर हमला कर दिया जिसमें वो बुरी तरह से घायल हो गया। तलवारबाजी की घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे पुलिस मौके पर पहुंच गई और 4 आरोपियों को हिरासत में ले लिया। इस घटना से ट्रेन के अंदर हड़कंप मच गया। पुलिस ने बताया कि आगरा से जा रही एक ट्रेन के जनरल कोच में सीट को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद आपस में झगड़ा हो गया। इसमें एक आदमी घायल हो गया जिसे जीआरपी ने अस्पताल में भर्ती करवा दिया है।

**16 साल बाद फर्जी एनकाउंटर का भंडाफोड़**

## सीबीआई ने डीएसपी और सिपाही को दबोचा, कुख्यात बंशी गुर्जर को मारने का किया था दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नीमच



सीबीआई ने 16 साल पुराने फर्जी एनकाउंटर केस में डीएसपी ग्लैडविन एडवर्ड कार और प्रधान आरक्षक नीरज प्रधान को गिरफ्तार किया है। दोनों पर 2009 में नीमच के कुख्यात तस्कर बंशी गुर्जर को एनकाउंटर में मारने का झूठा दावा करने का आरोप है। जबकि बंशी 2012 में उज्जैन के दानीगेट से जिंदा पकड़ा गया था। यह मामला हाई कोर्ट के आदेश पर सीबीआई को सौंपा गया था। जांच दिल्ली की क्राइम यूनिट-1 कर रही है। मंगलवार को जांच अधिकारी ने दोनों को बयान के लिए बुलाया था। तीन घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तारी की गई। दोनों के मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। ग्लैडविन इस समय गुनौर (पन्ना) में एसडीओपी है। नीरज प्रधान 1 माह पहले नीमच में पदस्थ थे, उनका ट्रांसफर उज्जैन किया था, लेकिन नीरज ने ज्वाइन नहीं किया। दोनों एनकाउंटर टीम के अहम सदस्य थे। टीम ने एनकाउंटर का दावा किया था।

**गुना में दर्दनाक मामला**

## पहले दो साल के बेटे को फांसी लगाई, फिर खुद फंदे से झूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना



■ पिता बोले बेटी से मारपीट करता था दामाद

राघौगढ़ के रामपुरा में एक महिला ने दो साल के बेटे की हत्या करने बाद सुसाइड कर लिया। उसने पहले बेटे को फांसी से लटकाया। फिर खुद फंदे से झूल गई। परिजन का आरोप है कि ससुराल वालों ने बेटी की हत्या की है। है। जानकारी के मुताबिक, 24 साल की शिवानी की शादी रामेश्वर लोधा से हुई थी। उनका दो साल का बेटा शिवाय था। रामेश्वर शराब पीने का आदी था और नशे में पत्नी से आए दिन मारपीट करता था। मंगलवार रात भी पति-पत्नी में विवाद हुआ। इसके बाद शिवानी अपने कमरे में गई और बेटे के साथ फांसी लगा ली।

**एनआईए ने रखा था पांच लाख का इनाम**

## जयपुर को दहलाने की साजिश में शामिल आतंकी फिरोज को रतलाम में दबोचा गया

फिरोज अलसुफा संगठन के पांच मुख्य संस्थापक सदस्यों में से एक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतलाम

जयपुर में सीरियल बम ब्लास्ट की साजिश रचने वाले आतंकी फिरोज को रतलाम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह पिछले तीन साल से एनआईए और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को चकमा दे रहा था।

**12 किलो आरडीएक्स के साथ पकड़े थे तीन आतंकी**



दरअसल, 30 मार्च 2022 को राजस्थान के निंबाहेड़ा में 12 किलो आरडीएक्स के साथ तीन आतंकियों फकीर मोहम्मद अल्तमस खान और सरफुद्दीन उर्फ सैफुल्ला को पकड़ा था। वे कार से जयपुर में सीरियल ब्लास्ट के लिए आरडीएक्स ले जा रहे थे। इन्होंने साजिश में 11 आतंकियों के शामिल होने की बात कबूली थी।

**नागपुर से इंदौर जा रहे थे मुनि**

## पैदल जा रहे जैन मुनि को आयशर वाहन ने रौंदा, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



■ आज नागपुर में होगी श्रद्धांजलि सभा

खंडवा में इंदौर-ऐदलाबाद नेशनल हाईवे पर बुधवार सुबह दर्दनाक हादसे में जैन मुनि गजेंद्र मुनि महाराज की मौत हो गई। वे नागपुर से पैदल विहार करते हुए इंदौर जा रहे थे, उनके साथ दो अन्य जैन मुनि भी थे। रास्ते में ग्राम मोकलगांव टोल टैक्स के पास एक तेज रफ्तार आयशर वाहन ने उन्हें रौंद दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा सुबह करीब 8 बजे हुआ। आयशर वाहन की टक्कर इतनी तेज थी कि जैन मुनि की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के तुरंत बाद ड्राइवर वाहन लेकर फरार हो गया।

मुरैना में लड़की को जबरन ले गए हथियारबंद लोग

## परिजनों को पीटा, फायरिंग की शादी के लिए बना रहे थे दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना



■ लड़का पसंद नहीं होने के कारण शादी से किया था इनकार

मुरैना में 12 से ज्यादा हथियारबंद लोग 14 साल की लड़की को जबरन अपने साथ ले गए। वारदात हिंगोना खुर्द ग्राम पंचायत में मंगलवार-बुधवार की रात करीब 12 बजे की है। लड़की के परिजन ने बुधवार सुबह सिविल लाइन थाने पहुंचकर शिकायत की। एएसपी सुरेंद्र पाल सिंह दरबार ने कहा कि बच्ची को जबरन ले जाने का मामला सामने आया है। उसकी उम्र के संबंध में कोई स्पष्ट कागज नहीं मिले हैं। जांच की जा रही है। वहीं, परिजनों का कहना है कि 7 साल पहले बेटी की शादी कैमरा गांव के नेने नामक युवक से तय हुई थी।

**माइकल पात्र की जगह लेंगी**

## पूनम गुप्ता बनीं आरबीआई की नई डिप्टी गवर्नर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ पीएम मोदी की टीम में कर चुकी हैं काम

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) को आखिरकार अपना नया डिप्टी गवर्नर मिल गया है। केंद्र सरकार ने डॉ. पूनम गुप्ता को इस अहम पद की जिम्मेदारी सौंपी है, उनका कार्यकाल 3 साल का होगा और वो जनवरी में रिटायर हुए माइकल पात्र की जगह लेंगी। ये नियुक्ति ऐसे समय में हुई है, जब 7 से 9 अप्रैल तक आरबीआई की मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी (एमपीसी) की बैठक होने वाली है। केबिनेट की अपॉइंटमेंट कमेटी ने उनकी नियुक्ति को हरी झंडी दे दी है।

डॉ. पूनम गुप्ता का नाम अर्थशास्त्र की दुनिया में काफी जाना-पहचाना है।

## चिंतन

# वक्फ संशोधन न धार्मिक हस्तक्षेप, न असंवैधानिक

वक्फ संशोधन विधेयक धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं है और न ही असंवैधानिक है। इस विधेयक के कानून बनने के बाद वक्फ संशोधन अधिनियम अस्तित्व में आएगा, जिसके बाद वक्फ बोर्ड के लिए संपत्ति प्रबंधन करना आसान हो जाएगा। वक्फ संशोधन विधेयक 2024 लोकसभा में पेश किया गया है, जिसके बाद से देश में सियासी पारा गर्म है। सरकार ने इसे सुधारात्मक कदम बताया है तो विपक्ष इस बिल को मुस्लिमों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप बताकर इसका तीखा विरोध कर रहा है। सरकार के मुताबिक इस विधेयक का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के कामकाज में सुधार, जटिलताओं को दूर करना, पारदर्शिता सुनिश्चित करना और प्रौद्योगिकी-संचालित प्रबंधन शुरू करना है। विपक्षी दलों ने इसे असंवैधानिक और मुस्लिम समुदाय के हितों के खिलाफ बताया है। दीगर बात तो यह है कि पहली बार नहीं है, जब वक्फ कानून में संशोधन हो रहा है। देश में पहला वक्फ अधिनियम 1954 में बनाया गया था। इसी के तहत वक्फ बोर्ड का गठन किया गया था। 1955 में पहला संशोधन किया गया। 1995 में नया वक्फ कानून बनाया गया था। इसके तहत राज्यों को वक्फ बोर्ड गठन की शक्ति दी गई। वर्ष 2013 में वक्फ अधिनियम में संशोधन किया और धारा-40 जोड़ी गई। मौजूदा वक्फ अधिनियम की धारा-40 वक्फ बोर्ड और ट्रिब्यूनल को किसी संपत्ति को अपनी जमीन घोषित करने की ताकत देता है। इसके तहत बोर्ड को रिजन टू बिलीव की ताकत मिली है। वक्फ बोर्ड को यह तय करने का अधिकार है कि कोई संपत्ति वक्फ की है या नहीं। अभी तक वर्ष 1955 में, वर्ष 1995 में और वर्ष 2013 में वक्फ अधिनियम में संशोधन हो चुका है या कानून बदला गया है। यह संसद से हुआ है, इसलिए मौजूदा संशोधन असंवैधानिक नहीं है। संसद को इसमें बदलाव करने का अधिकार है। देशभर में वक्फ बोर्ड के पास आठ लाख एकड़ से अधिक जमीन है। 2009 में वक्फ बोर्ड के पास कुल 4 लाख एकड़ जमीन थी। 16 वर्ष में जमीन दोगुणी हो गई, कैसे?। देश में कुल 32 वक्फ बोर्ड हैं। हर राज्य में एक वक्फ बोर्ड है। यूपी और बिहार में दो शिया वक्फ बोर्ड भी हैं। वक्फ बोर्ड एक कानूनी इकाई है। वक्फ न्यायाधिकरणों की अभी तक कोई न्यायिक निगरानी नहीं है। इसके चलते कई दुरूपयोग की खबरें आईं। पंजाब वक्फ बोर्ड ने पटियाला में शिक्षा विभाग की जमीन पर दावा ठोक दिया। तमिलनाडु के एक गांव थिरुचिंथुरई पर ही वक्फ ने दावा ठोक दिया, जिससे समूचे गांव के किसान परेशान हुए। वर्ष 2024 में बिहार के गोविंदपुर गांव पर भी वक्फ बोर्ड ने दावा कर दिया। यह मामला अभी कोर्ट में विचाराधीन है। केरल के एर्नाकुलम में 600 ईसाई परिवार की पुश्तैनी जमीन पर वक्फ बोर्ड ने कब्जा कर लिया है। कर्नाटक के विजयपुरा में 15000 एकड़ जमीन पर राज्य वक्फ बोर्ड ने वक्फ जमीन घोषित कर दी। वक्फ अधिनियम केवल एक धर्म पर लागू होता है। किसी अन्य धर्म के लिए ऐसा कोई कानून नहीं है। किसी धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के संविधान में ऐसा कानून संविधान की भावना का उल्लंघन है। दिल्ली उच्च न्यायालय में दाखिल एक जनहित याचिका में वक्फ बोर्ड की संवैधानिक वैधता पर सवाल उठाए गए थे। नए वक्फ विधेयक के बाद धारा-40 खत्म हो जाएगी और वक्फ की मनमानी पर रोक लगेगी। कोई भी कानूनी बोर्ड धार्मिक आधार पर फैसले नहीं कर सकता है। वक्फ एक्ट में संशोधन संवैधानिक है।



## अर्थव्यवस्था

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# भारत के नए वैश्विक व्यापार समीकरण

> भारत और अमेरिका के वरिष्ठ व्यापार प्रतिनिधियों ने दोनों देशों के बीच 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचाने के प्रस्तावित व्यापार समझौते की रूपरेखा और संदर्भ की शर्तों को अंतिम रूप देने के लिए सार्थक वार्ता की है। जहां एक ओर सरकार तेजी से मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों की रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है, वहीं हाल ही में नीति आयोग ने भारत की जीवीसी में 3.3 फीसदी की वर्तमान हिस्सेदारी को तेजी से बढ़ाने के लिए 13 प्रमुख सेक्टरों में सरकार से नीतिगत मदद की जरूरत रेखांकित की है। इनमें मुख्य रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स, केमिकल, ऑटोमोटिव सुरक्षा व ड्रोन, टेक्सटाइल, स्टील, लेदर व फुटवियर आदि शामिल हैं।

यकीनन 2 अप्रैल से लागू डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ की मार से बचने और वैश्विक व्यापार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए भारत नए वैश्विक व्यापार समीकरणों के साथ आगे बढ़ रहा है। हाल ही में 26 से 29 मार्च तक नई दिल्ली में भारत और अमेरिका के वरिष्ठ व्यापार प्रतिनिधियों ने दोनों देशों के बीच 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचाने के प्रस्तावित व्यापार समझौते की रूपरेखा और संदर्भ की शर्तों को अंतिम रूप देने के लिए सार्थक वार्ता की है। जहां एक ओर सरकार तेजी से मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों की रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है, वहीं हाल ही में नीति आयोग ने भारत की वैश्विक मूल्य श्रृंखला (जीवीसी) में 3.3 फीसदी की वर्तमान हिस्सेदारी को तेजी से बढ़ाने के लिए 13 प्रमुख सेक्टरों में सरकार से नीतिगत मदद की जरूरत रेखांकित की है।

इनमें मुख्य रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स, केमिकल, ऑटोमोटिव सुरक्षा व ड्रोन, टेक्सटाइल, सोलर पीवी, कैपिटल गुड्स, स्टील, फूड प्रोसेसिंग, लेदर व फुटवियर, फार्मास्युटिकल्स, टेलीकाम उपकरण और एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरिंग शामिल हैं। गौरतलब है कि भारत की नई वैश्विक व्यापार रणनीति के तहत तीन महत्वपूर्ण बातें उभरकर दिखाई दे रही हैं। एक, लम्बे समय तक व्यापार वार्ता चलाने के बजाय व्यापार वार्ता शीघ्रतापूर्वक पूरी की जाए। दो, व्यापार वार्ता के तहत मुख्य कारोबारी मुद्दों जैसे शुल्क, गैर शुल्क बाधाओं पर शुरुआत में ही प्राथमिकता के साथ विचार मंथन किया जाए। तीन, व्यापार वार्ता में भारत के लिए सिरमौर बने हुए सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) को विशेष रूप से शामिल कराने पर ध्यान दिया जाए। पिछले दिनों 16 मार्च से 20 मार्च तक न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की आधिकारिक भारत यात्रा के दौरान लक्सन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई द्विपक्षीय शिखर बैठक में दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूत करने, विशेष रूप से व्यापार, कृषि, शिक्षा, सेवा क्षेत्र, ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र से जुड़े कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। खास बात यह कि पिछले 10 वर्षों से प्रस्तावित और धीरे-धीरे आगे बढ़ रही भारत-न्यूजीलैंड व्यापार समझौता वार्ता को अब शीघ्रतापूर्वक महज 60 दिन में पूर्ण करना भी सुनिश्चित किया गया है। उल्लेखनीय है कि विगत 28 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी और यूरोपीय आयोग (ईयू) की प्रेसिडेंट उर्सला वोन लेयेन ने दोनों पक्षों के बीच कारोबार एवं आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए मुक्त व्यापार समझौता को लेकर जारी किंतु-परंतु को समाप्त कर दिया है। दोनों नेताओं ने इस बारे में प्रतिबद्धता जताते हुए अपने संबंधित मंत्रालयों को निर्देश दिया कि दोनों पक्षों के हितों के मुताबिक भारत-ईयू व्यापार समझौते पर इस वर्ष 2025 के अंत तक मुहर लगाई जाए। इसी तरह 13 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई वार्ता के दौरान द्विपक्षीय कारोबार को वर्ष 2030 तक 500 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा है। फरवरी में भारत के दौरे पर आए ब्रिटेन के व्यवसाय व कारोबार मंत्री जोनाथन रेनाल्ड्स ने कहा कि भारत के साथ व्यापारिक समझौते का उद्देश्य पांच से छह वर्षों में द्विपक्षीय कारोबार को तीन गुना करना है। ऐसे में भारत ने




ईयू की तरह अमेरिका और ब्रिटेन के साथ भी मुक्त व्यापार व निवेश समझौते को इसी साल 2025 में पूर्ण करने के मद्देनजर रणनीति तय की है। यह उल्लेखनीय है कि इस समय जब दुनिया में द्विपक्षीय व्यापार समझौते नए सिरे से दोबारा अहम हो गए हैं, तब प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल के तहत जून 2024 से आगे बढ़ी व्यापार वार्ताओं को तेजी से पूर्ण करने और व्यापार समझौतों के क्रियान्वयन के लिए तत्परता से आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में यदि हम पलटकर देखें तो पाते हैं कि गत वर्ष 13 से 15 जून को इटली में विकसित देशों के संगठन जी-7 के शिखर सम्मेलन में विशेष आमंत्रित देश के रूप में भारत शामिल हुआ और इस मौके पर सम्मेलन में शामिल प्रमुख देशों के राष्ट्र प्रमुखों के साथ भारत की द्विपक्षीय व्यापार वार्ताएं भी हुईं। विगत 9 जुलाई को 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में मास्को में भारत और रूस के बीच बहुआयामी संबंधों की संपूर्ण श्रृंखला की समीक्षा के बाद भारत और रूस ने द्विपक्षीय कारोबार को 2030 तक 100 अरब डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। 22 सितंबर को न्यूयार्क में भारत और अमेरिका के बीच हुई बातचीत में कई व्यापार समझौतों के साथ कोलकाता में एक सेमीकंडक्टर प्लांट स्थापित करने का करार हुआ है। भारत और चीन के बीच पांच साल बाद अहम द्विपक्षीय वार्ता हुई। इस वार्ता के बाद भारत और चीन के बीच संबंधों का नया अध्याय दिखाई दे रहा है। इसी तरह विगत 16 दिसंबर को श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके अपने सबसे पहले राजकीय विदेशी दौरे पर भारत आए और उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के साथ नई दिल्ली में लाभदायक द्विपक्षीय वार्ता की। अब दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूती देने तथा पिछले वर्ष दिसंबर में की गई व्यापार वार्ताओं को अंतिम रूप देने के लिए पीएम मोदी आगामी माह अप्रैल में श्रीलंका जाएंगे। इन सबके साथ-साथ जहां नॉर्वे, हंगरी, ग्वाटेमाला, पेरू, चिली के साथ भी शीघ्र ही व्यापार समझौते की बातचीत शुरू हो सकती है, वहीं अब भारत द्वारा ओमान, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजरायल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप देने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ा जा रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं कि अमेरिका के टैरिफ लगाए जाने की योजना का भारत पर कोई ज्यादा असर नहीं होगा। विभिन्न नई शोध अध्ययन रिपोर्टों में यह बताया गया है कि ट्रंप की टैरिफ योजना से भारत के कुल निर्यात में महज 3 से 3.5 फीसदी गिरावट आ सकती है। निर्यात की इस कमी को मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर दोनों से अधिक निर्यात के माध्यम से पूरा किया जा सकेगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस समय भारत दुनिया में सबसे अधिक 6.5 से 7 फीसदी विकास दर और सर्विस एक्सपोर्ट की वैश्विक राजधानी का तमगा हासिल करते हुए मजबूत घरेलू बाजार और रिकार्ड खाद्यान्न उत्पाद की ताकत के मद्देनजर दुनिया के कई विकसित और विकासशील देश भारत के साथ द्विपक्षीय और मुक्त व्यापार समझौतों के लिए तत्परता दिखा रहे हैं। उम्मीद करें कि अमेरिका के द्वारा भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाए जाने की नई चुनौती के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौतों और नए मुक्त व्यापार समझौतों की वार्ता के दौरान शुरुआत से ही शुल्क, गैर शुल्क बाधाओं पर प्राथमिकता के साथ बातचीत करने और द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं को शीघ्रता से अंतिम रूप देने की नई रणनीति के अच्छे परिणाम बहुत जल्द सामने आते जाएंगे और वैश्विक वैल्यू चेन में भी भारत की हिस्सेदारी बढ़ते हुए दिखाई देगी। ऐसे में भारत टैरिफ चुनौतियों के बीच विभिन्न देशों में कारोबार की नई संभावनाओं को मुट्ठियों में लेते हुए वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ते हुए भी दिखाई देगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## डिजिटल युग

डॉ. ज्योत्सना शर्मा



# साइबर क्राइम की रोकथाम है ज़रूरी

आज के डिजिटल युग में, हम बहुत तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं और डिजिटल दुनिया के साथ सामंजस्य बिठा रहे हैं। औद्योगीकरण के युग में मानव समाज ने बड़ी सहजता से प्रौद्योगिकी को अंगीकृत किया है। हमारे पास अलग-अलग तकनीकें हैं, साधन हैं जो हमारे घरेलू और कामकाजी जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गई हैं, जैसे ऑडियो और वीडियो प्रौद्योगिकी, जीपीएस और लोकेशन सर्विस, अलग-अलग नेटवर्क, 4जी और 5जी क्लाउड सर्विस, स्मार्ट होम, साइबर सुरक्षा और आजकल जिसकी सबसे ज्यादा चर्चा है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अर्थात कृत्रिम मेधा। इन सभी तकनीकों ने मानव जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। प्रौद्योगिकी के उपयोग के साथ ही हम कुछ गंभीर मुद्दों का सामना भी कर रहे हैं जैसे कि तेज़ी से बढ़ते हुए साइबर अपराध।

अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) के अनुसार, दुनियाभर में अनुमानित 4.1 बिलियन इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के लिए, इंटरनेट सुरक्षा संबंधी खतरे तेजी से बढ़ रहे हैं। साइबर अपराध को किसी भी गैरकानूनी कार्य के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जहां कंप्यूटर या संचार उपकरण या कंप्यूटर नेटवर्क का उपयोग अपराध करने या उसे सुविधाजनक बनाने के लिए किया जाता है। साइबर बेईमानी, साइबर स्टॉकिंग, साइबर ग्रूमिंग, ऑनलाइन जॉब फ्रॉड, ऑनलाइन सेक्सटॉर्शन, फ़िशिंग, फिरौती, बाल शोषण, डेबिट/क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी, क्रिप्टो जैकिंग कुछ प्रचलित साइबर अपराध के प्रकार हैं। इन अपराधों का समाज और व्यक्ति पर विभिन्न तरीकों से गहरा प्रभाव पड़ता है। इनमें से किसी भी प्रकार का साइबर अपराध किसी व्यक्ति, कंपनी और संगठन को वित्तीय नुकसान पहुंचा सकता है। पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया पर सूचनाओं में हेरफेर करके आम लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम भी हो रहा है जिससे उन्माद भड़क जाते हैं और आम जीवन अस्त व्यस्त हो जाता है। साइबर अटैक तनाव और मानसिक दबाव पैदा करते हैं, जो किसी को भी भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक रूप से नुकसान पहुंचाते हैं। 'क्राइम इन इंडिया' एनसीआरबी (स्त्रोत) के द्वारा प्रकाशित राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार वर्ष 2020-2022 के दौरान साइबर अपराधों के तहत 65893 मामले(सीआऱ) दर्ज किए गए।साइबर अपराधों के लिए धोखाधड़ी के तहत वर्ष 2020-2022 के दौरान राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार 17470 मामले (सीआर) दर्ज किए गए। I4C ने सक्रिय रूप से डिजिटल अरेस्ट के लिए उपयोग किए जाने वाले 3,962 से अधिक स्काइप आईडी और 83,668 व्हाट्सएप खातों की पहचान करके उन्हें ब्लॉक किया। भारत सरकार द्वारा 28.02.2025 तक पुलिस अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट किए गए 7.81 लाख से अधिक सिम कार्ड और 2,08,469 आईएमईआई को ब्लॉक कर दिया गया है।

गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने इस मुद्दे को उच्च प्राथमिकता पर लिया और देश में साइबर अपराधों से निपटने के लिए भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की स्थापना करके एक पहल की। विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों और हितधारकों के बीच समन्वय में सुधार करके साइबर अपराधों से निपटने के लिए इस योजना को शुरू किया गया था। मुख्य उद्देश्य देश में साइबर अपराध को रोकने के लिए एक नोडल केंद्र के रूप में कार्य करना है, ताकि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले साइबर अपराध से लड़ा जा सके और साइबर अपराध के रुझान और पैटर्न की पहचान करना, ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायतों को आसानी से दर्ज किया जा सके और साइबर अपराधों को रोकने के बारे में जागरूकता पैदा की जा सके। साइबर फोरेंसिक जांच, साइबर हाईजीन, साइबर अपराध विज्ञान आदि के क्षेत्र में पुलिस अधिकारियों, सरकारी अभियोजकों और न्यायिक अधिकारियों की क्षमता निर्माण में राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों की सहायता करना। हम प्रौद्योगिकी को नकार नहीं सकते; हमें इसके साथ चलना होगा। कई तकनीकी संसाधनों के साथ, अब डिजिटल डिवाइड नहीं है और प्रौद्योगिकी के उन्नयन के साथ हम विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और रचनात्मकता के कई उदाहरण देख रहे हैं, चाहे वह शिक्षा हो, चिकित्सा हो, ई-कॉमर्स हो आदि। ई-उद्यमिता आर्थिक विकास को गति दे रही है क्योंकि कोई भी व्यक्ति वैश्विक स्तर पर उत्पाद का विपणन और ब्रांडिंग करने के लिए डिजिटल कौशल का उपयोग कर सकता है। लेकिन अगर हम खुद को डिजिटल रूप से जागरूक रखते हैं, तो हम किसी भी तरह के साइबर अपराध से बच सकते हैं।

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार व विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# शारीरिक-मानसिक शुद्धिकरण का उपाय है उपवास



संकलित
**दर्शन**

हिंदू धर्म का पवित्र चैत्र नवरात्र प्रारंभ हो चुकी है। नवरात्रि आत्मशुद्धि और साधना का अवसर है। इस दौरान उपवास, ध्यान और पूजा से मनुष्य अपने अंदर की नकारात्मक शक्तियों को नियंत्रित कर आत्मा की शुद्धि और आध्यात्मिक चेतना के उच्चतर स्तर की ओर अग्रसर होता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवी दुर्गा की साधना और आध्यात्मिक उन्नति के लिए उपवास करेंगे। उपवास से शरीर और मन की शुद्धि होती है, जिससे ध्यान और साधना में एकाग्रता बढ़ती है। हाल ही में उपवास की चर्चा केवल नवरात्रि तक सीमित नहीं रही। उपवास एक अलग संदर्भ में भी चर्चा का विषय बना, जब प्रसिद्ध अमरीकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साक्षात्कार लेने से पहले 45 घंटे तक उपवास किया। घोर भौतिकवादी समाज से आने वाले फ्रीडमैन ने इसे सिर्फ एक शारीरिक क्रिया नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि यह उपवास उनके लिए पीएम मोदी के साथ संवाद का सम्मान करने और उच्चतर 'आध्यात्मिक स्तर' तक पहुंचने का एक उपाय था। यह घटना दर्शाती है कि उपवास केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है। उपवास आध्यात्मिक उन्नति और आत्म-अनुशासन का भी एक सार्वभौमिक साधन है, जिसे दुनिया भर में स्वीकार किया जा रहा है। पश्चिमी वैज्ञानिक और दार्शनिक भी अब उपवास के लाभों को समझ रहे हैं। हमारी प्राचीन संस्कृति में उपवास,

# आपके भीतर की मनःस्थिति है खुशी का रहस्य



संकलित
**प्रेरणा**

दुनिया की सभी शिक्षाएं महान खुशी पाने की बात करती हैं क्योंकि वे जानते हैं कि यही वह चीज है, जिसे हर कोई आखिरकार खोज रहा है। खुशी इस बात पर निर्भर नहीं करती कि हमारे पास क्या है या क्या नहीं है, यह बस एक मनःस्थिति है। यह ऐसी चीज नहीं है जिसे आप खरीद सकते हैं, यह पहले से ही आपके भीतर है, यहीं और अभी। हम जो कुछ भी बाहर चाहते हैं वह पहले से ही हमारे भीतर है। जीवन में हमेशा कुछ ऐसी चीजें होती हैं जो हमें परेशान करती हैं। इसे माया कहते हैं। उदाहरण के लिए अगर कोई आपसे प्यार करता है, तो यह परेशानी हो सकती है और अगर वह आपसे प्यार नहीं करता, तो यह भी परेशानी है। दोस्त और दुश्मन दोनों ही परेशानी का कारण हो सकते हैं। इसलिए यह संकल्प लेना जरूरी है, चाहे कुछ भी हो जाए, मैं अपनी खुशी नहीं खोऊंगा। भले ही आपको व्यापार, रिश्तों या जीवन के किसी भी दूसरे पहलू में नुकसान का सामना करना पड़े, लेकिन आपको अपनी खुशी नहीं खोनी चाहिए। यह आपके विकास का एक पैमाना है। जब आप खुशी के स्रोत पर जाते हैं, तो आपकी इंद्रियां मजबूत हो जाती हैं, आपका मन संतुष्ट हो जाता है और चीजें आपके पक्ष में होने लगती हैं। परफेक्ट होने के बारे में तनाव न लें। अगर आप परफेक्शन पर बहुत ज्यादा ध्यान केंद्रित करते हैं, तो आप गुस्सा महसूस करेंगे। दुनिया अपूर्ण लग सकती है, लेकिन अंदर से सब कुछ परफेक्ट है।

## सटाका




## आज की पाती


### प्राइवेट सेक्टर के लिए भी हो उचित पेंशन का प्रावधान

सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए यूपीएस अर्थात यूनिफाइड पेंशन स्कीम शुरू की है। इससे सरकारी कर्मचारियों को क्या लाभ होगा और इससे क्या नुकसान होंगे इस पर सभी के अपने अपने विचार हो सकते हैं लेकिन समय के साथ साथ हर जगह हर चीज में परिवर्तन जरूरी है। इस नई पेंशन योजना से सरकारी कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने के बाद उनकी बारह महीनों की लगभग बेसिक वेतन के लगभग पचास प्रतिशत निश्चित पेंशन देने का प्रावधान किया गया है, लेकिन इसके लिए कर्मचारियों को लगभग पच्चीस साल तक नौकरी करनी होगी। सरकारों से यह अनुरोध है कि वो प्राइवेट सेक्टर में काम, रोजगार करने वाले लोगों के बुढ़ापा सुरक्षित करने के लिए भी कोई अच्छी सी पेंशन योजना अमल में लाए।

*- रमेश चौधरी, दुर्ग*

## ट्रेंड


### सहकारी शिक्षा



अब सहकारी शिक्षा भारतीय शिक्षा व पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग बनेगी और त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय के माध्यम से देशभर के प्रशिक्षित युवा सहकारी क्षेत्र को अधिक व्यापक, सुव्यवस्थित और आधुनिक युग के अनुकूल बनाएँगे।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### भाषा विवाद गलत



जो लोग संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों के नाते यह भाषा विवाद खड़ा कर रहे हैं, उनका राजनीतिक उल्लू सीधा तो हो सकता है, लेकिन, वो रोजगार पर प्रहार कर रहे हैं। इसीलिए वो राज्य पिछड़ते जा रहे हैं।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### विपक्षी दल एकजुट



सभी विपक्षी दल एकजुट हैं और वक्फ संशोधन विधेयक पर मोदी सरकार के असंवैधानिक और विभाजनकारी एजेंडे को हराने के लिए संसद में मिलकर काम करेंगे।

- मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### नंदघर का सपना



जब नंदघर का सपना देखा था, सिर्फ एक ही सोच थी कि हर बच्चे को अच्छी शिक्षा और पोषण मिले, हर महिला के हाथ में रोज़गार हो। आज, 15 राज्यों में 8000 से अधिक नंदघरों के साथ, 3 लाख से ज़्यादा बच्चों का भविष्य संवर रहा है और 2.5 लाख महिलाएँ अपने पैरों पर खड़ी हैं।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

## करंट अफेयर

# खालिदा जिया अप्रैल मध्य में बांग्लादेश लौट सकती हैं



बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री एवं बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अध्यक्ष खालिदा जिया की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार है और उनके अप्रैल के मध्य में लंदन से बांग्लादेश लौटने की संभावना है। यह जानकारी मीडिया की एक खबर में पार्टी के एक नेता के हवाले से दी गई। बीएनपी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने कहा कि जिया (79) अप्रैल के मध्य में स्वदेश लौटेंगी, लेकिन यह अभी भी निश्चित नहीं है। बीएनपी नेता ने यह भी कहा कि लंदन में जिया की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार है, जहां वह अपने परिवार के साथ ईद मना रही हैं। आलमगीर के हवाले से कहा गया, 'आज (रविवार) वहां ईद मनाई जा रही है। वह आठ साल बाद अपने परिवार के साथ ईद मना रही हैं।' यह जिया का लंदन में तीसरी ईद है, इससे पहले वह 2017 और 2015 में ईद के मौके पर लंदन में ही रही थीं। इस बीच, लंदन से यूनाइटेड न्यूज ऑफ बांग्लादेश से बात करते हुए जिया के निजी चिकित्सक एजेडएम जाहिद हुसैन ने कहा कि बीएनपी नेता जिया के स्वास्थ्य की स्थिति स्थिर है। उन्होंने कहा कि 25 जनवरी को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद से जिया घर पर ही उपचार करा रही हैं।

## ऑफ बीट

# बुजुर्गों के लिए मददगार हो सकते हैं वर्चुअल इंसान

सामाजिक रूप से अलग-थलग पड़ जाने के कारण अकेलेपन से जूझ रहे कई बुजुर्गों के लिए वर्चुअल इंसान का साथ मददगार साबित हो सकता है।



अभी तक केवल 'साइंस फिक्शन' (वैज्ञानिक काल्पनिक कहानियों) में नजर आने वाले ये वर्चुअल इंसान चल सकते हैं, बात कर सकते हैं और आपके सोफे पर बैठ सकते हैं। वह दिन दूर नहीं, जब हमारे सबसे अच्छे मित्रों में कम्प्यूटर जनित इंसान भी शामिल होंगे, क्योंकि बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो बढ़ती उम्र के साथ अकेलेपन की समस्या से निपटने की कोशिश कर रहे हैं। विकसित होती प्रौद्योगिकी के बीच हमारी बदलती जनसांख्यिकी हमें इन वर्चुअल मनुष्यों की ओर ले जा सकती है। एशिया, यूरोप और उत्तर अमेरिका में कई ऐसे विकसित देश हैं, जिनके समाज की औसत आयु तेजी से बढ़ रही है। इसके कारण कुशल कार्यबल में कमी आने और स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवाओं पर अप्रत्याशित दबाव पड़ने की समस्या पैदा हो सकती है, जिनके समाधान की आश्यकता है। बुजुर्ग होती आबादी की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक समस्या सामाजिक स्तर पर अलग-थलग हो जाना है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### हाई कोर्ट ने अपील निरस्त कर दुर्घटना मृत्यु दावाकर्ताओं के हक में सुनाया आदेश

# इंश्योरेंस कंपनी को अब देने होंगे 11 लाख 60 हजार 840

जबलपुर।

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की वह अपील निरस्त कर दी, जिसके जरिए मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण द्वारा निर्धारित क्षतिपूर्ति राशि कम करने की मांग की गई थी। कोर्ट ने बीमा कंपनी की मांग को अनुचित पाते हुए दुर्घटना मृत्यु दावाकर्ताओं के हक में राहतकारी आदेश पारित कर दिया। जिसमें कहा गया है कि जो क्षतिपूर्ति राशि मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने तय की थी, उससे सात लाख अधिक भुगतान किए जाएं। यह राशि अविलंब मृतिका के पिता के खाते में जमा की जाए। दावाकर्ता मंडला निवासी छोटेराम टेकाम सहित अन्य की ओर से अधिवक्ता परितोष त्रिवेदी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने तीन लाख 78 हजार रुपये क्षतिपूर्ति राशि तय की थी। बीमा कंपनी वह अदा करने के स्थान पर राशि कम करने की



अनुचित मांग के साथ हाई कोर्ट चली आई है। इसलिए न केवल उसकी अपील निरस्त करने योग्य है बल्कि क्षतिपूर्ति राशि में वृद्धि भी अपेक्षित है। ऐसा इसलिए क्योंकि मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने अपेक्षाकृत कम क्षतिपूर्ति राशि नियत की थी। हाई कोर्ट ने यह मांग स्वीकार करते हुए 11 लाख 60 हजार 840 भुगतान करने का आदेश सुना दिया।

#### क्या था मामला

ग्राम घुघरी जिला मंडला निवासी छोटेलाल टेकाम द्वारा मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, मंडला में अपनी पुत्री रीता टेकाम की एक्सीडेंट में हुई मृत्यु के लिए मुआवजे की मांग का दावा किया था। रीता अतिथि शिक्षक थी उसकी ट्रक एक्सीडेंट में मृत्यु हो गई थी। अधिवक्ता परितोष त्रिवेदी ने दलील दी कि दावाकर्ता यदि मुआवजा बढ़ाने हेतु हाई कोर्ट में अपील प्रस्तुत नहीं कर सका है, तब भी सुप्रीम कोर्ट के न्यायदृष्टांत के परिपेक्ष में हाई कोर्ट मुआवजा राशि बढ़ा सकता है। कोर्ट ने तर्क से सहमत होकर अपने आदेश में कहा कि मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण का पूर्व आदेश संशोधित किया जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि एक 22 वर्षीय युवती, जो अतिथि शिक्षक थी, उसकी उसकी एक्सीडेंट में मृत्यु पर अत्यंत कम मुआवजा प्रदान किया गया है, जो अनुचित है।



# विधायक डॉ.अभिलाष पांडे ने किया कंक्रीट सड़कों का भूमिपूजन

जबलपुर। उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय के द्वारा बुधवार को विधानसभा के अंतर्गत आने वाले स्वामी विवेकानंद वार्ड एवं दयानंद सरस्वती वार्ड में सीमेंट कंक्रीट सड़कों का भूमिपूजन किया गया दोनों ही जगह करीब 45 लाख रूपये की लागत से आर सी सी रोड का निर्माण और नाली बनाई जाएगी। इस दौरान विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने कहा कि हम उत्तर मध्य विधानसभा में समग्र विकास के मॉडल पर कार्य कर रहे हैं जिसमें हमारा विजन 5s (शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, सेवा और संस्कार) को लेकर कार्य करना हैं और हम विकास के कार्यों को जन भावनाओं के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ और व्यवस्थित रूप से करने का प्रयास कर रहे हैं आज हमारे स्वामी विवेकानंद वार्ड अंतर्गत सरस्वती कॉलोनी में बगीचा में सड़क एवं नाली निर्माण कार्य जिसकी लागत करीब 22 लाख रुपए है उनका भूमिपूजन क्षेत्रीय जानो की उपस्थिति में किया गया तथा साथ ही स्वामी दयानंद सरस्वती वार्ड अंतर्गत शास्त्री ब्रिज के बाजू वाली सड़क का निर्माण कार्य जिसकी लागत करीब 22।97 लाख रुपए है वहां भी कंक्रीट सड़क का निर्माण का भूमिपूजन कार्य किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद सोनिया रंजीत सिंह,लवलीन आनंद,प्रतिभा भापकर,योगेश बिलोहा,सपन यादव,राघवेंद्र यादव,जयराम तिवारी,प्रणीत वर्मा,राहुल बैन,चन्द्रशेखर पटेल आदि उपस्थित थे।



# ईओडब्लयू में दस्तक देगा कांग्रेस पार्षद दल

**जबलपुर।** नगर निगम जबलपुर में जहां आमजनता से जुड़े विकास कार्य यह कह कर रोके जा रहे हैं कि पैसा नहीं है। वहीं दूसरे तरफ नगर निगम में घोटालों की नया इतिहास बनाया जा रहा है। आज नगर निगम जबलपुर में एक नये तरह का घोटाला चल रहा है। जहां कंसल्टेंसी, रिसर्च, विशेषज्ञ नियुक्त करने, प्रोफेनल्स से सलाह लेने की आड़ में करोड़ों का घोटाला किया जा रहा है। यह बात नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा ने बुधवार को आयोजित पत्रकारवार्ता में कही। इस दौरान उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता गुड्डू उस्मानी, सचेतक आयोध्या तिवारी सहित सभी कांग्रेस पार्षद उपस्थित रहे। श्री मिश्रा ने कहा इस मामले में अब कांग्रेस पार्षद दल ईओडब्लू में साक्ष्यों के साथ शिकायत करेगा। साथ ही जनता के पैसों के साथ हो रही इस होली के खिलाफ सड़क पर आंदोलन शुरु करेगा।

**निगम पर लगाए वित्तीय अनियमित्ताओं के आरोप**

नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा ने कहा, नगर निगम पूरी बेशर्मी के साथ जनता के पैसों की होली खेली जा रही है। कभी नगर निगम जबलपुर में वायु प्रदूषण के स्त्रोत का पता लगाने के लिये एजेंसी नियुक्त करती है। फिर उस एजेंसी और विशेष को 37 लाख 55 हजार रुपये भुगतान कर देती है। लेकिन उस एजेंसी ने किया रिसर्च की क्या एनालिसिस किया, उसने क्या रिपोर्ट दी, रिपोर्ट पर एक्शन लिया गया। कुछ भी जानकारी उपलब्ध नहीं दी जा रही है। फिर इंफार्मेशन सिस्टम मैनेजमेंट के नाम पर एआईएस विशेषज्ञ की नियुक्ति की जाती है, उसे 64 लाख रुपये भुगतान किया जाता है। विशेषज्ञ का कार्य बताया जाता है कि वो नगर निगम के डेटा का एनालिसिस करके रिपोर्ट देगा जिससे निगम का कार्य बेहतर होगा। लेकिन क्या एनालिसिस हुआ, क्या रिपोर्ट आई, क्या एक्शन हुआ। नगर निगम के अधिकारी कोई जानकारी नहीं देते हैं।

#### 3 करोड़ का सिस्टम लापता

श्री मिश्रा ने कहा, इसी प्रकार सूचना विज्ञान केन्द्र को ई गवर्नेंस के लिये आईटी समाधान की रिपोर्ट देने के लिये 83 लाख 45 हजार रुपये भुगतान कर दिये गये। एयर क्लाविटी मानिटरिंग सिस्टम के नाम पर 3 करोड़ खर्च कर दिये गये। लेकिन इस सिस्टम की कोई जानकारी अधिकारी देने तैयार नहीं हैं कि सिस्टम कहा लगा है, क्या और कैसे काम कर रहा है।

#### सुधार रिपेयरिंग के नाम पर लूट जारी

सचेतक आयोध्या तिवारी ने कहा, सिर्फ वित्तीय वर्ष 23-24 में जल विभाग ने रिपेयरिंग और सुधार कार्य पर 62 करोड़ 81 खर्च दिखाया। वहीं 24-25 में 41 करोड़ 4 लाख खर्च किया गया। लेकिन जमीनी स्थिति यह है की न रिपेयरिंग हुई है न लाईन का पूरा सुधार कार्य हुआ है। वर्ष 23-24 में 2 करोड़ 34 लाख रुपये सिर्फ कुओं की सफाई पर खर्च किये गये। हाल यह है कि शहर में मौजूद 80 फीसदी कुओं में खानापूर्ति की सफाई भी नहीं की गई। उन्होंने कहा शहर की एयर क्वालिटी सुधारने के लिये 1 करोड़ 77 लाख का फंड निगम का मिला, वो पैसा सलाह लेने के नाम पर सलाहकारों पर लुटा दिया गया है। उन्होंने कहा नगर निगम इतिहास का सबसे बड़ा और चौकाने वाला घोटाला चल रहा है।

## चौपाल कर सुनी लोगों की समस्यायें

# जनहित के लिये लगातार विकास कार्य होते रहेंगे : मंत्री सिंह

**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में महाराणा प्रताप वार्ड के नव निवेश कॉलोनी और इंदिरा गांधी वार्ड के नारायण नगर पार्क में चौपाल कर विकास कार्यों की जानकारी दी। साथ ही लोगों की समस्याओं को सुना और उनके समुचित निराकरण करने के निर्देश दिये। मंत्री सिंह से लोगों ने ज्यादातर बिजली, पानी, सड़क, नाली व साफ-सफाई सुनिश्चितता करने का आग्रह किया। मंत्री सिंह ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिये कि जनसमस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाये। उन्होंने क्षेत्र में पानी की सुनिश्चितता को लेकर प्राथमिकता से कार्य करेंगे। कार्यक्रम के दौरान अभय सिंह, पंकज दुबे, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, जीतू कटारे, रविन्द्र पचौरी, अतुल चौरसिया सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक तथा बड़ी तादाद में आमजन उपस्थित थे।




मंत्री सिंह ने कहा कि वे जबलपुर की जनता के ऋणी व अभारी हैं। जिन्होंने 20 वर्ष तक सांसद तथा इस बार विधानसभा में भेजने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि हर जन प्रतिनिधि का कर्तव्य है कि वे विकास कार्य के माध्यम से जनता का ऋण उतारे। साथ ही कहा कि उन्हें विकास कार्य के माध्यम से ही अब जबलपुर की जनता का ऋण उतारने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ। मोहन यादव की सरकार से उन्हें लोक निर्माण विभाग का दायित्व मिला और जिस दिन से वे लोक निर्माण विभाग संभाले हैं उसी दिन से उनका ध्येय वाक्य लोक निर्माण से लोक कल्याण है। मंत्री सिंह ने कहा कि अब विकास कार्यों में जबलपुर उपेक्षा नहीं होगी। मंत्री सिंह जन चौपाल के बाद गुलौआ चौक पर निषादराज जी की जयंती के अवसर पर शोभा यात्रा में भी शामिल हुए।

## जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 8 अप्रैल को

**जबलपुर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक गहलोत ने जानकारी दी कि जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 8 अप्रैल को दोपहर 2 बजे जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। जिसमें जल जीवन मिशन अंतर्गत पूर्ण, अपूर्ण एवं प्रगतिरत कार्य, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण एवं एसआरएलएम योजना के कार्य, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के विभागीय कार्य, लोक निर्माण विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की जायेगी। साथ ही ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्र में करायें जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की जायेगी। जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक गुरूवार 3 अप्रैल को दोपहर 1।30 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में होगी।

## जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक आज

जबलपुर। जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक गुरूवार 3 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में होगी। कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में राज्य शासन की कलस्टर योजना, एमएसई-सीडीपी योजना अंतर्गत रिछाई में प्रस्तावित बाउंड्रीवॉल एवं नाली निर्माण, रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव में प्राप्त प्रस्तावों, नवीन औद्योगिक क्षेत्र के भूमि चिन्हांकन एवं नवीन औद्योगिक कलस्टर हेतु भूमि चिन्हांकन पर चर्चा की जायेगी। बैठक में जिले के सभी उद्योग संघो के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है।

### जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा स्कूलों का औचक निरीक्षण जारी

# स्कूल में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने शिक्षक घर घर जाकर पालकों से करें सम्पर्क

**हरिभूमि, जबलपुर।** जिले मे 1 अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया है, शासन द्वारा स्कूलों मे बच्चों तथा उनकी पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जबलपुर जिले मे जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के द्वारा इस दिशा मे लगातार प्रयास किए जा रहे है, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी द्वारा पूरे जिले मे स्कूलों के निरीक्षण हतु बीईओ के दल बनाये गए है। यह दल लगातार निरीक्षण कर रहे है। जिला शिक्षा अधिकारी सोनी के द्वारा शहर के शास मॉडल स्कूल के माध्य। विभाग, शा कन्या उमावि व्योहारबाग, शास हाई स्कूल बेलबाग, शा उमावि घमापुर, शा उमावि कमला नेहरू नगर का निरीक्षण किया गया। शा मॉडल स्कूल के माध्यमिक विभाग मे स्कूल व्यवस्थित पाया गया, बच्चों की उपस्थिति भी ठीक पायी गयी।



कक्षा छठवी मे प्रवेश की प्रक्रिया मे तेजी लाने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रधानाध्यापक को दिए गए। शा कन्या उमावि व्योहारबाग स्कूल के निरीक्षण मे बच्चों की उपस्थिति बहुत ही कम पायी गयी, जिस पक्रर डी ई ओ के द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी। विद्यालय की उमाशि मधु राघव राय, आइसीटी टीचर सूर्या तिवारी एवं भृत्य प्रदीप कोरी बिना अवकाश स्वीकृति के अवकाश पर पायी गयी। शा हाई स्कूल बेलबाग मे निरीक्षण के दौरान वहुत ही अव्यवस्था देखने को मिली, बच्चें कक्षाओं से बाहर घूम रहे थे, बच्चों की उपस्थिति भी बहुत कम पायी गयी। शा उमावि घमापुर मे निरीक्षण के दौरान प्राचार्य श्रीमती रागिनी नरवरिया बिना अवकाश स्वीकृति के अवकाश पर पायी गयी,विद्यालय के उमाशि साबिर खान भी बिना अवकाश स्वीकृति के अवकाश पर पाए गए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय मे बच्चों की उपस्थिति अत्यंत न्यून पायी गयी।, बच्चों की कक्षान्नति भी नहीं की गयी थी। शाउमावि कमला नेहरू नगर के निरीक्षण मे कक्षाए व्यवस्थित नहीं पायी गयी तथा बच्चों की उपस्थिति भी कम पायी गयी जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों मे पायी गयी कमियों पर जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब माँगा गया है, संतोषजनक जवाब प्राप्त न होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।



## पुस्तक मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां बनी आकर्षण का केंद्र

रियायती दरों पर पुस्तकें, कॉपियाँ, यूनिफार्म और स्कूल बैग खरीदने बड़ी संख्या में पुस्तक मेला पहुँच रहे स्कूली बच्चे और अभिभावक

# पुस्तक मेला जिला प्रशासन का सराहनीय कदमः विधायक बरकडे

हरिभूमि जबलपुर।





जिला प्रशासन द्वारा गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में आयोजित किया जा रहा बारह दिवसीय पुस्तक मेला स्कूली बच्चों और अभिभावकों के बीच अपनी अलग पहचान बना रहा है। पुस्तक मेले में पुस्तक, कॉपी, यूनिफॉर्म एवं स्कूल बैग सहित अन्य शैक्षणिक सामग्रियां खरीदने के लिए बड़ी संख्या में बच्चे और अभिभावक मेला स्थल पर पहुंच रहे हैं और डिस्काउंट के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की स्मृतियां तथा लज़ीज़ व्यंजनों का स्वाद भी अपने साथ लेकर जा रहे हैं।

पुस्तक मेला के आयोजन के नौवें दिन की शाम आज बुधवार को विधायक श्री संतोष वरकडे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। इस दौरान संयुक्त संचालक लोक शिक्षण विभाग जबलपुर प्राचीश जैन, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी एवं डाइट प्राचार्य सुधीर उपाध्याय सहित शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बाल कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गईं, जिसे लोगों ने खूब सराहना की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री संतोष वरकड़े ने कहा कि पुस्तक मेला में रियायती दरों पर बच्चों और अभिभावकों को एक ही स्थान पर शैक्षणिक सामग्री खरीदते हुए देखकर प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति का छात्र जीवन से लेकर अंतिम सांस तक सीखने का क्रम निरंतर जारी रहता है। कभी शिक्षक एवं प्रकृति तो कभी परिस्थितियाँ उसे जीवन का बहुमूल्य पाठ पढ़ाती हैं। मनुष्य के जीवन में संस्कारों की शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, जो उसे परिवार और गुरुओं से प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि पुस्तक जीवन में शिक्षक की भांति महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं। पुस्तक इंसान की सबसे अच्छी मित्र होती हैं। उन्होंने शिक्षकों के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा राष्ट्र का निर्माण करते हैं। समाज में शिक्षकों का देवतुल्य स्थान होता है। उन्होंने पुस्तक मेला के आयोजन के लिए जिला प्रशासन का सराहनीय कदम बताया और धन्यवाद ज्ञापित किया।

संयुक्त आयुक्त लोक शिक्षण विभाग जबलपुर संभाग श्री प्राचीश जैन ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा लगातार दूसरी वर्ष आयोजित किया जा रहा मेला बच्चों और अभिभावकों के लिए वरदान साबित हो रहा है। इसे अपार जनसमर्थन मिल रहा है और ये वृहद जन आंदोलन का स्वरूप ले चुका है। पुस्तक मेला में डाइट प्राचार्य श्री सुधीर ने कहा कि जबलपुर में आयोजित पुस्तक मेला की गूंज दूर-दूर तक सुनाई दे रही है। यह जिला प्रशासन की कड़ी मेहनत का परिणाम है।

पुस्तक मेला में शिक्षा विभाग द्वारा लगाया गया बुक बैंक का स्टॉल लगातार आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। बड़ी संख्या में बच्चे इस स्टॉल पर पिछले वर्ष की किताबें दान करने आ रहे हैं। वहीं इस स्टॉल से एनसीईआरटी की पहली से पांचवी तक की पुस्तकों का पूर्व वर्ष का सेट 50 रुपए, कक्षा छठवीं से आठवीं तक का सेट 100 रूपए, कक्षा नौवीं एवं दसवीं का सेट 150 रुपए तथा कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं की पूर्व वर्ष की पुस्तकों का सेट मात्रा 200 रूपए में प्राप्त किया जा सकता है। पूर्व वर्ष की किताबों का सेट लेने वाले विद्यार्थियों से यह राशि भी दान स्वरूप ली जा रही है और इसे जिला रेडक्रॉस सोसायटी के खाते में जमा किया जा रहा है।

कार्यक्रम में अपनी बिटिया कृतिका गुप्ता की नृत्य प्रस्तुति देखने परिवार के साथ आए आदित्य गुप्ता ने बताया कि पुस्तक मेला अभिभावकों को आर्थिक राहत प्रदान कर रहा है। उन्होंने बताया कि पुस्तक मेला में एक ही स्थल पर सभी सामग्री उपलब्ध होने की वजह से समय की भी बचत हो रही है। पुस्तक मेला में बिटिया की शानदार प्रस्तुति देखकर पिता आदित्य गुप्ता का हृदय गौरवान्वित हो उठा।



### खेर माता में बोए जवारे

**मझौली।** पिछले कई वर्षों से वार्ड नंबर 15 खेरमाता में जवारे बोए जाते हैं इस बार भी जबारे बौए गए हैं। प्रतिदिन सुबह से ही जल चढ़ाने वाले भक्तों की यहां भीड़ लगी रहती है।

## राजपूत सभा ने राष्ट्रपति के नाम नायाब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर।** राजपूत सभा जबलपुर द्वारा बुधवार सुबह 11.30 बजे जबलपुर जिला कलेक्टर में महामहिम राष्ट्रपति के नाम नायाब तहसीलदार सुश्री स्मृति खण्डेलवाल को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन समाजवादी पार्टी नेता रामलाल जी सुमन के खिलाफ आरोप-पत्र है जिसमें यह दर्शाया गया है कि हमारे क्षत्रिय समाज के महान योद्धा भारत भूमि के वीर सपूत संग्राम सिंह राणा जिन्हें राणा सांगा के नाम से भी जाना जाता है उन पर गद्दार जैसे अपशब्दों का प्रयोग किया गया है अतः उन पर संविधानिक व्यवस्था के तहत कार्यवाही हो ताकि फिर कोई व्यक्ति किसी भी प्रकार से इस प्रकार से किसी भी महापुरुष का अपमान न कर सके। ज्ञापन सौंपते समया राजपूत सभा के अजय सिंह राजपूत, आनंद सिंह कौशिक राजू राजपूत योगेन्द्र सिंह राजपूत,कुंवर सिंह राजपूत एवं समस्त क्षत्रिय राजपूत समाज उपस्थित था।




## रीता नौगरहिया गहोई महिला मंडल अध्यक्ष, मोनिका सचिव एंव सुनीता कोषाध्यक्ष बनी

**सिहोरा।** गहोई वैश्य महिला मंडल सिहोरा के गत दिवस चुनाव संपन्न हुए जिसमें अध्यक्ष पद पर श्रीमती रीता नौगरहिया को महिला मंडल का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी गिरधर नागर सरावगी और सहायक निर्वाचन अधिकारी आशीष पहारिया ने कुशलता के साथ निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण कराई। इसके अलावा सचिव-श्रीमती मोनिका नौगरहिया, कोषाध्यक्ष श्रीमती सुनीता कनकने को चुना गया है। उक्त निर्वाचन पर गहोई वैश्य समाज के अध्यक्ष दिनेश बड़ेरिया,राजकुमार कनकने,हरि प्रकाश नौगरहिया,एडवोकेट रविचरण गुप्त,अजय कनकने,अनिल कनकने,सुधीर कुमार नौगरहिया, रमेश नौगरहिया,विक्रम नौगरहिया,चगन लाल सरावगी,महिला मंडल की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती चंदा नौगरहिया,श्रीमती ममता नौगरहिया सहित समाज के अनेक लोगों हर्ष व्यक्त किया है।



## पेरेंट्स को पुस्तक और यूनिफॉर्म का निःशुल्क वितरण

**जबलपुर।** आज कलेक्टर जबलपुर द्वारा आयोजित पुस्तक मेला में जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के माध्यम से यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल अधारताल प्रबंधन द्वारा नवप्रवेशी छात्रों को निःशुल्क पुस्तक एवं यूनिफॉर्म का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था संचालक डॉ. विजयकांत तिवारी द्वारा बताया गया कि संस्था द्वारा हमेशा सभी को शिक्षा सुगमतापूर्वक मिले, इन प्रयासों में संस्था सदैव अग्रणी रहती है, यही कारण है की वर्तमान सेशन में शासन नियमानुसार आरटीई योजना का लाभ संस्थान में लगभग 220 बच्चों को मिल रहा है।



## निगम अधिकारी, कर्मचारियों को मिलेगी 4% डीए राशि की द्वितीय किश्त



**जबलपुर।** अजाक्स संघ, नगर निगम अधिकारी, कर्मचारी संघ, चालक संघ नगर निगम एवं शासकीय अर्धशासकीय वाहन चालक वेलफेयर मप्र द्वारा आज महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, निगमायुक्त प्रीति यादव को ज्ञापन सौंपते हुए बताया गया कि मप्र शासन द्वारा आदेश पारित किया गया है जिसमें 04 प्रतिशत डीए के एरियर्स राशि का भुगतान चार किश्तों में किया जाना सुनिश्चित किया गया है, किन्तु आज दिनांक तक कर्मचारियों को एरियर्स राशि की द्वितीय किश्त का भुगतान नहीं किया गया। साथ ही जबलपुर में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारियों के वेतन से एनपीएस एवं जीपीएपु राशि की कटौती तो की जा रही है, किन्तु कर्मचारियों के खाते में वह राशि जमा नहीं की जा रही है। संघ की मांगों पर विचार करते हुए महापौर एवं आयुक्त ने मांगों को स्वीकार करते हुए वित्त अधिकारी को निर्देशित किया गया कि कर्मचारियों को 04 प्रतिशत डीए के एरियर्स राशि की द्वितीय किश्त का भुगतान माह के वेतन के साथ किया जाए। वहीं निगमायुक्त ने उपादान राशि का भुगतान करने हेतु एक करोड़ रुपये ग्रेच्युटी की राशि प्रदान की। साथ ही कर्मचारियों के एनपीएस एवं जीपीएस खाते में एनपीएस एवं जीपीएस राशि शीघ्र जमा करने हेतु वित्त अधिकारी को आदेशित किया गया। ज्ञापन देते समय अजाक्स के अध्यक्ष अमित मेहरा, अचैया कोरी, राजेन्द्र पटेल, मन्नूलाल पटेल, गुलशन जबलपुरी, रामाराव मगरदे, कालूराम सोलंकी, समीम भाईजान, जगदीश नन्हेट, सामियल, दयाराम धुर्वे, श्रीनिवासलू, कोयरी नायडू, रामू, जे प्रवीण, महेन्द्र मलिक, सोनू श्रीवास, राममूर्ति, राहुल कोरी, सुनील सिगोटिया सहित बड़ी संख्या में संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



## एडवेंचर प्रोग्राम के लिए रेल स्काउट सदस्य दार्जिलिंग रवाना

**जबलपुर।** भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा 86वें नेशनल एडवेंचर प्रोग्राम दार्जिलिंग में 03 से 07 अप्रेल तक आयोजित किए जा रहा है, जिसमें पश्चिम मध्य रेल राज्य मुख्यालय भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स के नेतृत्व में जबलपुर मंडल के चार रोवर्स शामिल होंगे। इस शिविर में रोवर्स एडवेंचर्स एवं सीमित संसाधनों में जीवन यापन की कला सिखाएंगे। मंडल से रोवर पीयूष कुमार कतिया, अर्जित कोरी, कनिष्क कुमार कुशवाहा, नीरज कुमार पटेल इस शिविर में शामिल होंगे। शिविर का कुशल मार्गदर्शन अपर मंडल रेल प्रबंधक सुनील टेलर, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा, मंडल सिंगल एवं दूरसंचार इंजीनियर राजश्री द्विवेदी, सहायक कार्मिक अधिकारी सच्चिपति नंदन, अनिल चौबे, संजीव तिवारी, विमलेश तिवारी, राहुल कश्यप का रहा।

## सतीश नामदेव की स्मृति में सुंदरकांड, भजन संध्या संपन्न



**जबलपुर।** वरिष्ठ समाजसेवी कांग्रेस नेता स्व. सतीश नामदेव, नोटरी एडवोकेट का 01 अप्रेल को 65वां अवतार दिवस उनके परिजनों एवं समाजसेवियों ने प्रातः 08 बजे मां नर्मदा तट गौरीघाट पहुंचकर माँ नर्मदा पूजन, दीपदान, गरीबों को अन्न, वस्त्र दान कर मनाया। इसी संदर्भ में दोपहर 02 बजे जिला कलेक्ट्रेट वार एसो. अध्यक्ष एड. विवेक नायक एवं सचिव एड. यशवंत दुबे, एड. संतोष अय्यर, एड. अनीता विश्वकर्मा, एड. राजकुमार चौधरी, एड. अनुशंकर सोनकर, एड. नरेश कोष्टा सहित अन्य अधिवक्ताओं ने हनुमान जी की पूजा अर्चना कर स्व. सतीश नामदेव की 65वीं स्मृति पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसी तारतम्य में रात्रि 07 बजे से स्व. सतीश नामदेव के निवास पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया, अंत में विशाल भंडारा से कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजन में पूर्व विधायक विनय सक्सेना, सौरभ नाटी शर्मा, मनीष मिश्रा, बाबूशंकर सोनकर, झल्लेलाल जैन, डॉ. प्रशांत मिश्रा, डॉ. राजेन्द्र पिल्ले सहित मीराबाई नामदेव, भोजराज नामदेव, मनोज नामदेव, डॉ. सुरेन्द्र नामदेव, पुरुषोत्तम नामदेव, निर्मला नामदेव, सुजाता नामदेव, योगेश नामदेव, आशा नामदेव, सुजाता नामदेव, मोना नामदेव, रेखा नामदेव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जीजा ने शराब नहीं पिलाने पर साले को चाकू मारा

हनुमानताल और बरगी में चाकूबाजी, 2 घायल

**जबलपुर।** शहर में चाकूबाजी थमने का नाम नहीं ले रही है। हर दिन भकाभक चाकूबाजी की वारदातें हो रही हैं। इसी क्रम में कल हनुमानताल और बरगी थाना क्षेत्र में चाकूबाजी की वारदातों में दो युवक घायल हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्गा चौक हनुमानताल निवासी 28 वर्षीय अकील अंसारी गत रात लगभग 10.30 बजे मुच्छड़ होटल से अपने घर जा रहा था, तभी मुच्छड़ होटल के पास उसका जीजा कलीम बोस मिला और उससे शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगा, उसने पैसे देने से मना किया तो उसके साथ गाली गलौज व मारपीट कर चाकू से हमला कर उसे जमीन पर पटक दिया और जान से मारने की धमकी दी। इसी तरह बरगी में फॉरेस्ट ऑफिस के सामने बरगी निवासी 30 वर्षीय सतीश यादव गत शाम लगभग 4.30 बजे रूपेश साहू के साथ मिश्रा डेयरी के सामने रोड पर खड़े थे, तभी जबलपुर निवासी अफसर उर्फ समीर खान अपने दो साथी आदिल एवं सोनू खान के साथ स्कूटी में आया और शराब पीने के लिये एक हजार रूपये की मांग करने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो तीनों गाली गलौज करने लगे, गालियां देने से मना करने पर सोनू खान ने उसका हाथ पकड़ लिया एवं आदिल ने चाकू से उसकी जांघ पर हमला कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 1119(1), 351(2), 115(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।



## महिला मित्र के पति और भाई ने की वारदात, वीडियो वायरल

## खितौला स्टेशन के बाहर युवक पर चाकू से जानलेवा हमला



**जबलपुर।** सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन के बाहर महिला मित्र के साथ घूमने निकले युवक पर महिला के पति और भाई ने चाकू से दनादन हमला कर दिया। इस घटना क्रम का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। युवक का अपनी पत्नी से तलाक हो चुका है जबकि महिला अपने पति की हरकतों से नाखुश थी। इसके बाद युवक और महिला की सोशल मीडिया पर दोस्ती हो गई, इसके बाद दोनों की व्हाटसएप चैटिंग होने लगी और दोनों मिलने जुलने लगे। यह बात महिला के पति को पता लगी तो उसने अपने साले के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। खितौला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पनागर निवासी रंजीत कुशवाहा का अपनी पत्नी से तलाक हो चुका है। तलाक के बाद उसकी दोस्ती जबलपुर के घमापुर क्षेत्र की एक महिला से हो गई और दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए। हाल ही में रंजीत और महिला घूमने के लिए बाहर गए थे, जिसकी खबर महिला के पति रोहित व भाई आशुसिंह को लग गई। जैसे ही रंजीत और महिला सिहोरा रेलवे स्टेशन पर उतरे महिला के पति राहित और भाई आशुसिंह ने रंजीत पर चाकू से हमला कर दिया और जमकर मारपीट की। यह घटना सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गई और सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। खितौला पुलिस मामलें की जांच कर रही है।

## ताला तोड़कर जेवर व नगदी चोरी

**जबलपुर।** संजीवनीनगर थाना अतंर्गत नब्बे क्वाटर संजीवनीनगर में एक सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर और नगदी 10 हजार रुपए चोरी कर ले गए। संजीवनीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नब्बे क्वाटर संजीवनीनगर निवासी 36 वर्षीय विपिल पाठक छिंदवाड़ा बसंत कालोनी में फायनेंस कंपनी में प्रायवेट नौकरी करता है। गत 22 मार्च को विपिल अपनी पत्नी के साथ छिंदवाड़ा गया था जहां से गत 31 मार्च को रात लगभग 9 बजे अपने घर लौटा तो देखा कि दरवाजे में लगा ताला टूटा था। अंदर रखी अलमारी में रखे सोने का एक सिक्का, चांदी के 7 सिक्के, एक जोड़ी पायल एवं नगदी 10 हजार रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

**श्री सुरेंद्र श्रीवास्तव-** कालीमठ आमनपुर निवासी श्री सुरेंद्र श्रीवास्तव (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गुलाब सिंह राजपूत-** शक्ति नगर भोले कुटि के पीछे निवासी श्री गुलाब सिंह राजपूत (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती शकुंतला देवी यादव-** घाना खमरिया निवासी श्री ओम प्रकाश यादव की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला देवी यादव (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति बाई सोनकर-** भरतीपुर चर्च के पीछे निवासी श्री मुन्ना लाल सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई सोनकर (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती आनंदी बाई गौतम-** बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री प्यारे लाल गौतम की धर्मपत्नी श्रीमती आनंदी बाई गौतम (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुरलीधर चौधरी-** वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री मुरलीधर चौधरी (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विनय चौरसिया-** प्रेमसागर पुलिस चौकी के पास निवासी श्री लखन लाल चौरसिया के पुत्र श्री विनय चौरसिया (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अर्जुन राव कदम-** भानतलैया पुलिस क्वाटर्स के पास निवासी श्री अर्जुन राव कदम (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**कु. मणी चौधरी-** गली नं. 3, बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ पोलीपाथर निवासी श्री राजाराम चौधरी की पुत्री कु. मणी चौधरी (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मीना समुंद्रे-** छोटी




ओमती पुत्री शाला के पास निवासी श्री राजेश समुंद्रे की धर्मपत्नी श्रीमती मीना समुंद्रे (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती पुष्पा देवी बेन-** इंद्रा नगर व्हीकल निवासी श्री रमेश कुमार बेन की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा देवी बेन (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री वनमाली दुबे-** सुभाष नगर अधारताल निवासी श्री वनमाली दुबे (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री गोविंद प्रसाद चौधरी-** श्रद्धा नगर रेतनाका गौरीघाट निवासी श्री गोविंद प्रसाद चौधरी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती आशा पाण्डेय-** उदय नगर नं. 2 व्हीकल रोड निवासी श्री मदन गोपाल पाण्डेय की धर्मपत्नी श्रीमती आशा पाण्डेय (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री जागेश्वर दुबे-** शंकर नगर करमेता निवासी श्री जागेश्वर दुबे (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हरेंद्रनाथ सिन्हा-** अनमोल अपार्टमेंट साउथ सिविल लाइन निवासी श्री हरेंद्रनाथ सिन्हा (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती छोटी बाई विश्वकर्मा-** यशवंत नगर कटरा अधारताल निवासी श्री बाबू लाल विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती छोटी बाई विश्वकर्मा (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362100

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मप्र अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के संचालक मंडल की 10वीं बैठक ली

# भोपाल, इंदौर की भावी जरूरतों के लिए अच्छे शहर नियोजकों को जोड़ा जाएगा, नगर नियोजन में सड़क, परिवहन एवं सीवरेज ट्रीटमेंट के विशेषज्ञों की भी ली जाएंगी सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी नगरों में चल रहे सीवरेज प्रोजेक्ट्स जल्द से जल्द पूरे किए जाएं। सीवरेज के लिए स्थाई प्रकृति के काम हों। शहरों के वेस्ट वाटर का नदियों में निस्तारण (डिस्पोजल) न होने पाए। उन्होंने कहा कि सॉलिड वेस्ट के साथ लिक्विड वेस्ट (गंदा पानी) के समुचित निस्तारण पर भी विशेष ध्यान देकर प्रभावी कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के संचालक मंडल की 10वीं बैठक की अध्यक्षता कर संबोधित कर रहे थे। बैठक में मप्र अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के उपाध्यक्ष एवं संचालक मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, मुख्य सचिव एवं मप्र अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के उपाध्यक्ष एवं संचालक अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एवं कंपनी के संचालक डॉ. राजेश राजौरा आदि अधिकारी उपस्थित थे।

## सीएम डॉ. मोहन ने कहा, सभी नगरों में सीवरेज प्रोजेक्ट्स जल्द से जल्द पूरा करें सॉलिड वेस्ट के साथ लिक्विड वेस्ट के समुचित निदान पर भी ध्यान देने के निर्देश

### भोपाल और इंदौर जल्द ही मेट्रोपॉलिटन सिटी बनने की ओर



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल और इंदौर जल्द ही मेट्रोपॉलिटन सिटी बनने की ओर बढ़ रहे हैं। इसलिए अपने कार्य में महारत हासिल करने वाले अच्छे शहर नियोजकों को अर्बन कंपनी से जोड़ें। दोनों शहरों की भावी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इनकी सिस्टमेटिक प्लानिंग करें। सड़क, लोक परिवहन एवं सीवरेज ट्रीटमेंट में विशेषज्ञता रखने वाले विशेषज्ञ व्यक्तियों को भी इस कंपनी से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि अर्बन डेवलपमेंट कंपनी की बैठक कंपनी लॉ के मुताबिक नियमित रूप से कराई जाएं। इससे लंबित कार्य प्रस्तावों का समय-समय पर अनुमोदन किया जा सकेगा। साथ ही कंपनी के कार्यों में नियमितता आएगी और निर्माण कार्यों की लागत भी नहीं बढ़ेगी।

### सभी निर्माणाधीन कार्य तय समय-सीमा में ही पूरे किए जाएं, एक्शन प्लान बनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी निर्माणाधीन कार्य तय समय-सीमा में ही पूरे किए जाएं। सभी कामों के लिए एक्शन प्लान बना कर कार्रवाई की जाए। प्रदेश में नर्मदा नदी के आसपास करीब 12 सीवरेज निर्माण कार्य जारी है, इनमें से 10 कार्य पूरे हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कंपनी यह तय करें कि शहरों के वेस्ट से नदियां प्रदूषित न होने पाए। नदियां हमें जीवन देती हैं और उन्हें अविरल प्रवाहमान बनाए रखना भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि उज्जैन में क्षिप्रा नदी में किसी भी सूरत में प्रदूषण न होने पाए इसके लिए सीवरेज प्रबंधन के समुचित उपाय किए जाएं। संचालक मंडल ने रखे गए सभी कार्य प्रस्तावों एवं भावी आवश्यकताओं के अनुसार कंपनी में पद सृजन प्रस्ताव को अनुमोदन दिया। बैठक में संचालक मंडल के स्वतंत्र संचालकों के रूप में केके सिंह व श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव के पूरे हो चुके कार्यकाल के विस्तार का अनुमोदन किया गया। साथ ही अन्य प्रशासनिक प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई।

### कार्यों और इनकी उपयोगिता का प्रेजेंटेशन दिया

नगरीय प्रशासन आयुक्त एवं कंपनी के प्रबंध संचालक चक्रवर्ती ने मप्र अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के गठन से लेकर अब तक किए गए कार्यों और इनकी उपयोगिता का प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने बताया कि कंपनी का गठन एक जनवरी 2015 को किया गया था। कंपनी ने प्रदेश के सभी नगरों में नागरिकों की बेहतरी एवं सुविधा विस्तार के लिए शहरी विकास एवं नियोजन से जुड़े सभी श्रेणी के कार्य कराए जा रहे हैं। वर्तमान में कंपनी द्वारा शहरी नियोजन के लिए करीब 8000 करोड़ रुपए का दीर्घकालीक ऋण लेकर कार्य कराए जा रहे हैं। वर्ष 2024-25 में 76 निर्माण कार्य पूरे हो चुके हैं, वर्तमान में 86 निर्माण कार्य तेजी से जारी हैं।


## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त आईएफएस बेलवाल के खिलाफ केस

**भोपाल।** रिटायर आईएफएस और राज्य आजीविका मिशन (एसएलएम) में सीईओ रहे ललित मोहन बेलवाल के खिलाफ आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने एफआईआर दर्ज कर ली है। बेलवाल के अलावा विकास अवस्थी और सुषमा शुक्ला को भी इस केस में आरोपी बनाते हुए तीनों के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 468, 471, 120-बी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7(सी) के तहत केस दर्ज किया गया है। ईओडब्ल्यू ने सीजेएम कोर्ट द्वारा पारित आदेश, तत्कालीन एडिशनल सीईओ और आईएएस अफसर नेहा मारव्या के जांच प्रतिवेदन और कैग की रिपोर्ट को आधार बनाते हुए 17 फरवरी को प्रारंभिक जांच (पीई) दर्ज करते हुए तफ्तीश शुरू की थी।

### राकेश बने हिंदी विवि में साधारण परिषद सदस्य

**भोपाल।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति मध्यप्रदेश मंगूभाई पटेल ने ख्यात कवि राकेश दांगी



को अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल का सर्वोच्च साधारण परिषद का पुनः सदस्य मनोनीत किया है। सर्वोच्च साधारण परिषद के अध्यक्ष मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हैं। उच्च शिक्षा मंत्री उपाध्यक्ष इंदर सिंह परमार हैं। परिषद के पदेन सदस्य वित्तमंत्री, सरकारी विश्वविद्यालय के सभी कुलगुरु हैं। दांगी का यह दूसरा कार्यकाल अगले 4 वर्षों तक रहेगा।

### बागरी के प्रमाण पत्र की जांच के लिए सौंपा ज्ञापन

**भोपाल।** मप्र सरकार की राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी के जाति प्रमाण पत्र की जांच कराए जाने की मांग को लेकर कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल के साथ अनुसूचित जाति कल्याण विकास विभाग छानबीन समिति के आयुक्त के नाम संबोधित शिकायती पत्र विभाग के सहायक आयुक्त को सौंपते हुए जाति प्रमाण पत्र छानबीन समिति के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है। कांग्रेस ने जल्द निर्णय लेने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन आंदोलन करने बाध्य होगा।

यात्रियों एवं अनुबंधित ऑपरेटर्स के लिए एप एवं एमआईएस, डैशबोर्ड का संचालन करेगी होल्डिंग कंपनी

# मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा को मिली मंजूरी संचालन में कार्गो सेवा को भी लागू किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र कैबिनेट ने मप्र में नगरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के साधारण और ग्रामीण मार्गों में संगठित, सुविधाजनक एवं सुरक्षित यात्री परिवहन बस सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा शुरू करने की मंजूरी दे दी। इसके तहत प्रदेश में ग्रामीण एवं साधारण मार्गों का ट्रैफिक एवं मार्ग सर्व तथा बसों की फ्रीक्वेन्सी निर्धारित करते हुए एक व्यवस्थित प्लानिंग अनुसार यात्री बसों को चलाया जाएगा। कैबिनेट ने मप्र राज्य में सुगम सुरक्षित एवं विनियमित यात्री परिवहन सुविधा, निजी क्षेत्र के माध्यम से उपलब्ध कराए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा बसों के संचालन में कार्गो सेवा को भी लागू किया जाएगा। इसके जरिए एक स्थान से दूसरे स्थान पर कार्गो को आसानी से पहुंचाया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक मंत्रालय में हुई। इसमें 12 मसौदों को मंजूरी दी गई। ज्यादातर मामले कर्मचारियों को स्वास्थ्य सुविधा तहत विभिन्न अस्पतालों में इलाज को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा संचालन के लिए बस परिवहन अधोसंरचना के तहत पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) प्रक्रिया से उत्कृष्ट गुणवत्ता एवं मापदण्डों का यात्री एवं बस ऑपरेटर के लिए सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा। बस संचालन एवं संधारण के लिए पीपीपी मोड प्रक्रिया से, निजी बस ऑपरेटर्स को, संगठित रूप से एक पारदर्शी प्रक्रिया के तहत, दक्ष आईटी प्लेटफार्म के माध्यम से विनियमित किया जाएगा।

**खास बातें**

- कैबिनेट की बैठक में 12 मसौदों को दी गई मंजूरी
- कर्मचारियों को स्वास्थ्य सुविधा के तहत अस्पतालों में इलाज को स्वीकृति दी

### नवीन सहायक कंपनियां यथावत काम करती रहेंगी



वर्तमान सिटी बस कंपनियों के कार्यालय भवन का उपयोग नवीन सहायक कंपनियां यथावत करती रहेंगी। कार्यालय की ऐसी अचल सपंतियां, जो नगरीय निकाय निधि से अर्जित या निर्मित हैं, उनका मूल्यांकन पृथक से किया जाकर, राशि की प्रतिपूर्ति परिवहन विभाग की ओर से की जाएगी। नवीन गठित होने वाली राज्य स्तरीय कंपनी को नगरीय विकास एवं आवास विभाग के पुर्नघनत्वीकरण नीति 2022 के तहत पर्यवेक्षण एजेंसी के रूप में शामिल किया जाएगा।

### नोटीफाइड रूट अनुसार निजी बस ऑपरेटर्स अनुबंधित किए जाएंगे

होल्डिंग कंपनी की ओ रसे एक कुशल आईटी प्लेटफार्म स्थापित करते हुए उस पर नोटीफाइड रूट अनुसार निजी बस ऑपरेटर्स को अनुबंधित किया जाएगा। होल्डिंग कंपनी मुख्यतः आईटी प्लेटफार्म के माध्यम से यात्रियों एवं अनुबंधित ऑपरेटर्स के लिए सुविधाजनक एप एवं एमआईएस, डैशबोर्ड आदि का संचालन करेगी तथा साथ ही राज्य एवं क्षेत्रीय सहायक कंपनी की मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल एवं कमांड सेन्टर का संचालन सुनिश्चित करेगी। यात्रियों की लास्ट माईल कनेक्टिविटी के लिए मल्टी मोडल ट्रान्सपोर्ट उपलब्ध कराना, उत्कृष्ट गुणवत्ता एवं मापदण्डों की अधोसंरचना का निर्माण कराना एवं दैनिंदिनी बस संचालन पर प्रभावी नियंत्रण भी इस नवगठित कंपनी के प्रमुख दायित्वों में रहेगा।

### टिकटों से लेकर बसों की टाइमिंग में आईटी का उपयोग

आईटी टेक्नोलॉजी सॉल्युशन के माध्यम से यात्रियों के लिए ई-टिकिट, मोबाइल एप जिससे बसों की ट्रेकिंग, आक्युपेंसी तथा यात्रा प्लानिंग हो सकेगी। साथ ही यात्रियों के लिए कैशलेस, टेपऑन-टेपऑफ सुविधा, एप के माध्यम से पैसेंजर इंन्फोर्मेशन सिस्टम आदि उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही अनुबंधित ऑपरेटर्स के लिए ऑपरेटर एप, वीडियो ऑडिट सॉफ्टवेयर (किसी भी समय बसों में यात्रियों की संख्या के लिए) फील्ड ऑडिट एप, एमआईएस/ डैशबोर्ड की सुविधा (रिर्पोट सहित), ऑपरेटर स्टाफ का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही राज्य एवं क्षेत्रीय सहायक कंपनी के लिए कंट्रोल एवं कमांड सेंटर सॉफ्टवेयर, बस, ऑटो, टैक्सी, मेट्रो के लिए एक बुकिंग प्लेटफार्म की सुविधा (ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स प्लेटफार्म), ऑनलाइन

### बसों के यात्रियों के लिए यह सुविधाएं

यात्रियों की लास्ट माईल कनेक्टिविटी एवं मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए ट्रेवल एप तैयार किया जाना, जिसमें बस, ऑटो, टेक्सी, ई-स्कूटर, मेट्रो आदि संकलित हो। पैसेंजर इन्फोर्मेशन सिस्टम की स्थापना भी बस स्टैण्ड, यात्री बसों पर रीयल टाइम बेसिस पर की जा सकती है। यह जानकारी मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से सीधे यात्रियों को मोबाईल पर मुहैया कराई जाएगी ।

# पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखकर ही किया जाएगा पर्यटन विकास



- राज्य मंत्रालय में वेटलैंड प्राधिकरण की हुई बैठक

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पर्यटन विकास के प्रयासों में पर्यावरण का भी ध्यान रखा जाना आवश्यक है। प्रकृति और पर्यावरण को क्षति पहुंचाए बिना ही पर्यटन विकास के सभी प्रकल्प क्रियान्वित किए जाएंगे। इस संबंध में समुचित परीक्षण के बाद आवश्यक निर्णय लिए जाएं। डॉ. यादव मध्यप्रदेश राज्य वेटलैंड प्राधिकरण की मंगलवार को मंत्रालय में पांचवीं बैठक को संबोधित कर रहे थे।

बैठक में वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार उपस्थित थे। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि पर्यावरण विभाग के स्तर पर वेटलैण्ड के भौतिक सत्यापन और सीमांकन कार्य की नियमित समीक्षा की जाए।

### सीएम ने दिए सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में प्रदेश में वेटलैण्ड्स के भौतिक सत्यापन और सीमांकन कार्य की जानकारी प्राप्त कर सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि इसरो-एसएसी-2021 (इसरो के अंतरिक्ष अनुप्रयोग केन्द्र) एटलस के अनुसार प्रदेश में भौतिक सत्यापन और सीमांकन का कार्य पर्यावरण विभाग के राज्य वेटलैण्ड प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। यह वेटलैण्ड्स 2.25 हैक्टेयर क्षेत्रफल से अधिक के हैं। यह कार्य राजस्व विभाग और वन विभाग के सहयोग और संबंधित जिला प्रशासन के नेतृत्व में करवाया जा रहा है। प्रदेश में 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में 13 हजार 454 वेटलैण्ड्स का जमीनी सत्यापन और 12 हजार 741 वेटलैण्ड्स के सीमांकन का कार्य पूरा हो चुका है। प्रदेश में कुछ ही वेटलैण्ड्स शेष हैं, जहां यह कार्य अभी चल रहा है। एक नया मोबाइल एप भी तैयार किया गया है।

ओड़िसा से गांजा तस्करी करने वाला गिरफ्तार

# 40 किलो गांजा और ट्रक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर के उरला थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 40 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है। यह कार्रवाई रियल इस्पात कंपनी के गेट के सामने रोड किनारे खड़े एक ट्रक से की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ट्रक में गांजा लादा गया है, जिसे ओड़िसा से गुजरात ले जाया जा रहा था।

सूचना के आधार पर उरला थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रक और गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जब्त किए गए माल की कीमत करीब 24 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि 1 अप्रैल 2025 को सुबह उरला थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि रियल इस्पात कंपनी के गेट के सामने रोड किनारे एक ट्रक खड़ा है, जिसमें भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा छिपाया गया है। ट्रक चालक इसे ओड़िसा से लाकर गुजरात ले जाने की तैयारी में था। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने अपनी टीम के साथ मौके पर छापेमारी की। पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली तो उसके टूल बॉक्स की डिक्की में चार रंगीन बोरियों में 40 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से ट्रक चालक को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम इरफान सा दीवान बताया, जो गुजरात के आनंद जिले का निवासी है। इरफान ने स्वीकार किया कि वह गांजा ओड़िसा से लाया था और इसे गुजरात में सप्लाई करने की योजना थी। उसने बताया कि वह रायपुर में लोहा लोड कराने के लिए रुका था, तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने ट्रक को भी जब्त कर लिया है और आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत मामला दर्ज किया है।

# नक्सल प्रभावित जिलों में निर्माण कार्यों के लिए बनेगी जिला निर्माण समिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नक्सल प्रभावित सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर जिलों में विकास कार्यों को गति देने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने इन जिलों में जिला निर्माण समिति के गठन को मंजूरी दे दी है।

सीएम साय ने साफ तौर पर कहा कि भ्रष्टाचार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जनता के पैसे से होने वाले कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। इस दिशा में सामान्य प्रशासन विभाग ने जिला निर्माण समिति के गठन के लिए औपचारिक आदेश जारी कर दिया है।

जिला निर्माण समिति की भूमिका मुख्यमंत्री ने बताया कि यह समिति निर्माण कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन, निगरानी और मूल्यांकन के लिए बनाई गई है।

### *कलेक्टर होंगे अध्यक्ष*

*समिति के अध्यक्ष जिला कलेक्टर होंगे, जबकि जिले के पुलिस अधीक्षक, सीईओ जिला पंचायत, डीएफओ, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री, जिला कोषालय अधिकारी और संबंधित कार्य के जिला प्रमुख अधिकारी इसके सदस्य होंगे। समिति का कार्यक्षेत्र संपूर्ण राजस्व जिला होगा। जिला कलेक्टर द्वारा समिति के माध्यम से किए जाने वाले कार्यों का निर्धारण किया जाएगा।*

### *कार्यों का आवंटन और नियम*

*जिन कार्यों को तीन बार ऑनलाइन निविदा आमंत्रित करने के बाद भी ठेकेदार नहीं मिलते, ऐसे अत्यावश्यक और अपरिहार्य निर्माण कार्यों को जिला निर्माण समिति के जरिए पूरा कराया जाएगा। हालांकि, जिन ब्लॉकों में नक्सल प्रभाव गहन नहीं है, वहां समिति के माध्यम से यथासंभव कार्य नहीं कराए जाएंगे। डीएमएफ/सीएसआर जैसी स्थानीय निधि से होने वाले कार्यों में प्राथमिकता पीडब्लूडी, आरईएस या पीएमजीएसवाई जैसी कार्य एजेंसियों को दी जाएगी।*

# केंद्रीय गृह मंत्री शाह 13 को नीमच में राज्य स्तरीय सहकारी दुग्ध उत्पादक सम्मेलन में होंगे शामिल

- दुग्ध उत्पादन में सहकारिता बढ़ाएं, दुग्ध उत्पादक समितियों और संघों को भी प्रोत्साहन देने के दिए निर्देश
- मुख्यमंत्री ने नीमच में होने वाले सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश को दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए दुग्ध उत्पादन में सहकारिता बढ़ाएं। इस काम के लिए गांव-गांव में उपलब्ध दुग्ध उत्पादक समितियों और दुग्ध उत्पादकों संघों को भी जोड़कर प्रोत्साहन दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह 13 अप्रैल को नीमच में राज्य स्तरीय सहकारी दुग्ध उत्पादक (गोपाल) सम्मेलन भाग लेंगे। इस सम्मेलन में राज्य शासन एमपीसीडीएफ, दुग्ध संघों एवं राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मध्य सहकार्यता अनुबंधों का निष्पादन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में 13 अप्रैल को नीमच में होने वाले सम्मेलन की प्रारंभिक तैयारियों की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे।

### दुग्ध उत्पादन पर पांच रुपए प्रति लीटर बोनस

डॉ.यादव ने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए स्व-सहायता समूहों के फेडरेशन, दुग्ध महासंघ, राष्ट्रीय डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड व दूध उत्पादन से जुड़ी अन्य संस्थाओं को एक मंच में लाकर इनसे मार्गदर्शन लेकर आगे बढ़ें। सरकार की ओर से दुग्ध उत्पादन पर पांच रुपए प्रति लीटर बोनस राशि का वितरण दुग्ध उत्पादक समितियों, दुग्ध उत्पादक संघों को देने पर विचार-विमर्श किया गया। पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, पटेल ने बताया कि सम्मेलन में आचार्य विद्यासागर जीवदया (गौसेवा) सम्मान योजना के तहत राज्य स्तरीय चयनित तीन गौशालाओं को संस्थागत श्रेणी के तीन पुरस्कार एवं चार संस्थाओं को सांत्वना पुरस्कार सहित गौसेवा के लिए व्यक्तिगत श्रेणी के तीन पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।

### प्रदेश स्तरीय दुग्ध उत्पादक सम्मेलन में लगेगी प्रदर्शनी

प्रमुख सचिव पशुपालन उमाकांत उमराव ने बताया कि प्रदेश स्तरीय दुग्ध उत्पादक सम्मेलन में प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। प्रदर्शनी में ब्रीडिंग की नवीन तकनीकों का प्रदर्शन होगा। इसमें सार्टेड सीमन, एम्ब्रियों ट्रांसफर टेक्नोलॉजी (इटीटी) एवं गौ-चिप जैसी नई तकनीकों का विशेष रूप से प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा पंचगव्य (दूध, दही, घी, गोबर, गोमूत्र) आधारित उत्पादों की प्रदर्शनी में बायोगैस, जैविक खाद, गौ-शिल्प, दैनिक उत्पाद की सामग्री, फिनाइल एवं पेंट आदि भी प्रदर्शित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कैबिनेट बैठक के पहले मंत्रियों को दी जानकारी

# वृहद इकाइयों को दिया गया 3100 करोड़ का लंबित इन्सेन्टिव, कोई भुगतान लंबित नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र उद्योग क्षेत्र को प्रोत्साहन देने वाला ऐसा राज्य है, जहां औद्योगिक इकाइयों को राशि के भुगतान का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। ऐसा कोई भी भुगतान लंबित नहीं है, जो औद्योगिक इकाइयों को देय था। ऐसा कार्य करने वाला मप्र प्रथम राज्य है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट की बैठक के पहले मंत्रियों को राज्य शासन की प्राथमिकताओं और गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने मंत्रियों से कहा कि वृहद इकाइयों को 3100 करोड़ का लंबित इन्सेन्टिव दिया गया। कोई भुगतान लंबित नहीं है। सीएम ने कहा कि मंत्री स्कूल चले हम अभियान में अपने जिलों में हर हाल में दौरे कर निरीक्षण करें। इसके साथ ही वे यह भी देखे कि जिले में गेहूं की खरीदी की स्थित क्या है। उन्होंने कहा कि किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 2600 रुपए प्रति क्विंटल की जा रही है। जिले के प्रभारी मंत्री और जनप्रतिनिधि तोल कांटे आदि व्यवस्थाओं का अवलोकन कर इस कार्य के सुचारू संचालन में सहयोग करें। प्रदेश में 14.76 लाख किसानों की ओर से पंजीयन करवाया गया है।



### औद्योगिक इकाइयों को राशि का भुगतान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र ऐसा एकमात्र राज्य है, जहां वृहद और लघु सूक्ष्म, मध्यम उद्योगों के समस्त देयकों का भुगतान पूर्ण हो चुका है। शासन औद्योगिकीकरण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है। एमएसएमई विभाग के तहत औद्योगिक इकाइयों को 1075 करोड़ रुपए के लम्बित इन्सेन्टिव का भुगतान किया जा रहा है। वर्ष 2024-25 में एमएसएमई इकाइयों को कुल 2162 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। इसी तरह राज्य सरकार डीबीटी के माध्यम से एमएसएमई और वृहद इकाइयों के लिए 1777 करोड़ रुपए की देय इन्सेन्टिव राशि का भुगतान कर रही है।

### 85 लाख विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकें दी जाएंगी

#### विक्रम संवत-2082 की बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सर्वप्रथम सभी मंत्रियों को भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत-2082 प्रारंभ होने की बधाई और मंगलकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय सनातन परंपरा का अपना महत्व है। प्रदेश में गुड़ी पड़वा पर्व का ऐतिहासिक आयोजन किया गया। यह सौभाग्य की बात है कि सम्राट विक्रमादित्य मप्र से हैं।

#### स्कूल चलें हम अभियान

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'स्कूल चलें हम' अभियान के तहत एक अप्रैल से प्रवेशोत्सव शुरूहुआ है। मंत्री अपने प्रभार के जिले में एक से चार अप्रैल तक प्रवेश उत्सव को सफल बनाने का प्रयास करें। राज्य में लगभग 85 लाख विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकें प्रदान करने का निर्णय लिया गया। प्रवेशोत्सव में इसी माह स्कूल की किताबें बांटी जानी हैं।

# जीईसी में डेटा साइंस, वीएलएसआई के साथ शुरू होगी पीजी की पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज (जीईसी) में शिक्षा सत्र 2025-26 से पोस्ट ग्रेजुएशन (एम.टेक) की पढ़ाई शुरू हो जाएगी। नए पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए कॉलेज की तरफ से अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद को पत्र लिखा गया था। एआईसीटीई की टीम 26 मार्च को कॉलेज का निरीक्षण कर चुकी है। उम्मीद है कि जल्द ही नए पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए वहां से अनुमति मिल जाएगी। बता दें कि राजकीय कॉलेज होने की वजह से संस्थान की ओर से पहले राज्य शासन से पाठ्यक्रम शुरू करने की अनुमति मांगी है। कॉलेज प्रबंधन की तरफ से सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल जैसे छह पीजी कोर्स शुरू करने के लिए अनुमति मांगी गई थी। इसमें से सिर्फ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कंप्यूटर साइंस ब्रांच के दो पीजी कोर्स 18-18 सीटों के साथ शुरू करने की अनुमति मिली थी। इस पाठ्यक्रम में छात्रों को 20 से 22 हजार रुपए शुल्क देना होगा। पाठ्यक्रम में प्रवेश गेट परीक्षा से होगा। एआइसीटीई से फाइनल अप्रूवल आना बाकी राज्य शासन से अनुमति मिलने के बाद एआइसीटीई को आवेदन किया गया था। वहां से अभी फाइनल अप्रूवल आना बाकी है। यहां पर डेटा साइंस एम्डेड सिस्टम एंड वीएलएसआई की पढ़ाई करने का मौका मिलेगा।

# खबर संक्षेप



## हुंडई की कुल बिक्री मार्च में तीन प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** हुंडई मोटर इंडिया ने कहा कि मार्च, 2025 में उसकी कुल बिक्री सालाना आधार पर तीन प्रतिशत बढ़कर 67,320 इकाई हो गई। कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में 65,601 वाहन बेचे थे। मार्च में कंपनी ने घरेलू बाजार में डीलरों को 51,820 वाहन भेजे। एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 53,001 इकाई थी। मार्च में कंपनी का निर्यात 12,600 इकाई से बढ़कर 15,500 इकाई पर पहुंच गया। वित्त वर्ष 2024-25 में, वाहन कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष के 7,77,876 इकाइयों की तुलना में 7,62,052 इकाइयों की बिक्री दर्ज की।

## रुपया दो पैसे टूटकर 85.52 प्रति डॉलर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को रुपया सीमित दायरे में कारोबार के बीच दो रुपये के नुकसान के साथ 85.52 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी शुल्क पर चिंताओं और विदेशी पूंजी की निकासी से भारतीय मुद्रा वित्त वर्ष 2025-26 के पहले कारोबारी सत्र में सपाट रही। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने भी रुपये पर दबाव डाला।

## ईपीएफओ ने 15 अतिरिक्त बैंकों को किया शामिल



**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने अंशदान एकत्र करने के लिए अपने पैनल में शामिल बैंक नेटवर्क में 15 अतिरिक्त बैंकों को शामिल करने की घोषणा की। इससे पैनल में शामिल बैंकों की कुल संख्या 32 हो गई है। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि ईपीएफओ ने केंद्रीय श्रम मंत्री मांडविया की मौजूदगी में 15 अतिरिक्त सार्वजनिक/निजी क्षेत्र के बैंकों के साथ समझौते किये। पैनल में शामिल 15 बैंक सालाना संग्रह में 12,000 करोड़ रुपये का सीधा भुगतान करने में सक्षम होंगे।

## पूनम गुप्ता रिजर्व बैंक की डिप्टी गवर्नर नियुक्त

**नई दिल्ली।** सरकार ने प्रतिष्ठित शोध संस्थान नेशनल काउंसिल



ऑफ एप्लॉयड इकनॉमिक रिसर्च की महानिदेशक पूनम गुप्ता को तीन साल के लिए भारतीय रिजर्व बैंक का डिप्टी गवर्नर नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है। माइकल देबव्रत पात्रा के जनवरी में पद छोड़ने के बाद आरबीआई में डिप्टी गवर्नर का पद खाली हो गया था। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने गुप्ता की आरबीआई में डिप्टी गवर्नर पद पर नियुक्ति को उनके कार्यभार संभालने की तारीख से तीन साल के लिए मंजूरी दी है।

## ओम फ्रेड का आईपीओ के लिए दस्तावेज दाखिल




**नई दिल्ली।** लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता ओम फ्रेट फॉरवर्डर्स लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के जरिये धन जुटाने के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए हैं। सेबी के समक्ष दाखिल दस्तावेजों के अनुसार, आईपीओ 25 करोड़ रुपये के नए शेयर और 72.50 लाख शेयर की बिक्री पेशकश का संयोजन हैं। मुंबई स्थित थर्ड पार्टी लॉजिस्टिक सेवा प्रदाता ओम फ्रेट फॉरवर्डर्स लिमिटेड समुद्र, हवा, सड़क और रेल सहित विभिन्न साधनों से परिवहन सेवा प्रदान करती है।

# क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल से बच रहे लोग, 8 माह के दौरान सबसे कम फरवरी में खर्च

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दैनिक रोजमर्रा के खर्च में बिल भरने से लेकर शॉपिंग तक क्रेडिट कार्ड आज जीवन का एक अहम हिस्सा बन चुका है। लगातार बढ़ते डिजिटल ट्रांजेक्शन में यूपीई पेमेंट के साथ ही क्रेडिट कार्ड की भी बहुत अहम भूमिका रही। लेकिन क्रेडिट कार्ड से खर्च में कमी आ रही है।

जी हां, पिछले आठ महीने के दौरान सबसे कम क्रेडिट कार्ड से खर्च लोगों ने फरवरी के महीने में किया है। रिजर्व बैंक के मुताबिक, फरवरी के महीने में क्रेडिट कार्ड से सिर्फ 1.67 लाख करोड़ रुपए ही खर्च किए गए हैं। हालांकि, क्रेडिट कार्ड से कम खर्च का ये आंकड़ा उस महीने का है जब अधिकतर स्टूडेंट्स अपने बोर्ड एग्जाम को लेकर व्यस्त थे, जबकि नए क्रेडिट कार्ड जारी करने की संख्या आधी हो गई है।

एक रिपोर्ट के अनुसार जनवरी में 8.2 लाख क्रेडिट कार्ड जारी किए गए थे, जो फरवरी में 4.4 लाख हो गए। इसके अलावा, शेयर बाजार में पिछले दो महीने में गिरावट की इसकी एक मुख्य वजह रही। उससे पहले लोगों ने क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल उस वक्त किया जब उनके शेयर में निवेश ने शानदार परफॉर्म किया। लेकिन, शेयर बाजार में लगातार गिरावट का दौर है, ऐसे में ज्यादातर ने खरीददारी से खुद को परहेज किया है, खासकर मेट्रोपॉलिटन शहरों में।

## फरवरी के महीने में क्रेडिट कार्ड से सिर्फ 1.67 लाख करोड़ रुपए खर्च

### एसबीआई, एचडीएफसी से कुछ ही कस्टमर जुड़े

क्रेडिट कार्ड जारी करने वाले बड़े बैंक जैसे-एसबीआई, एचडीएफसी और आईसीआईसीआई से कुछ ही नए कस्टमर जनवरी के फरवरी के महीने में जुड़े हालांकि, कुल कार्ड की संख्या जिसका इस्तेमाल हुआ वो जनवरी के 10.88 करोड़ के मुकाबले थोड़ा बढ़कर फरवरी में 10.93 करोड़ हो गए।




### लोगों की आदतें बदलने लगी है

उपभोक्ताओं की खर्च की आदतें भी बदलने लगी हैं। अब लोग स्टोर्स पर कार्ड्स से भी भुगतान कम कर रहे हैं, जो जनवरी में 69,429 करोड़ से घटकर फरवरी में 62,124 करोड़ हो गया। जबकि, ऑनलाइन भुगतान में भी कमी देखी जा रही है, जो जनवरी में 1.15 लाख करोड़ से घटकर फवरी में 1.05 लाख करोड़ हो गया। एक्सपर्ट्स का कहना है कि ये इंडस्ट्री लगातार आगे बढ़ेगी लेकिन धीमी रफ्तार से, क्योंकि कड़े उधार लेन-देन पॉलिसी, उपभोक्ता के बढ़ते ऋण और आर्थिक अनिश्चितताओं की वजह से।

## विशेषज्ञों का कहना, जवाबी शुल्क से कई क्षेत्र होंगे प्रभावित

# अमेरिकी शुल्क से कृषि, मशीनरी, औषधि इलेक्ट्रिकल क्षेत्रों पर पड़ सकता है असर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के भारतीय उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगाने से कृषि, बहुमूल्य पत्थर, रसायन, औषधि, चिकित्सकीय उपकरण, इलेक्ट्रिकल व मशीनरी सहित क्षेत्रों के सामान प्रभावित हो सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इन क्षेत्रों में उच्च शुल्क अंतर के कारण अमेरिकी प्रशासन से अतिरिक्त सीमा शुल्क का सामना करना पड़ सकता है। 'उच्च शुल्क अंतर' किसी उत्पाद पर अमेरिका और भारत द्वारा लगाए गए आयात शुल्कों के बीच का अंतर है। व्यापक क्षेत्र स्तर पर, भारत और अमेरिका के बीच संभावित शुल्क अंतर विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग है।

## उच्च शुल्क अंतर अमेरिका व भारत द्वारा लगाए गए शुल्कों के बीच का अंतर



### शुल्क अंतर जितना अधिक क्षेत्र उतना प्रभावित

रसायनों तथा औषधि पर यह अंतर 8.6 प्रतिशत; प्लास्टिक पर 5.6 प्रतिशत; वस्त्र व परिधान पर 1.4 प्रतिशत; हीरे, सोने तथा आभूषणों पर 13.3 प्रतिशत; लोहा, इस्पात व आधार धातुओं पर 2.5 प्रतिशत; मशीनरी व कंप्यूटर पर 5.3 प्रतिशत; इलेक्ट्रॉनिक पर 7.2 प्रतिशत और वाहन तथा उसके घटकों पर 23.1 प्रतिशत है। एक निर्यातक ने कहा, '' शुल्क अंतर जितना अधिक होगा, क्षेत्र उतना ही अधिक प्रभावित होगा।''

### 40 फीसदी झींगा निर्यात भारत से

भारत के कुल झींगा निर्यात में से हम 40 प्रतिशत अमेरिका को निर्यात करते हैं।'' उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका प्रतिस्पर्धी देशों इक्वाडोर और इंडोनेशिया पर भी इसी तरह का शुल्क लगाए तो भारतीय निर्यातकों को कुछ राहत मिल सकती है। भारत के प्रसंस्कृत खाद्य, चीनी तथा कोको निर्यात पर भी असर पड़ सकता है क्योंकि शुल्क अंतर 24.99 प्रतिशत है।

### पिछले साल निर्यात 1.03 अरब डॉलर

पिछले साल इसका निर्यात 1.03 अरब अमेरिकी डॉलर था। इसी प्रकार, अनाज, सब्जियां, फल तथा मसालों के बीच शुल्क अंतर 5.72 प्रतिशत है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि 18.149 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के दुग्ध उत्पादों के निर्यात पर 38.23 प्रतिशत के अंतर का ''गंभीर'' असर पड़ सकता है, जिससे घी, मक्खन और दूध पाउडर महंगे हो जाएंगे।

### सबसे अधिक प्रभावित मछली, मांस

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के विश्लेषण के अनुसार, कृषि में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र मछली, मांस व प्रसंस्कृत समुद्री भोजन होगा। इसका 2024 में निर्यात 2.58 अरब अमेरिकी डॉलर था और इसे 27.83 प्रतिशत शुल्क अंतर का सामना करना पड़ेगा।

### शुल्क से प्रतिस्पर्धा काफी कम होगी

झींगा जो अमेरिका का एक प्रमुख निर्यात है, अमेरिकी शुल्क लागू होने के कारण काफी कम प्रतिस्पर्धी हो जाएगा। कोलकाता स्थित समुद्री खाद्य निर्यातक एवं मेगा मोडा के प्रबंध निदेशक योगेश गुप्ता ने कहा, '' अमेरिका में हमारे निर्यात पर पहले से ही डंपिंग रोधी और प्रतिपूरक शुल्क लागू हैं। शुल्कों में अतिरिक्त वृद्धि से हम अप्रतिस्पर्धी हो जाएंगे।

# शेयर बाजार में तेजी लौटी सेंसेक्स 593 अंक चढ़ा



### एशियाई बाजार में मिलाजुला रुख

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की तथा चीन का शंघाई कम्पोजिट सकारात्मक दायरे में रहे जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में ज्यादातर में गिरावट का रुख रहा।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी आई और दोनों मानक सूचकांक अच्छी-खासी बढ़त में रहे। बीएसई का 30 शेयर वाला सेंसेक्स लगभग 593 अंक चढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी 167 अंक के लाभ में रहा। विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक के मजबूत आंकड़े और हाल में गिरावट के बाद निचले स्तर पर लिवाली से बाजार में तेजी आई। बीएसई सेंसेक्स 592.93 अंक यानी 0.78 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,617.44 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 655.84 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 166.65 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,332.35 अंक पर बंद हुआ। निचले स्तर पर चुनिंदा वाहन, बैंक तथा आईटी शेयरों में लिवाली के साथ देश के विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि मार्च में आठ महीने के उच्च स्तर पर आने से घरेलू शेयर बाजार बढ़त में रहे।

### जोमैटो में रही पांच फीसदी की तेजी

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से जोमैटो का शेयर करीब पांच प्रतिशत चढ़ा। इसके बाद, टाइटन का स्थान रहा जिसमें लगभग चार प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा इंडसइंड बैंक, मारुति, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, भारती एयरटेल और एचडीएफसी बैंक में भी प्रमुख रूप से तेजी रही।

# भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि आठ माह के उच्च स्तर पर

## बेहतर मांग के बीच कारखाने के ऑर्डर व उत्पादन में वृद्धि

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर मार्च में बढ़कर आठ महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। बेहतर मांग की स्थिति के बीच कारखाना ऑर्डर और उत्पादन में तीव्र वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। बुधवार को एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) मार्च में 58.1 रहा जो फरवरी में 58.1 था। फरवरी में, नए ऑर्डर तथा उत्पादन में धीमी वृद्धि के बीच भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि 14 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गई थी।

पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा संकुचन को दर्शाता है। भारत में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि ने फरवरी में खोई हुई जमीन वापस पा ली है, जो मुख्य रूप से इसके सबसे बड़े उप-घटकः नए ऑर्डर सूचकांक के मजबूत योगदान से प्रेरित रही।

सर्वेक्षण में कहा गया, ''मार्च में कुल बिक्री में जुलाई 2024 के बाद से सबसे अधिक वृद्धि देखी गई, जिसका श्रेय कंपनियों ने सकारात्मक ग्राहक रुचि, अनुकूल मांग की स्थिति और सफल विपणन पहल को दिया।''



### बढ़ती मांग पूरा करने भंडार का उपयोग

बढ़ती मांग से कंपनियों को ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपने भंडार का उपयोग करना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप जनवरी 2022 के बाद से तैयार माल के भंडार में सबसे तेज गिरावट आई। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 विनिर्माताओं के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

## यूपीआई में लेन-देन दूसरी छमाही में 42 प्रतिशत बढ़ा





**नई दिल्ली।** देश में डिजिटल भुगतान के मामले में यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) की लोकप्रियता बनी हुई है। यूपीआई के जरिये लेन-देन की संख्या 2024 की दूसरी छमाही में सालाना आधार पर 42 प्रतिशत बढ़कर 93.23 अरब पहुंच गई है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। वर्ल्डलाइन की 2024 की दूसरी छमाही की 'इंडिया डिजिटल भुगतान रिपोर्ट' के अनुसार, मात्रा और मूल्य के मामले में तीन यूपीआई मंच... फोनपे, गूगल पे और पेटीएम का दबदबा बना हुआ है। लेन-देन की मात्रा के संदर्भ में, दिसंबर 2024 में, सभी लेन-देन में इन तीनें ऐप की हिस्सेदारी 93 प्रतिशत रही। लेन-देन मूल्य के संदर्भ में, हिस्सेदारी 92 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में कहा गया, ''बीते वर्ष की दूसरी छमाही में यूपीआई लेनदेन की मात्रा सालाना आधार पर 42 प्रतिशत बढ़कर 93.23 अरब हो गई।

# सोना 94,150 रुपए के उच्च स्तर पर स्थिर, चांदी टूटी

## ट्रंप के जवाबी शुल्क के कारण सोने की कीमते रही स्थिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका द्वारा जवाबी शुल्क लगाए जाने की चिंताओं के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 94,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर स्थिर बनी रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना करीब दो माह की सबसे तेज बढ़त यानी 2,000 रुपये की तेजी के साथ 94,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 93,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर स्थिर कारोबार करता रहा। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत सहित विभिन्न देशों पर जवाबी शुल्क के लागू होने से पहले सोने की कीमतें स्थिर रहीं। हालांकि, चांदी की कीमतें मंगलवार के बंद स्तर 1,02,500 रुपये प्रति किलोग्राम से 1,000 रुपये घटकर 1,01,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि यह घटना (जवाबी शुल्क) सभी वित्तीय परिसंपत्ति वर्गों में अस्थिरता की एक नई लहर का कारण बनेगी।''



### अस्थिर समय कीमती धातुओं के लिए फायदेमंद

गांधी ने कहा, ''निवेशक यह आकलन करेंगे कि शुल्कों का अगला दौर वैश्विक व्यापार, वैश्विक अर्थव्यवस्था और भू-राजनीतिक मोर्चे को कैसे प्रभावित करेगा, और उसके अनुरूप प्रतिक्रिया देगा। अनिश्चित (अस्थिर) समय आमतौर पर कीमती धातुओं के लिए फायदेमंद होता है।''

# मारुति आठ अप्रैल से कारों के दाम 62,000 तक बढ़ाएगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) आठ अप्रैल से अपने विभिन्न मॉडल की कीमतों में 2,500-62,000 रुपये तक की बढ़ोतरी करेगी। वाहन कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने कच्चे माल की बढ़ती लागत, परिचालन व्यय, नियामकीय बदलाव और नई विशेषताएं जोड़े जाने के कारण कार की कीमतों में वृद्धि की योजना बनाई गई है।

कंपनी ने कहा कि हालांकि वह लागत को अनुकूलतम स्तर पर लाने और अपने ग्राहकों पर प्रभाव को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन उसे बढ़े हुए खर्चों का कुछ हिस्सा बाजार पर डालने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है।




### एसयूवी फ्रॉन्क्स की कीमत 2500 रुपए बढेगी

मारुति सुजुकी ने कहा कि वह कॉम्पैक्ट एसयूवी फ्रॉन्क्स की कीमत 2,500 रुपये, डिजायर टूर एस की कीमत 3,000 रुपये और बहु-उद्देश्यीय वाहन एक्सएल6 और अर्टिगा की कीमत 12,500 रुपये बढ़ाएगी। कंपनी ने कॉम्पैक्ट मॉडल वैगन आर की कीमत 14,000 रुपये और ईको वैन की कीमत 22,500 रुपये बढ़ाने की भी योजना है।

## सीआईएल के चेयरमैन ने कहा, कंपनी अधिग्रहण के लिए सक्रिय

# कोल इंडिया की नजर अर्जेंटीना के लिथियम ब्लॉक पर

एजेंसीः नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक पी एम प्रसाद ने बुधवार को कहा कि कंपनी अर्जेंटीना में लिथियम ब्लॉक हासिल करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है और उसकी नजर ऑस्ट्रेलिया में एक महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक पर है। प्रसाद ने 11वे खनन सम्मेलन एशियाई खनन कांग्रेस और 11वीं अंतरराष्ट्रीय खनन प्रदर्शनी के आयोजन के बारे में जानकारी देने के दौरान संवाददाताओं से कहा, 'अर्जेंटीना में हम सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं... टीमों ने अर्जेंटीना का दो से तीन बार दौरा किया। हमने सरकार से सरकार के बीच बातचीत की।'



### सीआईएल कोयले पर निर्भरता कम कर रही

महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सीआईएल का प्रवेश, कोयले पर अपनी निर्भरता कम करने तथा स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के लिए इन खनिजों को प्राथमिकता देने के वैश्विक रुझानों के साथ तालमेल बिठाने की आवश्यकता से प्रेरित है।

### पिछले वित्त वर्ष में 78.11 करोड़ टन कोयले का उत्पादन

सीआईएल ने पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में 78.11 करोड़ टन कोयला उत्पादन किया, जो कंपनी के वित्त वर्ष के 83.8 करोड़ टन के लक्ष्य से लगभग सात प्रतिशत कम है। प्रसाद ने कहा कि 16 अप्रैल से कोकिंग और नॉन-कोकिंग कोयला, दोनों के लिए 10 रुपये प्रति टन की कीमत वृद्धि से कंपनी के राजस्व पर मामूली प्रभाव पड़ेगा। इस वर्ष मार्च के अंत तक सीआईएल का खान के पास का भंडार अबतक का सर्वाधिक 10.6 करोड़ टन था।

### बैटरी उत्पादन के लिए लिथियम जरूरी

लिथियम सहित महत्वपूर्ण खनिज, पवन चक्की से लेकर इलेक्ट्रिक कारों तक स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इलेक्ट्रिक कारों के लिए बैटरी के उत्पादन के लिए इनकी विशेष रूप से मांग है। चेयरमैन ने कहा कि इस साल बिजली उत्पादन इकाइयों में कोयले की कमी नहीं होगी।

### घरेलू कोयला उत्पादन में 80 फीसदी की भागीदारी

कंपनी का घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक का हिस्सा है। सीआईएल ने चालू वित्त वर्ष (2025-26) में 87.5 करोड़ टन उत्पादन का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष के लिए कंपनी का आपूर्ति लक्ष्य 90 करोड़ टन है।

### महिला आरक्षण लागू करने महिला आक्रोश संगोष्ठी, ज्ञापन भी सौंपा

# देश की आधी आबादी की भागीदारी के बिना लोकतंत्र अधूरा है



**जबलपुर।** सरकार द्वारा 33% महिला आरक्षण शीघ्र लागू करने हेतु सिविक सेंटर स्थित इंदिरा गांधी की प्रतिमा के समक्ष महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल के नेतृत्व और शहर अध्यक्ष श्रीमती कमलेश यादव के संयोजन में 'महिला आक्रोश संगोष्ठी' के साथ ही महामहिम राष्ट्रपति के नाम महिला आरक्षण शीघ्र लागू करने बाबत एक ज्ञापन सौंपा गया। इस महिला आक्रोश संगोष्ठी को शहर अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, सुश्री कौशल्या गोंटिया, जमुना मरावी, अंजू बघेल, विनीता सिंह यादव, संगीता त्रिपाठी, मनीषा अवस्थी, यशोदा पांडे, कंचन तिवारी, श्वेता दुबे आदि द्वारा संबोधित किया गया। म.प्र. महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा पटेल द्वारा अपने द्बोधन में कहा गया कि यह आरक्षण महिलाओं के राजनीतिक सामाजिक और आर्थिक सशक्तिरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। महिला आरक्षण विधेयक जो संसद और राज्य सभाओं में महिलाओं को 33% आरक्षण देने का प्रावधान करता है, इसे पारित करने हेतु कोई कार्यवाही न करना महिलाओं के साथ किया जा रहा एक छलावा है, जो हमें स्वीकार नहीं। इसके क्रियान्वयन में किसी प्रकार की देरी न की जाए और इसे आगामी लोकसभा चुनाव से पहले प्रभावी किया जाए। साथ ही वंचित वर्ग की महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति जनजाति के लिए भी आरक्षण सुनिश्चित किया जाए, महिलाएं देश की आधी आबादी हैं और उनकी भागीदारी के बिना लोकतंत्र अधूरा है। यदि सरकार वास्तव में महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है, तो उसे इस विधेयक को जल्द से जल्द लागू करना चाहिए। हमें अपने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा हेतु आंदोलन के लिए बाध्य न किया जाए।

महिला आरक्षण विधेयक को तुरंत लागू किया जाए ताकि महिलाओं को उनकी जनसंख्या के अनुपात में उचित प्रतिनिधित्व मिले। संगोष्ठी में कमलेश यादव (अध्यक्ष) द्वारा आभार व्यक्त किया गया। संगोष्ठी का संचालन इंदिरा पाठक तिवारी द्वारा किया गया।

संगोष्ठी में मुख्य रूप से राखी रज्जू सराफ, सुधा जैसवाल, तबस्सुम, अनीता पटेल, निर्मला खान्ना, ज्योति महतो, शबनम, अनीता बिरहा, तारा चौधरी, ममता तिवारी, सीमा तिवारी, संगीता मिश्रा, मालती यादव सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थीं।



## कालीधाम गौरीघाट में 551 अखंड ज्योति कलश के दर्शन पंचमी तिथि से प्रारंभ

**जबलपुर।** श्री सिद्ध शक्तिपीठ कालीधाम गौरीघाट के संस्थापक एवं संचालक पंचखंड द्वादश पीठाधीशवर दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती स्वामी प्यारेनंद महाराज एवं महामण्डलेश्वर डॉ. स्वामी राधेचैतन्य महाराज द्वारा कालीधाम शिष्य परिवार की ओर से 551 अखंड मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना कालीधाम में की गई है। इस शुभ अवसर पर आचार्य पुरोहितों के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूज्य गुरूदेव महाराज द्वारा माँ भगवती का अभिषेक प्रतिदिन किया जा रहा है। अनिल उसरेटे ने जानकारी देते हुए बताया कि अखंड ज्योति कलश के दर्शन पंचमी तिथि से प्रारंभ होंगे। कालीधाम परिवार ने सभी श्रद्धालुओं से दर्शन लाभ की अपील की है।

## शक्ति की उपासना के साथ हो रही भक्ति

### मातारानी के प्यारे सजे हैं दरबार

**जबलपुर।** वासंतेय नवरात्र पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। हर तरफ देवी के जयकारे गूंज रहे हैं। नौ दिनों का उपवास रखे श्रद्धालु पूजा-पाठ और उपासना में लीन हैं। शक्ति की उपासना पूरी भक्ति के साथ की जा रही है। श्रद्धा और आस्था का सैलाब देवी मंदिरों में उमड़ रहा है। भजन-कीर्तन और देवी के जगराता के आयोजन भी प्रारंभ हो गये हैं। मठ मंदिरों को आकर्षक विद्युत छटाओं से सजाया गया है। श्रद्धालु भक्ति में लीन हो गये हैं। नौ दिनों के उपवास रखने वाले भक्त सुबह-शाम हवन पूजन और दुर्गा सप्तसती का पाठ कर रहे हैं।

नगर के प्रसिद्ध देवी मंदिर देवालय, आकर्षक रंग बिरंगी विद्युत छटाओं से जगमगा रहे हैं। मंदिरों में नवरात्र के मेले का माहौल बना हुआ है। सूर्योदय के साथ ही मंदिरों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम प्रारंभ हो जाता है, जो देर रात तक अनवरत चलता है। नवरात्र पर बड़ी खेरमाई मंदिर भानतलैया, बूढ़ी खेरमाई मंदिर चारखंबा, छोटी देवन राईट टाऊन, छोटी देवन दीक्षितपुरा, त्रिपुर सुन्दरी मंदिर तेवर, श्री बगलामुखी मंदिर सिद्धपीठ मढ़ाताल, मॉ शारदा देवी मंदिर बरेला, काली मंदिर सदर, शीतलामाई मंदिर घमापुर में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। मढ़ाताल सिविक सेंटर स्थित श्री शंकराचार्य मठ में स्थापित बगला मुखी के मंदिर की यज्ञ शाला में प्रज्वलित की गई अखण्ड मनोकामना ज्योति बस देखते ही बनती है। यहां नित्य प्रति महा आरती अर्चन के अनुष्ठान हो रहे हैं। वासंतेय नवरात्र की चौथ एवं पंचमी के संयुक्त तिथि पर चौथा कूष्माण्डा और पांचवे स्वरूप स्कन्दमाता का पूजन अर्चन कर उपासना की गई, वहीं आज षष्ठी पर देवी के छठवें स्वरूप कात्यायनी माँ का पूजन अर्चन कर उपासना की जाएगी।



## निःशुल्क उपनयन संस्कार एवं परिचय सम्मेलन 30 अप्रैल को


**जबलपुर।** परशुराम धाम ग्वारीघाट में निःशुल्क उपनयन संस्कार एवं परिचय सम्मेलन भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर 30 अप्रैल को आयोजित होगा जिसका पंजीयन प्रारंभ हो चुका है, सभी शहरवासियों एवं आसपास के विप्रबंधु से अपील है कि 30 अप्रैल को उपनयन संस्कार एवं परिचय सम्मेलन में परशुराम धाम ग्वारीघाट में बड़ी संख्या में शामिल हों। यह आयोजन पूर्णतया निःशुल्क आयोजित किया जा रहा है। उप कार्यालय संपूर्ण ब्राह्मण मंच गढ़ा मेन रोड जबलपुर में अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। धनंजय वाजपेई, रावेंद्र तिवारी, पुष्पा तिवारी, आभा तिवारी, यदुवंश मिश्रा, डॉक्टर अरुण मिश्रा, निशांत शर्मा, सुधाकर मिश्रा, सत्यदेव तिवारी, माधव पांडे, इंजी. रविंद्र तिवारी, कमलेश तिवारी, एड. आनंद जोशी आदि ने उपस्थिति की अपील की है।

## युवा कांग्रेस ने ईसाई धर्म गुरु के साथ मारपीट के आरोपियों पर कार्यवाही के लिए घेरा रांझी थाना

**जबलपुर।** युवा कांग्रेस के तत्वावधान में संगठन के नगर अध्यक्ष विजय रजक व चंदन चौधरी के नेतृत्व में आज युवक कांग्रेस के सैकड़ों साथियों के साथ रांझी थाना का घेराव किया गया। संगठन ने आरोप लगाया कि 31 मार्च को थाना परिसर में थाना प्रभारी व थाना स्टाफ के सामने भाजपा समर्थित हिंदूवादी संगठनों के कुछ असामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा ईसाई धर्म गुरु डॉ. डेविस जॉर्ज के साथ हाथापाई की गई, यदि मौके पर थाना प्रभारी व पुलिस प्रशासन नहीं होता तो आरोपियों के द्वारा और भी बड़ी घटना को अंजाम दिया जा सकता था, घटना के तत्काल बात से ही पीड़ित पक्ष व समुदाय के द्वारा लगातार आरोपियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की जा रही है, लेकिन थाना प्रभारी के सामने हुई घटना व घटना का वीडियो होने के बाद भी अभी तक पुलिस प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही न की



जाना दर्शाता है कि पुलिस किस तरह सत्ता के अधीन कार्य कर रही है, इससे पहले भी ईसाई समुदाय द्वारा पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर इस घटना पर कार्यवाही की मांग की गई थी लेकिन अभी तक कार्यवाही न करना बहुत निंदनीय है, संगठन ने 24 घंटे में कार्यवाही न किये जाने पर बड़े प्रदर्शन की चेतावनी दी है।आज के प्रदर्शन में नगर अध्यक्ष विजय रजक, चंदन चौधरी, रविन्द्र कुशवाहा, रंजीत यादव, अमरचंद बावरिया, आशु वत्स, रामदास यादव, राजेन्द्र मिश्रा, सोनू दुबे, जग्गू विश्वकर्मा, अनिल सोनकर, केके मिश्रा, कौशल यादव, सिद्धांत जैन, अमित मिश्रा, मनोज लोधी, देवदास बघेल, प्रतीक चौकसे, अकबर खान, अर्पित सोनकर, आकाश तिवारी, शुभम रजक, सुमित गुप्ता, मोहित बंशकार, प्रतीक शुक्ला, अंशुल बर्मन, अतुल चौधरी, मोहन रजक आदि उपस्थित थे।



## युवाओं को अग्निवीर तौर पर सशस्त्र बलों में भी मिलेगा मौका

**जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय जबलपुर के अंतर्गत बुधवार को विद्यार्थियों को 'अग्निपथ योजना' के अंतर्गत अग्निवीर सेना भर्ती की जानकारी प्रदान की गई।प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना ने बताया कि अग्निपथ योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। जिसका उद्धेश्य भारतीय सशस्त्र बलों में युवाओं की प्रतिभागिता बढ़ाना है। योजना का मुख्य उददेश्य भारतीय सेना को आधुनिक बनाना एवं युवाओं को सेना में शामिल होने का अवसर प्रदान करना है। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने भी विद्यार्थियों को अग्निवीर सेना भर्ती हेतु आवेदन करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के 52 विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## श्याम सुंदर यादव मप्र मजदूर कांग्रेस इंटक के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश मजदूर कांग्रेस इंटक का 22वां प्रांतीय अधिवेशन 29 व 30 मार्च को ग्वालियर में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. संजीवा रेड्डी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह एवं मप्र कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी रहे। बैठक में सर्वसम्मति से श्याम सुंदर यादव को मप्र मजदूर कांग्रेस इंटक का प्रदेश अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया। बैठक में उपस्थित सभी नेताओं ने श्याम सुंदर यादव को अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी। इस अवसर पर विनोद पांडे, शंकरदयाल शर्मा, जयमूर्ति मिश्रा, एमपी दुबे,संतोष सिंह एवं कटनी से कामता प्रसाद मिश्रा उपस्थित रहे।

## शांति पूर्ण मनाया गया ईद का त्यौहार



**जबलपुर।** मुस्लिम धर्मावलंबियों का पवित्र त्योहार ईद उल फितर सोमवार को बड़ी शालीनता और सांप्रदायिक सद्भाव के साथ देशभर सहित संस्कारधानी में मनाया गया। शहर में कहीं भी कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हुई, बड़ी संख्या में मुस्लिम बंधुओं ने ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा कर देश में खुशहाली, अम्नो और शांति की दुआएं मांगी। इस मौके पर हिंदू भाइयों ने भी ईदगाह और मस्जिद पहुंचकर मुस्लिम बंधुओं से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देकर आपसी भाईचारे का पैगाम दिया।सोसायटी के पदाधिकारियों ने कहा कि रमजान का पूरा महीना त्याग और तपस्या का रहा है, ईद आपसी भाईचारे का पवित्र पर्व है। हमारा देश विभिन्नताओं में एकता का देश है। हम सभी धर्म सम्प्रदाय के लोग एक साथ मिल-जुलकर सभी पर्व त्यौहार मनाते हैं ताकि हमारी एकजुटता और आपसी भाईचारा बना रहे। समाजसेवी मिर्जा नूरानी ने अपने उद्बोधन में पवित्र पर्व रमजान और ईद के मौके पर जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्था पर जिला कलेक्टर, पुलिस प्रशासन, नगर निगम, विद्युत विभाग का आभार व्यक्त किया है।



## हिन्दू नववर्ष पर कलेक्टर को दी शुभकामनाएं

जबलपुर। राष्ट्रीय सेवा व सांस्कृतिक संगठन हम फाउंडेशन भारत के जबलपुर महानगर इकाई द्वारा हिन्दू नववर्ष संवत्सर के उपलक्ष्य में जिला कलेक्टर दीपक कुमार सक्सेना से सौजन्य भेंट कर शुभकामनाएं प्रदान की गईं। हिन्दू मान्यता एवं परंपरानुसार कलेक्टर को शाल, श्रीफल, माला, पगड़ी एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन की राष्ट्रीय सह संयोजक मुनमुन भट्टाचार्य, डीपी राय, विवेक शुक्ला, अयोध्या प्रसाद सतनामी, भागवत गौतम, कमल श्रीवास्तव, मानसिंह राजपूत सहित अनेक सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## उत्कृष्ट कार्य पर विनय रोहाणी सम्मानित

**जबलपुर।** झूलेलाल जयंती पर्व पर समाज के सजग युवा विनय रोहाणी का सम्मान किया गया। विनय रोहाणी को समाज को एक करने, शिक्षा, स्वच्छता, पौधा रोपण और आर्थिक रूप से कई परिवारों की मदद करने उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया। मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष), एड. भावना निगम, डॉ. अभिषेक जैन, एड. आशीष त्रिपाठी, रोशन मंध्यानी उपस्थित रहे।

## डॉ. अनीता बब्बर को कृषि महाविद्यालय, जबलपुर के डीन की जिम्मेदारी सौंपी गई



**हरिभूमि, जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की अनुशंसा पर कृषि महाविद्यालय की प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनीता बब्बर को कृषि महाविद्यालय, जबलपुर के डीन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. बब्बर ने जई, बरसीम, उड़द एवं चने की फसलों में मुख्यतः अनुसंधान कार्य किया है, जिसमें से चने की 11 प्रजातियां अत्यंत प्रचलित हैं, आपकी जेजी-14 चने की प्रजाति को विश्व पटल पर प्रथम हीट टोलरेंट का दर्जा प्राप्त है। आपके द्वारा 14 परियोजनाएं संचालित की जा चुकी हैं। आपके 71 रिसर्च पेपर, 5 पुस्तक लेख प्रकाशित हो चुके हैं। डॉ. बब्बर 40 से अधिक शोध छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान कर चुकी हैं। आपको बेस्ट साइंटिस्ट अवॉर्ड, बेस्ट तकनीकी स्थांतरक एवं बेस्ट टीचर अवॉर्ड के रूप में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है। आपने अनुसंधान एवं वैज्ञानिक चिंतन के लिए कई देशों में ज.ने.कृ.वि.वि. का प्रतिनिधित्व किया है।

डॉ. अनीता बब्बर को कृषि महाविद्यालय, जबलपुर के अधिष्ठाता की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. एस.के. पांडे, संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के. कौतु, संचालक विस्तार सेवायें डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा, संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला, वित्तनियंत्रक डॉ. अजय खरे, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. बी. एस. द्विवेदी सहित प्राध्यापक, वैज्ञानिक, अधिकारी-कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की है।

## नए दायित्वों के साथ राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद की मप्र की इकाई पुनर्गठित



**जबलपुर।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद की मध्यप्रदेश इकाई का पुनर्गठन राष्ट्रीय संयोजक नलिन कांत बाजपेयी, राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी, राष्ट्रीय सचिव देवशंकर अवस्थी, प्रदेश संयोजक गिरीश पांडेय, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अनीश तिवारी व कार्यसमिति सदस्य हेमराज कन्नौजिया की सहमति से किया गया। शिवा हाल में आयोजित एक विशेष बैठक के दौरान प्रदेश संयोजक गिरीश पांडे ने सर्वसम्मती से मध्यप्रदेश इकाई का गठन किया गया जिसमें वरिष्ठ पत्रकार राजेश दुबे को प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व दिया गया, वहीं सतना, रीवा संभाग के संभागीय अध्यक्ष के जी शर्मा बबला को प्रदेश अनुशासन समिति का प्रमुख बनाया गया। प्रदेश मुख्य महासचिव विलोक पाठक को दायित्व सौंपा एवं प्रदेश महासचिव पद पर संदीप मिश्रा डिंडोरी, डॉक्टर राजीव उपाध्याय जबलपुर को नियुक्त किया। इसके आलावा प्रदेश संगठन महासचिव पद पर अनुरोध पटेरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर राजकुमार गुप्ता भोपाल, सुनील साहू जबलपुर, एस पी गोस्वामी जबलपुर, नीतू शाह, राजेश शुक्ला अनूपपुर एवं प्रदेश सचिव पद पर संतराम केवड़े जबलपुर, अनुज ममार करेली, हरप्रीत कौर भोपाल, प्रियंका जैन देशपांडे इंदौर, लोकेश चौरसिया छतरपुर को बनाया वही प्रदेश प्रवक्ता का दायित्व उमेश शुक्ला को दिया गया। इसके साथ ही प्रदेश सयोजक श्री गिरीश पांडे ने सभी प्रदेश प्रकोष्ठों की भी घोषणा करते हुए कहा की प्रदेश स्तर के प्रकोष्ठों में जिन पदाधिकारियों की नियुक्ति की गयी है इन प्रकोष्ठों के पदाधिकारी प्रदेश कार्यसमिति में सदस्य की हैसियत से बैठकों में भाग लेंगे। जिसमे साहित्य प्रकोष्ठ प्रदेश प्रभारी रूपम बाजपेयी शर्मा, प्रदेश महासचिव संतोष नेमा,धर्म व संस्कृति प्रकोष्ठ प्रदेश प्रभारी रमेश पाठक, प्रदेश महासचिव बी डी सोनी गोटेगांव, पत्रकार गृह निर्माण प्रकोष्ठ प्रदेश प्रभारी सुरेश कामले, पत्रकार परिवार प्रकोष्ठ प्रदेश प्रभारी उत्पल कांत शर्मा, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश प्रभारी प्रतुल श्रीवास्तव समाज कल्याण प्रकोष्ठ प्रदेश प्रभारी शिवकुमार तिवारी, प्रदेश महासचिव इंजीनियर तरूण कुमार सोनाने, प्रेस एम्पलाइज प्रकोष्ठ प्रदेश प्रभारी राकेश मिश्रा, प्रदेश प्रमुख मनीष पाराशर, चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव डॉ संतोष ठाकुर छपारा, व्यापारी प्रकोष्ठ प्रदेश प्रभारी प्रदीप अग्रवाल गुड्डा, सोशल मीडिया प्रकोष्ठ विकास सोनी, को बनाया गया। प्रदेश मुख्य महासचिव श्री विलोक पाठक ने इस अवसर पर जबलपुर जिले की कार्यकारिणी तत्काल प्रभाव से भंग करते हुए घोषणा की प्रदेश कार्यसमिति में सभी संभागीय अध्यक्ष, महासचिव एवं जिला अध्यक्ष महासचिव पदेन सदस्य नियुक्त होंगे।

राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद की मध्य प्रदेश की इकाई के पुनर्गठन पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयों को राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी, राष्ट्रीय संयोजक नलिन कांत बाजपेई,

राष्ट्रीय मुख्य महासचिव नईदिल्ली रजत गुप्ता, राष्ट्रीय प्रवक्ता गंगा चरण मिश्र, राष्ट्रीय सचिव देव शंकर अवस्थी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अनीश तिवारी, राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य हेमराज कनौजिया, प्रदेश संयोजक गिरीश पांडे, जबलपुर संभागीय अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा, संभागीय महासचिव रवींद्र शर्मा, सिमरन सिंह शुक्ला, शिव चौरसिया, विकास सोनी, नवनीत दुबे, तरुण सोनाने, राजेश पाठक फलक कांबले सहित सभी प्रदेश और संभाग के पदाधिकारी, जिलों के पदाधिकारीयों ने प्रदेश की संपूर्ण इकाई के नवनियुक्त पदाधिकारीयों एवं सभी प्रकोष्ठ प्रमुखों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि राजेश दुबे के नेतृत्व में संगठन नित नहीं ऊंचाई को छूएगा और संगठन हित में अनेक कार्य संपन्न हो सकेंगे।

### CHANGE OF NAME

I, PUNITHA S (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of 15426361W Rank HAV Name SETHUPATHIRAJA R presently, residing at VILL-VELLIKURICHI, PO-VELLIKURICHI, TEH- MANAMADURAI, DISTT-SIVAGANGAI, (TAMIL NADU)-630610 I have changed of my name from PUNITHA S (name as per my Husband army service records) to PUNITHA R (name as per my AADHAR CARD NO. 9478 7787 7028 AND PAN CARD NO. DEDPP9900Q vide Affidavit dated (Date of the Affidavit 02/04/2025 before RAMDAS SHARMA Public notary JABALPUR MP HIGH COURT, (MP)

CORRECT NAME-PUNITHA R
INCORRECT NAME-PUNITHA S

### CHANGE OF NAME

I, ARMY NO. JC-704556N RANK NB SUB NAME ROHIT KUMAR S/O SUKHRAM OF UNIT MILITARY HOSPITAL JABALPUR (MP) I, have changed name of my SON from VIYANSH (name as per my Army service records) to VIYANSH RANA (name as per my SON, AADHAR CARD AND BIRTH CERTIFICATE vide affidavit dated 02/04/2025 formerly before Public Notary JABALPUR (MP) (Name and place of Court).

CORRECT NAME
VIYANSH RANA
INCORRECT NAME
VIYANSH

### FOR CHANGE OF NAME

It is for general information that I, SUREKHA DIWAN D/o LATE RAMESH KUMAR BANODHA W/o LATE PRADEEP DIWAN, declare that name of my father has been wrongly written as RAMESH KUMAR KORI in my 10th Class Marksheet of Madhyamik Shiksha Mandal, M.P. Bhopal & in my Pan Card. The actual name of my father is RAMESH KUMAR BANODHA, which may be amended accordingly. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

(SUREKHA DIWAN)
residing at Gora Bazar, Behind Primary School, Bagicha No.91, Cant, Jabalpur (M.P.) 482001

### न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर

रा.प्र.क्रं/1433/अ-6/2024-25

**आम इश्तहार**

जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक छाया चटर्जी अन्य/ डी.के. चटर्जी निवासी-2958 चंदन कालोनी राँझी मानेगांव राँझी ने नजूल ब्लाक नं.-प्लाट नं.-निर्मित रकवा/ रकवा 2200 व.फु./ अवि. हिस्सा-/ ग्राम राँझी प.ह.नं.- खसरा नं. 244/80 रकवा 2200 व.फु./हे.विक्रय पत्र/हक त्याग/ वसीयतनामा/दानपत्र/वारसान हक/ दिनांक-मृत्यु दिनांक 08/06/2010, 16/01/1999 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र- खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.- प्लाट नं. - निर्मित रकवा/ रकवा-2200 व.फु./ अवि. हिस्सा- / ग्राम -राँझी प.ह.नं.- खसरा नं.-244/80 रकवा-2200 व.फु./ हे. श्रीमती देवरानी जोजे के.पी. सन्याल राँझी के नाम दर्ज है।

अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 04/04/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 13/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक-13/12/2024
पेशी दिनांक-04/04/2025

मुद्रा

तहसीलदार
रांझी, जबलपुर

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रांझी जबलपुर

रा.प्र.क्र./2419/अ-6/2024-25

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका श्री/श्रीमति हरचरण सिह पुरवा पिता/पति मग्गार सिह पुरवा निवासी 525 गुरूद्वार पास मण्डला रोड बिलहरी जबलपुर द्वारा ग्राम विलहरी प.ह.नं. 21 न. ब. 50 ख.नं. 92 रकबा 1200 वर्गफुट हेक्टेयर/वर्गफुट भूमि रजिस्टर्ड विक्रयपत्र/वसीयतनामा/सहमति पत्र/ फौती के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त भूमि आवेदक/आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/ एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय के कक्ष क्र. 32 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 28/03/2025 को जारी।

जारी दिनांक 28/3/2025
पेशी दिनांक 7/04/2025

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
एवं कार्यपालिका दण्डाधिकारी जबलपुर




## कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक ट्रेन का सपना हुआ पूरा

# वंदे भारत से महज तीन घंटे में पहुंचें कश्मीर, एफिल टावर से भी ऊंचे पुल पर दौड़ेगी ट्रेन, 19 को पीएम करेंगे उद्घाटन

वर्तमान में घाटी में श्रीनगर और संगलदान के बीच ट्रेन सेवाएं चलती हैं। संगलदान से कटड़ा तक रेलवे लाइन चालू होने के बाद इन ट्रेनों को कटड़ा तक बढ़ाया जा सकता है

एजेंसी ▶▶ जम्मू

श्री माता वैष्णो देवी (कटड़ा) स्टेशन से श्रीनगर के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 अप्रैल को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक ट्रेन का सपना पूरा हो जाएगा। उत्तरी रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) प्रोजेक्ट के पूरा होने कटड़ा और श्रीनगर के बीच यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा। मौजूदा समय में कटड़ा से श्रीनगर जाने में सड़क मार्ग से 6 से 7 घंटे लगते हैं।

### ट्रेन सेवाएं अस्थायी रूप से कटड़ा से शुरू होंगी

*पीएम नरेंद्र मोदी 19 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन करने के लिए आएंगे। यह ट्रेन जम्मू से कटड़ा जिले के रास्ते श्रीनगर तक की यात्रा करेगी। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि वंदे भारत के उद्घाटन के लिए ट्रेन सेवाएं अस्थायी रूप से कटड़ा से शुरू होंगी, क्योंकि जम्मू रेलवे स्टेशन अभी निर्माणाधीन है। यह कश्मीर घाटी को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाला एक भव्य कार्यक्रम होगा। बता दें, 23 जनवरी 2025 को भारतीय रेलवे ने श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा (एसवीडीके) रेलवे स्टेशन से श्रीनगर रेलवे स्टेशन तक पहली वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल रन किया।*

**अभी श्रीनगर और संगलदान के बीच रेल सेवा**


नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन से कटड़ा-श्रीनगर की यात्रा महज 3 घंटे में पूरी हो जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में घाटी में श्रीनगर और संगलदान के बीच ट्रेन सेवाएं चलती हैं। संगलदान से कटड़ा तक रेलवे लाइन चालू होने के बाद इन ट्रेनों को कटड़ा तक बढ़ाया जा सकता है।

### पांच चरण में पूरी हुई परियोजना

हिमांशु शेखर ने बताया कि यूएसबीआरएल परियोजना काजीगुंड-बारामूला खंड वर्ष 2009 में शुरू किया गया था। कश्मीर तक ट्रेन लाने का ख्वाब यूएसबीआरएल परियोजना के तहत पूरा हुआ है। इसके अंतर्गत कश्मीर तक ट्रेन कई चरणों में लाई गई। पहला चरण 18 किलोमीटर लंबा बनिहाल-काजीगुंड खंड वर्ष 2013 में चालू हुआ। दूसरा चरण 25 किलोमीटर लंबा उधमपुर-कटड़ा वर्ष 2014 में, तीसरा चरण बनिहाल से संगलदान वर्ष 2023 में तथा अब संगलदान से कटड़ा खंड चालू होगा।

### नदी तल से 359 मीटर ऊंचे पुल पर से गुजरेगी

इस परियोजना के अंतर्गत इंजीनियरों ने एक ऐसा चमत्कार भी किया, जो वैश्विक पटल पर ऐतिहासिक है। दुनिया का सबसे ऊंचा रेल आर्च ब्रिज चिनाव पुल इस परियोजना का मुख्य हिस्सा था। जिसकी कुल लंबाई 1,315 मीटर है। इसकी मेहराब 467 मीटर है और यह नदी तल से 359 मीटर ऊंचा है। यह पुल एफिल टॉवर से 35 मीटर ऊंचा है। यह दुनिया का सबसे ऊंचा मेहराब वाला रेलवे पुल (आर्च ब्रिज) है।



---

## खबर संक्षेप

### तुर्किये सरकार ने मेटा पर लगाया जुर्माना




**मेनलो पार्क।** मेटा ने कहा है कि फेसबुक और इंस्टाग्राम पर सामग्री को सीमित करने की तुर्किये सरकार की मांग का विरोध करने पर उस पर भारी जुर्माना लगाया गया है। तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन की सरकार इस्तांबुल के मेयर की गिरफ्तारी के पश्चात व्यापक विरोध प्रदर्शन के बाद सोशल मीडिया पर विपक्षी आवाजों को सीमित करने का प्रयास कर रही है। इस्तांबुल के मेयर एर्दोआन के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी हैं। मेटा ने भी एक बयान जारी कर इस बात की पुष्टि की है।

### इजराइल ने की 'द डिप्लोमेट' की स्क्रीनिंग




**येरूशलम।** इजराइल के विदेश मंत्रालय ने नए विदेशी राजनयिक के स्वागत में अपनी किस्म के एक अनूठे कदम के तहत मंगलवार की शाम जॉन अब्राहम अभिनीत फिल्म 'द डिप्लोमैट' की स्क्रीनिंग की। 'द डिप्लोमैट' फिल्म उस वास्तविक संकट पर आधारित है, जिसे सुलझाने में यहां भारत के नए राजदूत जेपी सिंह शामिल थे। इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने मंत्रालय के सभागार में फिल्म की 'स्क्रीनिंग' से पहले सिंह से मुलाकात की।

---

## यूएस के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आज लगाएंगे रेसिप्रोकल टैरिफ

# मुक्ति दिवस पर गलत कारोबारी प्रथाएं होंगी खत्म, कामगारों के हित में होगी नई व्यवस्था



> व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि अधिक टैरिफ लगने से कई बाजारों में अमेरिकी उत्पादों का आयात करना लगभग असंभव हो गया है और इसने पिछले कई दशकों में बहुत से अमेरिकियों को व्यवसाय और रोजगार से बाहर कर दिया है

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को अमेरिका के साथ कारोबार करने वाले देशों पर जवाबी शुल्क (रेसीप्रोकल टैरिफ) की घोषणा की। ट्रंप ने इस दिन को अमेरिकी कारोबार के लिए मुक्ति दिवस का नाम दिया है। इस दौरान अमेरिकी संसद में सभी मंत्रियों व सदस्यों के मौजूद रहे। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि बुधवार को अमेरिका में मुक्ति दिवस मनाया गया, जैसा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने गर्व से कहा है।



राष्ट्रपति ट्रंप की रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने की नई व्यवस्था दशकों से हमारे देश को लूटने वाली अनुचित व्यापार प्रथाओं को खत्म करेगी। यह अमेरिकी कामगारों के सर्वोत्तम हित में होगा। लेविट ने कहा, दुर्भाग्य से, ये देश बहुत लंबे समय से हमारे देश को लूट रहे हैं। आप इन पर गौर करें तो अमेरिकी डेयरी पर यूरोपीय संघ 50% (टैरिफ) और अमेरिकी चावल पर जापान 700% टैरिफ लगाता है। भारत भी पीछे नहीं है, वह अमेरिकी कृषि उत्पादों पर 100% टैरिफ लगाता है। कनाडा भी अमेरिकी मक्खन और पनीर पर लगभग 300% टैरिफ वसूलता है। इससे इन बाजारों में अमेरिकी उत्पादों का आयात करना लगभग असंभव हो गया है और इसने पिछले कई दशकों में बहुत से अमेरिकियों को व्यवसाय और रोजगार से बाहर कर दिया है। इससे पहले ट्रंप कह चुके हैं कि मुझे लगता है कि टैरिफ के साथ हमारे पास बेहतर प्रदर्शन करने का मौका है। यह वास्तव में हमारी निश्चित तरीके से मदद कर सकता है। मुझे लगता है कि उनमें से बहुत से देश अपने टैरिफ कम कर देंगे, क्योंकि वे वर्षों से अमेरिका पर गलत ढंग से टैरिफ लगा रहे थे। उन्होंने अपनी रणनीति पर विश्वास व्यक्त करते हुए यूरोपीय संघ के हाल में कार टैरिफ को घटाकर 2.5 फीसदी करने को इसकी सफलता का प्रमाण बताया। ट्रंप ने कहा था, जो देश अमेरिका पर जितना टैरिफ लगाएंगे, वे भी उतना ही जवाबी शुल्क लगाएंगे।

### यूटीएसआर का दावा गैर-टैरिफ बाधाएं अभी भी बरकरार

अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) की 2025 राष्ट्रीय व्यापार अनुमान (एनटीई) रिपोर्ट में दावा किया कि भारत कृषि वस्तुओं, दवा निर्माण और मादक पेय पदार्थों जैसी कई अमेरिकी वस्तुओं पर उच्च आयात शुल्क के साथ गैर-टैरिफ बाधाएं बरकरार रखी हुई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत वनस्पति तेल (45% तक), सेब, मक्का और मोटर साइकिल (50%), ऑटोमोबाइल व फूल (60%), प्राकृतिक रबर (70%), कॉफी, किशमिश और अखरोट (100%) पर काफी ऊंचा शुल्क लगाता है।

### एआई संचालित आपूर्ति श्रृंखला में करें निवेश

वैश्विक कंसल्टेंसी फर्म पीडब्ल्यूसी ने कहा कि अमेरिका की टैरिफ नीति के लिए भारतीय व्यवसायों को दीर्घकालिक लचीलापन रणनीति विकसित करने की जरूरत है। आइडिया फ्रेमवर्क व्यापार अनिश्चितताओं को दूर करने के लिए एक सटीक दृष्टिकोण प्रदान करता है। इसमें निवेश फ्रेमवर्क के तहत, पीडब्ल्यूसी ने सुझाव दिया कि व्यवसायों को प्रौद्योगिकी उन्नयन और एआई-संचालित आपूर्ति श्रृंखला समाधान के लिए पैसा लगाना चाहिए।

### भारत में कृषि, मशीनरी, रसायन क्षेत्रों पर होगा असर

*अमेरिका के भारतीय उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगाने से कृषि, बहुमूल्य पत्थर, रसायन, औषधि, चिकित्सकीय उपकरण, इलेक्ट्रिकल व मशीनरी सहित क्षेत्रों के सामान प्रभावित हो सकते हैं। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के विश्लेषण के अनुसार इन क्षेत्रों में उच्च शुल्क अंतर के कारण अमेरिकी प्रशासन से अतिरिक्त सीमा शुल्क का सामना करना पड़ सकता है। 'उच्च शुल्क अंतर' किसी उत्पाद पर अमेरिका और भारत द्वारा लगाए गए आयात शुल्कों के बीच का अंतर है।*

### टैरिफ नियमों के भीतर: भारत

*दूसरी तरफ भारत में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा है कि भारत डब्ल्यूटीओ का सदस्य है और अमेरिकी टैरिफ का दायरा नियमों के भीतर है। उन्होंने कहा कि देश तरजीही मुक्त व्यापार समझौते की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत डब्ल्यूटीओ का सदस्य है और किसी वस्तु पर लागू किए जा सकने वाले उसके अधिकतम टैरिफ से बंधा हुआ है।*

---

## गृह मंत्री शाह के दौरे से पहले

# गोली वाले बोली पर, कहा हम 'बातचीत' को तैयार



एजेंसी ▶▶ सुकमा

छत्तीसगढ़ में ताबड़तोड़ एनकाउंटर के बाद नक्सलवादी खौफ में आ गए हैं। नक्सलवाद का सफाया होते देख प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) की केंद्रीय समिति ने मध्य भारत में युद्ध को तत्काल रोकने का आह्वान किया है। समिति ने शांति वार्ता को सुगम बनाने के लिए भारत सरकार और भाकपा (माओवादी) दोनों से बिना शर्त सीजफायर की मांग की है। नक्सलियों की अपील ऐसे समय में आई है जब दो दिन बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे पर चार अप्रैल की शाम राजधानी रायपुर आने वाले हैं। समिति ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों के साथ मिलकर माओवादी-प्रभावित क्षेत्रों को लक्षित करते हुए 'कागर' नामक एक गहन आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया।



### सैन्य अभियान बंद होते ही युद्ध विराम

भाकपा (माओवादी) ने कहा है कि जैसे ही सरकार सैन्य अभियान बंद करेगी, वे युद्ध विराम की घोषणा करेंगे। इस दौरान शाह राज्य के प्रमुख नेताओं और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। 5 अप्रैल को शाह बस्तर के दंतेवाड़ा जिले के दौरे पर रहेंगे, जहां वह बस्तर पंडुम महोत्सव के समापन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसके अलावा वह एंटी-नक्सल अभियान के ऑपरेशन कमांडरों के साथ संवाद भी करेंगे। इस बीच एक दिन पूर्व ही छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि सरकार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में एक भी गोली चलाना नहीं चाहती। न ही केंद्र सरकार और न ही राज्य सरकार इस दिशा में हिंसा को बढ़ावा देना चाहती है।

### शांति वार्ता से दबाव का आग्रह

संगठन ने सरकार पर क्रांतिकारी आंदोलनों को दबाने के लिए आदिवासी समुदायों के खिलाफ 'नरसंहार युद्ध' छेड़ने का आरोप लगाया है। साथ ही नागरिक क्षेत्रों में सैन्य बलों के उपयोग को असंवैधानिक बताया जाता है। माओवादियों ने बुद्धिजीवियों, मानवाधिकार संगठनों, पत्रकारों, छात्रों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं से शांति वार्ता के लिए सरकार पर दबाव बनाने का आग्रह किया।

---

## इजराइल के रक्षा मंत्री ने की पुष्टि

# गाजा में इजराइल ने सैन्य अभियान का किया विस्तार खान यूनिस पर हमलों में 17 मरे



एजेंसी ▶▶ येरूशलम

रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज ने बुधवार को कहा कि गाजा पट्टी में इजराइल का सैन्य अभियान विस्तार कर रहा है। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीनी क्षेत्र में यह आक्रमण आतंकवादियों और उनके बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के लिए किया जा रहा है। अभियान के तहत बड़े क्षेत्रों पर कब्जा किया जा रहा है, जिन्हें इजराइल के सुरक्षा क्षेत्रों में जोड़ा जाएगा। नासिर अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार, खान यूनिस शहर पर रातभर हवाई हमलों में 17 लोग मारे गए हैं। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि हवाई हमलों में मारे गए 12 लोगों के शव नासिर अस्पताल लाए गए। मृतकों में पांच महिलाएं और दो बच्चे शामिल थे। मृतक महिलाओं में एक गर्भवती थी।

### गाजावासी हमास को खदेड़े

कैट्ज ने कहा कि इजराइल की सुरक्षा परिधि उत्तरी और पूर्वी गाजा में सीमा के साथ लगती है और दशकों से देश की रक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। इसका उपयोग क्षेत्र के पास रहने वाले अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए किया जाता है। रक्षा मंत्री कैट्ज ने गाजावासियों से हमास को खदेड़ने की अपील की, जिसने अभी भी 59 लोगों को बंधक बना रखा है। इन बंधकों में 24 के अभी भी जीवित होने का अनुमान है। हालांकि, शेष बंधकों को युद्धविराम और अन्य समझौतों के तहत रिहा किया जा चुका है। कैट्ज ने बाकी बंधकों को वापस करने को कहा।

### खाद्य संकट पर संयुक्त राष्ट्र की चेतावनी

*संयुक्त राष्ट्र ने गाजा में लंबे समय तक भोजन उपलब्ध होने के इजराइल के दावे को हास्यास्पद बताया। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि गाजा में खाद्य संकट बहुत गंभीर है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि विश्व खाद्य कार्यक्रम को गाजा में अपनी सभी 25 बेकरी बंद करनी पड़ी, क्योंकि उनके पास खाना पकाने के लिए ईंधन की कमी है। दुजारिक ने कहा कि इजराइल ने एक महीने पहले गाजा में सभी क्रॉसिंग बंद कर दी थीं, जिससे मानवीय आपूर्ति बंद हो गई।*

---

## चाफेकर रीकैप आईएससी के कार्यकारी निदेशक बने

**सिंगापुर।** भारतीय तटरक्षक बल के पूर्व अतिरिक्त महानिदेशक विजय डी. चाफेकर को सिंगापुर में समुद्री लुटेरों और सशस्त्र डकैती से निपटने के लिए क्षेत्रीय सहयोग समझौता (रीकैप) सूचना साझाकरण केंद्र का 7वां कार्यकारी निदेशक (ईडी) नियुक्त किया गया है। संगठन ने बुधवार को यह जानकारी दी। रीकैप एशिया में पोतों को निशाना बनाने वाले समुद्री लुटेरों और जहाजों के खिलाफ सशस्त्र डकैती के विरुद्ध सहयोग को बढ़ावा देने के मकसद से एक क्षेत्रीय अंतर-सरकारी पहल है।

---

## चिली के राष्ट्रपति फॉन्ट बोले

# भारत प्राथमिकता वाला साझेदार देश यूएन में स्थायी सदस्यता का समर्थन




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट ने बुधवार को भारतीय विश्व मामलों की परिषद आईसीडब्ल्यूए में व्याख्यान देते हुए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया। यही नहीं, उन्होंने भारत को प्राथमिकता वाला साझेदार बताया और दक्षिण सहयोग में उसकी भूमिका की सराहना की।

### समझौतों को समयबद्ध रूप से पूरा करेंगे

उन्होंने कहा कि भारत और चिली के सीईपीए समझौते को समयबद्ध रूप से पूरा करने का लक्ष्य तय किया है। ट्रंप नीति की ओर इशारा करते हुए बोरिक ने एकतरफा टैरिफ को वैश्विक व्यापार के लिए खतरनाक और राष्ट्रीय संप्रभुता के लिए खतरा बताया। भारतीय संस्कृति की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि चिली सिर्फ योग की ही नहीं बल्कि भारत की जीवंत परम्पराओं और सभ्यता को समझाने में भी रुचि रखता है।

---

पाकिस्तानी सेना का दुस्साहस, एलओसी पार कर घुसपैठ की कोशिश

# भारत ने पाक फायरिंग का दिया मुंहतोड़ जवाब, दुश्मन के 5 सैनिक हुए घायल

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के पुंछ इलाके में पाकिस्तान सेना ने घुसपैठ करने की कोशिश की। भारत की ओर से पड़ोसियों के इस दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब दिया गया है। रक्षा प्रवक्ता के मुताबिक, पाकिस्तान की ओर से संघर्ष विराम का उल्लंघन मंगलवार दोपहर 1.10 बजे किया गया। तत्काल ही भारतीय सैनिकों ने नियंत्रित और संतुलित जवाबी कार्रवाई की। हालांकि, भारतीय सेना ने पाकिस्तान की ओर से किसी के हताहत होने का कोई जिक्र नहीं किया। इस बीच कुछ आधिकारिक सूत्रों की मानें तो विस्फोट और दोनों पक्षों के बीच हुई गोलीबारी में दुश्मन के पांच सैनिक घायल हुए हैं।



### पाक ने संघर्ष विराम का उल्लंघन किया

जम्मू स्थित रक्षा जनसंपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने बताया कि 1 अप्रैल 2025 को एलओसी पर पाकिस्तानी सेना की घुसपैठ की वजह से कृष्णा घाटी सेक्टर में एक माइन विस्फोट हुआ। इसके बाद पाकिस्तानी सेना की ओर से बिना उकसावे के गोलीबारी और संघर्ष विराम का उल्लंघन किया गया। हमारे सैनिकों ने नियंत्रित और संतुलित तरीके से प्रभावी ढंग से जवाब दिया। स्थिति नियंत्रण में है और इस पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। भारतीय सेनाशांति बनाए रखने के लिए 2021 के महानिदेशक सैन्य अभियान की समझ के सिद्धांतों को बनाए रखने की अहमियत को दोहराती है।

---

## भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस तरकश का पश्चिमी हिंद महासागर में बड़ा एक्शन

# 2500 किलो से ज्यादा का ड्रग्स किया जब्त, चालक दल से पूछताछ जारी

▶▶ संदिग्ध जहाजों की निगरानी में अभिन्न नामक हेलिकॉप्टर भी

▶▶ नौसेना की विशेष बोर्डिंग टीम और मरीन कमांडोज ने की जांच

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस तरकश ने पश्चिमी हिंद महासागर में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 2500 किलो से ज्यादा नशे का सामान जब्त किया है। यह ऑपरेशन समुद्री अपराधों पर लगाम लगाने और क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के किया गया है।

गश्त के दौरान, आईएनएस तरकश को भारतीय नौसेना के पी8आई विमान से कई खुफिया अलर्ट मिले, जिसमें क्षेत्र में संचालित संदिग्ध जहाजों के बारे में बताया गया था। ये जहाज मादक पदार्थों की तस्करी सहित अवैध



गतिविधियों में शामिल थे। अलर्ट का जवाब देते हुए, आईएनएस तरकश ने जहाजों को रोकने के लिए अपना रास्ता बदल दिया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सभी संदिग्ध जहाजों से व्यवस्थित रूप से पूछताछ करने के बाद, आईएनएस तरकश ने पी8आई और मुंबई में समुद्री संचालन केंद्र के साथ समन्वित प्रयासों के कारण रोका और उसमें सवार हो गया।

### संदिग्ध जहाज की गहन तलाशी ली

नौसेना की विशेष बोर्डिंग टीम और मरीन कमांडोज ने संदिग्ध जहाज की गहन तलाशी ली। छापेमारी के दौरान, उन्हें कई सीलबंद पैकेट मिले। तलाशी और पूछताछ में जहाज पर अलग-अलग कार्गो होल्ड और डिब्बों में 2,500 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ (जिसमें 2,386 किलोग्राम हशीश और 121 किलोग्राम हेरोइन शामिल है) बरामद किया गया। फिर संदिग्ध वेसल को अपने कब्जे में ले लिया।

### तस्करी में शामिल होने की मिली थी जानकारी

आईएनएस तरकश जनवरी 2025 से समुद्री सुरक्षा मिशन के तहत पश्चिमी हिंद महासागर में तैनात है। 31 मार्च 2025 को गश्त के दौरान नौसेना के पी8आई गश्ती विमान ने समुद्र में कुछ संदिग्ध वेसल की जानकारी दी। ये बोट्स नशे की तस्करी में शामिल थीं। आईएनएस तरकश ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उन वेसल की ओर बढ़ना शुरू किया।

# मलाबार ग्रुप दे रहा उत्तर क्षेत्र के 7 राज्यों की 2,190 छात्राओं को छात्रवृत्ति

**नई दिल्ली।** अग्रणी भारतीय कारोबारी समूह और मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स की पैरेंट कंपनी मलाबार ग्रुप ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित एक कार्यक्रम में 2,190 प्रतिभावान छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान कर शिक्षा के माध्यम से युवतियों को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। लाभार्थियों में सात राज्यों- बिहार, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के 73 स्कूलों की छात्राएं शामिल हैं। इससे देश के उत्तरी क्षेत्रों में शिक्षा के अवसरों को बढ़ावा दिए जाने की कंपनी की प्रतिबद्धता का पता चलता है। इस कार्यक्रम में इन छात्राओं को कुल एक करोड़ 81 लाख 41 हजार रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इससे ये छात्राएं बिना किसी आर्थिक अभाव के शिक्षा से जुड़े अपने सपनों को पूरा कर पाएंगी।

छात्रवृत्ति वितरण के लिए आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री (कारपोरेट मामले; और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग) हर्ष मल्होत्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति ने सशक्तिकरण और सामाजिक प्रगति के लिए शिक्षा को एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में उपयोग करने में सामूहिक प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। इस पहल को लेकर मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा, "मलाबार समूह का मानना है कि शिक्षा प्रगति की बुनियाद है और शिक्षा के माध्यम से युवा छात्राओं को सशक्त बनाकर उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। ये छात्रवृत्ति वित्तीय सहायता से बढ़कर है- ये योग्य छात्राओं की आकांक्षाओं एवं क्षमताओं में निवेश है। उनकी शैक्षणिक यात्रा को प्रोत्साहित करने का लक्ष्य एक बड़ा सकारात्मक बदलाव लाना है और यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी प्रतिभाशाली छात्रा वित्तीय मुश्किलों की वजह से अवसरों से वंचित ना रह जाए।" वर्ष 1999 में अपनी स्थापना के बाद से ही मलाबार चैरिटेबल ट्रस्ट सामाजिक कल्याण की विभिन्न योजनाओं के संचालन में अग्रणी रहा है। मलाबार ग्रुप अपने वार्षिक लाभ का पांच प्रतिशत हिस्सा सीएसआर गतिविधियों पर खर्च करता है, जो मुख्य रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, पर्यावरण स्थिरता और गरीबी उन्मूलन पर केन्द्रित होती हैं।

मलाबार ग्रुप के सीएसआर के तहत आने वाली प्रमुख पहल मलाबार स्कॉलरशिप प्रोग्राम वंचित समुदायों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करती रही है। छात्राओं के लिए शैक्षणिक अवसरों को बढ़ावा देकर मलाबार ग्रुप का लक्ष्य ऐसी प्रगति को प्रोत्साहित करना है, जिसका लाभ केवल किसी एक व्यक्ति तक सीमित न रहे, बल्कि कई परिवारों और पूरे समुदाय तक पहुंचे। दिल्ली में आयोजित छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम संपूर्ण भारत में शिक्षा एवं कौशल विकास को बढ़ावा देने हेतु मलाबार ग्रुप के व्यापक मिशन का हिस्सा है। इन दीर्घकालिक पहलों के जरिए मलाबार ग्रुप आने वाली पीढ़ियों को सशक्त बनाने एवं एक समावेशी एवं शिक्षित समाज को बढ़ावा देने को लेकर प्रतिबद्ध है।




# प्रेमी से शादी कराने वाले ने मारी पलटी, चार दिन भी नहीं सह सका पत्नी की जुदाई का गम

**संत कबीर नगर।** संत कबीर नगर में 25 मार्च को प्रेमी के साथ सात फेरे लेने वाली पत्नी की कहानी में अब नया ट्विस्ट आ गया है। चार दिन बाद पत्नी अब अपने पहले पति के साथ ससुराल लौट आई है। वहीं, नई ससुराल वालों ने पहले पति के हालात को देखते हुए महिला को राजी -खुशी से उसकी विदाई कर दी है। पहले पति ने पत्नी को वापस भेजने की गुहार लगाई थी। यह अनोखी लव स्टोरी इन दिनों काफी चर्चा में है। विकास की मां ने अपने बेटे को समझाते हुए अपनी नई नवेली बहू को फिर से उसके पहले वाले पति बबलू को सुपुर्द कर दिया। वहीं, बबलू ने भी गांव में कसम खाते हुए राधिका को स्वीकारा और उसे वचन दिया कि राधिका के साथ भविष्य में कोई घटना होगी तो वह उसका जिम्मेदार होगा। बहरहाल, यह पूरा मामला सोशल मीडिया में अब वायरल हो रहा है।आपको बता दें कि धनघटा थाना क्षेत्र के कटार जोत गांव के रहने वाले बबलू ने बीते 25 मार्च को अपनी पत्नी राधिका की शादी गांव के ही रहने वाले उसके प्रेमी विकास से करा दी थी और अपने दोनों बच्चों को अपने पास रख लिया था। चार दिन बाद जब बबलू का मन बदला और बच्चों को अपनी मां राधिका की याद सताने लगी तो बबलू ने प्रेमी विकास की मां गायत्री देवी से राधिका के वापस ससुराल भेजने की गुहार लगाई।

**कहानी में आया नया ट्विस्ट**



### यह है पूरा मामला?

धनघटा थाना क्षेत्र के कटार जोत गांव के बबलू की शादी वर्ष 2017 में गोरखपुर जिले के बेलघाट थाना क्षेत्र के भूलनचक गांव निवासी तौली राम की बेटी राधिका से हुई थी। दोनों का परिवार खुशी खुशी अपना जीवन यापन कर रहा था। उनके पास दो बच्चे हैं। जिसमें सात वर्षीय आर्यन और दो वर्षीय बेटी शिवानी है। महिला का पति बबलू रोजी - रोटी के चक्कर मे घर से बाहर रहता था। इसी बीच उसकी पत्नी राधिका का उसी गांव के एक युवक विकास से प्रेम प्रसंग चलने लगा। इसकी जानकारी जब बबलू को हुई तो वह अपनी पत्नी राधिका को लेकर धनघटा तहसील पहुंचा और शपथ पत्र बनवाया और अपनी पत्नी की शादी उसके प्रेमी के साथ कराते हुए उसे प्रेमी के हाथों सौंप दिया। शिव मंदिर पर दोनों की शादी सम्पन्न हुई थी।

# सिर्फ 11 हजार में होगा कैंसर का इलाज, चीन ने बनाई नई थेरेपी

## 100 साल पुरानी है ये तकनीक

**बीजिंग।** चीन के वैज्ञानिकों ने कैंसर के इलाज के लिए एक नई थेरेपी विकसित की है। चीन में हो रहे ये प्रयोग दिखाते हैं कि आने वाले समय में कैंसर का इलाज न केवल किफायती, बल्कि अधिक प्रभावी भी हो सकता है। कहा जा रहा है कि अगर ये थेरेपी बड़े पैमाने पर सफल होती है, तो ये कैंसर मरीजों के लिए किसी वरदान से कम नहीं होगी।

कैंसर एक जानलेवा बीमारी है, जिसका इलाज अभी भी महंगा और लंबा होता है। मगर अब कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी का इलाज महज 11 हजार रुपए में हो सकता है। चीनी वैज्ञानिकों ने एक नई तकनीक विकसित की है। जिसे 'ऑन्कोलाइटिक वायरस थेरेपी' कहा जाता है। यह तकनीक न केवल कैंसर के खतरनाक ट्यूमर को खत्म करने की क्षमता रखती है, बल्कि शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को भी सक्रिय कर सकती है।

### कुछ ही देशों के पास है ये तकनीक

*यह तकनीक कोई नई नहीं है। ऑन्कोलाइटिक वायरस पर शोध करीब 100 साल पहले शुरू हुआ था, लेकिन हाल के वर्षों में जेनेटिक इंजीनियरिंग की वजह से इसकी क्षमता में जबरदस्त सुधार हुआ है। अब तक, अमेरिका और जापान समेत दुनिया के कुछ देशों में इस तकनीक को अपनाया गया है, लेकिन चीन इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वहां करीब 60 क्लीनिकल ट्रायल चल रहे हैं, जिनसे उम्मीद की जा रही है कि यह इलाज आम लोगों के लिए सुलभ और किफायती हो सकेगा।*



### चमत्कारी नतीजे दिखा रही यह थेरेपी

इस साल जनवरी में प्रकाशित एक शोध में 58 वर्षीय महिला की कहानी सामने आई, जिसे सर्वाइकल कैंसर था और सभी पारंपरिक इलाज बेअसर हो चुके थे। उसे ऑन्कोलाइटिक वायरस थेरेपी दी गई और नतीजा यह हुआ कि उसके मेटास्टैटिक ट्यूमर पूरी तरह से गायब हो गए। हैरानी की बात यह है कि इस थेरेपी के बाद महिला 36 महीने तक जिंदा रही।




### ऑन्कोलाइटिक वायरस थेरेपी की कम है लागत

ऑन्कोलाइटिक वायरस थेरेपी की सबसे बड़ी खासियत इसकी कम लागत है। कैंसर के इलाज में अब तक इस्तेमाल की जाने वाली सीएआर-टी थेरेपी की कीमत चीन में करीब 1.16 करोड़ रुपए (140,000 अमेरिकी डॉलर) प्रति डोज होती है। इसके मुकाबले, ऑन्कोलाइटिक वायरस थेरेपी का एक इंजेक्शन महज 11 हजार रुपए (140 अमेरिकी डॉलर) में उपलब्ध हो सकता है। सालभर की इस थेरेपी की कुल लागत 3.3 लाख रुपए (4,200 अमेरिकी डॉलर) तक हो सकती है, जो मौजूदा कैंसर उपचार की तुलना में काफी किफायती है।

### क्या है ऑन्कोलाइटिक वायरस थेरेपी?

ऑन्कोलाइटिक वायरस को एक छिपे हुए हत्यारे के रूप में देखा जा सकता है। वैज्ञानिकों ने इन वायरस को इस तरह से विकसित किया है कि वे सीधे कैंसर कोशिकाओं में प्रवेश करें, वहां अपनी संख्या बढ़ाएं और अंततः कैंसर कोशिकाओं को नष्ट कर दें। इतना ही नहीं, ये वायरस ऐसे प्रोटीन भी छोड़ सकते हैं जो शरीर की प्रतिरोधक प्रणाली को बाकी बची हुई कैंसर कोशिकाओं को खत्म करते हैं।




### 90% मरीजों में घट गया ट्यूमर का आकार

यह शोध दक्षिण चीन के ग्वांग्शी मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर झाओ योंगशियांग के नेतृत्व में किया गया था। वैज्ञानिकों ने एक ऐसे वायरस का इस्तेमाल किया जिसने कैंसर कोशिकाओं को सुअर के ऊतक जैसा बना दिया, जिससे शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली ने उन्हें बाहरी तत्व मानकर नष्ट कर दिया। इस छोटी ट्रायल में यह भी देखा गया कि 90% मरीजों (जिन्हें लिवर, ओवेरियन और लंग कैंसर था) में ट्यूमर का आकार घट गया या स्थिर हो गया।

# संत की अद्भुत आस्था... 60 की उम्र में 7 साल तक करेंगे यात्रा, रोज करते हैं 2100 बार दंडवत प्रणाम

**भरतपुर।** जिले के रूपवास कस्बे से 60 वर्षीय संत केदार कटारा खाटूश्याम (सीकर) तक दंडवत यात्रा पर निकले हैं। 510 दिन की इस कठिन यात्रा में अब तक वे करीब 132 किमी की दूरी तय कर जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे स्थित मानपुर चौराहा पहुंचे, जहां श्याम भक्तों ने उनका भव्य स्वागत किया। संत केदार ने यह यात्रा 24 अक्टूबर 2023 को रूपवास के श्री चिंता हरण हनुमान मंदिर से शुरू की थी, जो सात साल बाद अक्टूबर 2030 में पूरी होगी। संत केदार प्रतिदिन 300-400 मीटर का सफर तय करते हुए 2,100 दंडवत करते हैं। खाटू श्याम तक की करीब 321 किमी की दूरी को पूरा करने के लिए वे कुल 17,65,551 दंडवत करेंगे। अब तक 132 किमी की यात्रा में 7,51,000 दंडवत कर चुके हैं, जबकि बाकी 156 किमी की दूरी पूरी करने में छह साल और 8,81,000 दंडवत करने होंगे। संत केदार कटारा ने बताया कि उनकी दंडवत यात्रा सनातन धर्म, हिन्दू देवी-देवताओं और भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए है। इसके अलावा, देश और समाज की सेवा के प्रति जागरुकता, वन और गौवंश की रक्षा, विश्व शांति और मानव कल्याण, महिला सशक्तीकरण, स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरुकता और भाईचारे और प्रेम का संदेश फैलाना है।संत केदार की यह 13वीं कनक दंडवत यात्रा है। इससे पहले वे 12 बार इसी तरह खाटू श्याम तक पहुंच चुके हैं। उनका मानना है कि खाटू श्याम बाबा हर भक्त की सुनते हैं और इच्छाएं पूर्ण करते हैं। यात्रा के दौरान संत केदार ने एक मोटरसाइकिल को रथ में बदल रखा है, जिसमें खाटू श्याम की अखंड ज्योति जल रही है। वे इसी रथ में ठहरते हैं और रात भी यहीं बिताते हैं। जब दिनभर की दंडवत यात्रा पूरी हो जाती है।



**आवश्यकता**


आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:-9202613238 (रायपुर /14/अप्रैल 25)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
**हरिभूमि वैवाहिकी**
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।**



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मों. 9340637789**

## 24 मिनट के लिए मरी, फिर हुई जिंदा

**बार्सिलोना।** जीवन में कई बार हमें बहुत सी घटनाओं पर यकीन ही नहीं हो पाता। कई लोग तो दावे ऐसे कर जाते हैं कि हम उनके बारे में सोच-समझ भी नहीं पाते। खासतौर पर जब कोई दावा करता है कि वो मरकर वापस लौटा है, तो यकीन करना मुश्किल हो जाता है। एक 50 साल की महिला ने भी दावा किया कि वो कुछ घंटे के लिए मरी थी और फिर जिंदा हो गई। बहुत सारे लोग जानना चाहते हैं कि आखिर मरते वक्त इंसान कैसा महसूस करता है?

# सुनीता विलियम्स ने धरती पर वापस आते ही क्यों खाया सैंडविच? अंतरिक्ष यात्री ने बताई ये वजह

**वॉशिंगटन।** भारतीय मूल की नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर नौ महीने बाद 18 मार्च को धरती पर वापस आए। दोनों अंतरिक्ष यात्रियों ने सोमवार को पहली बार प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि उनके अंतरिक्ष मिशन में आई दिक्कतों की जिम्मेदारी वह खुद लेते हैं, जिससे यह छोटी अवधि की उड़ान लंबी हो गई थी। सुनीता विलियम्स ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से धरती पर वापस लाने के लिए धन्यवाद कहा। दोनों ने अंतरिक्ष में बिताए नौ महीनों के अनुभवों को साझा किया।

सुनीता विलियम्स ने कहा कि घर लौटने का अहसास होते ही वह अपने परिवार से मिलने को काफी उत्सुक थीं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सुनीता विलियम्स से सवाल किया गया कि जब आप धरती पर लौटीं तो सबसे पहले क्या करना चाहती थीं? आपकी सबसे पहले क्या खाने की इच्छा थी? पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए सुनीता विलियम्स ने बताया कि मैं अपने पति को गले लगाना चाहती थी।




### भारत की संभावित यात्रा को लेकर कही बड़ी बात

प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने अपनी संभावित भारत यात्रा पर भी बात की। उन्होंने कहा, 'मुझे पूरी उम्मीद है कि मैं अपने पिता के देश जाऊंगी। वहां मैं एक्सिओम मिशन पर जाने वाले भारतीय नागरिक से भी मुलाकात करूंगी। मैं उनसे कभी न कभी जरूर मिलूंगी। हम उनके साथ अपने अनुभव साझा करेंगे। भारत एक महान देश है। वहां एक शानदार लोकतंत्र है, जिसने अंतरिक्ष जगत में अपने कदम जमा लिए हैं। हम इसका हिस्सा बनना और उनकी मदद करने में जरा भी नहीं हिचकिचाएंगे।' हालांकि, सुनीता विलियम्स की भारत यात्रा की तारीख अब तक तय नहीं है।

### बुच विल्मोर ने हिमालय की अविश्वसनीय तस्वीरें लीं

उन्होंने कहा, 'भारत अद्भुत है। हर बार जब हम हिमालय के ऊपर से गुजरे और मैं आपको बताऊं, बुच ने हिमालय की कुछ अविश्वसनीय तस्वीरें लीं। बस अद्भुत।' उनसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के साथ उनके सहयोग की संभावना के बारे में पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा कि जरूर। हम हर जरूरी मदद करेंगे।

## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु** — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।


## शब्द पहेली - 5824



**बाएँ से दाएँ**
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

### शब्द पहेली- 5823 का हल



## सूडोकू नवताल- 5834

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल- 5833 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

इस वर्ष **वर्ल्ड हेल्थ डे (7 अप्रैल)** की थीम 'स्वस्थ शुरुआत, आशाजनक भविष्य' डिसाइड की गई है। यह थीम, गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित है। इस बारे में सभी को जानना जरूरी है।

# गर्भवती मां की हेल्थ से जुड़ा शिशु का स्वास्थ्य-विकास

**वर्ल्ड हेल्थ-डे स्पेशल**



गर्भावस्था के दौरान मां का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों ही गर्भस्थ शिशु के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। इस बारे में, कोकून हॉस्पिटल, जयपुर में सीनियर कंसल्टेंट-ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी, **डॉ. मितुल गुप्ता** सलाह देती हैं, 'इस दौरान संतुलित आहार, पर्याप्त पानी पीना और हल्के व्यायाम जैसे वॉकिंग या योग करना बेहद फायदेमंद होते हैं, जिसे डॉक्टर की सलाह पर ही करना चाहिए। इसके अलावा, पर्याप्त नींद लेना और कैफीन जैसी उत्तेजक चीजों से बचना भी जरूरी है। जहां तक मानसिक स्वास्थ्य की बात है, तो गर्भावस्था के दौरान हार्मोनल बदलाव के कारण तनाव और चिंता होना सामान्य है, लेकिन अगर यह ज्यादा बढ़ जाए तो यह मां और शिशु दोनों के लिए हानिकारक हो सकता है। सकारात्मक माहौल में रहना, परिवार और दोस्तों से जुड़ाव बनाए रखना और जरूरत महसूस होने पर किसी मनोवैज्ञानिक या चिकित्सक से परामर्श लेना फायदेमंद होता है। मेडिटेशन और सांस लेने से जुड़े योगाभ्यास मानसिक शांति बनाए रखने में मदद कर सकता है।'



**बदलावों का रखें ध्यान:** गर्भावस्था के दौरान मां की सेहत में होने वाले बदलावों के बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा अस्पताल, करोल बाग, दिल्ली में कंसलटेंट-गायनेकोलॉजी एंड ऑब्स्टेट्रिक्स, **डॉ. रुचिका शर्मा** बताती हैं, 'गर्भावस्था के दौरान शरीर में कई हार्मोनल परिवर्तन होते हैं। कई महिलाओं को इस दौरान मूड स्विंग्स, चिंता, अवसाद और अनिद्रा जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इन समस्याओं को कम करने के लिए संतुलित आहार, जिसमें हरी सब्जियां, फल, प्रोटीन और आवश्यक विटामिन शामिल हों, अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। गर्भावस्था के दौरान डी-हाइड्रेशन से बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए। इसके अलावा, डॉक्टर गर्भवती महिलाओं को आवश्यक पोषक तत्वों की दवाइयां भी देते हैं, जिनमें फॉलिक एसिड, आयरन, कैल्शियम, विटामिन डी और ओमेगा-3 फैटी एसिड शामिल होते हैं, इन्हे नियमित रूप से समय से लेना चाहिए। ये पोषक तत्व शिशु के मस्तिष्क और हड्डियों के विकास में सहायक होते हैं और मां को एनीमिया जैसी समस्याओं से बचाते हैं। मां का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य सीधे शिशु के न्यूरोलॉजिकल और भावनात्मक विकास पर प्रभाव डालता है, इसलिए इस दौरान सकारात्मक सोच और आत्म-देखभाल को प्राथमिकता देना जरूरी है।'

**नवजात बच्चे की करें केयर:** नवजात बच्चे के बेहतर स्वास्थ्य के के बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टिट्यूट, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-गायनेकोलॉजिस्ट, **डॉ. मीनाक्षी बंसल** कहती हैं, 'गर्भावस्था के दौरान मां के पोषण और भावनात्मक स्थिति का सीधा असर शिशु के मस्तिष्क, हृदय और संपूर्ण शारीरिक विकास पर पड़ता है। इसीलिए मां को संतुलित आहार, पर्याप्त नींद और तनावमुक्त वातावरण में रहना चाहिए। जन्म के बाद, नवजात शिशु की देखभाल में उसकी साफ-सफाई, सही पोषण और टीकाकरण का विशेष ध्यान रखना जरूरी होता है। मां का स्तनपान शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है और उसके मानसिक और शारीरिक विकास में मदद करता है। इसके अलावा, नवजात को पर्याप्त नींद देना और डॉक्टर के निर्देशानुसार समय पर टीकाकरण कराना आवश्यक है। शिशु के शुरुआती वर्षों में उसके मानसिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देने के लिए माता-पिता को उसके साथ अधिक समय बिताना चाहिए, जिससे उसका बेहतर मानसिक विकास हो और उसका अच्छा भविष्य सुनिश्चित हो सके।' गर्भावस्था के दौरान मां का मानसिक स्वास्थ्य, शिशु के संपूर्ण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए, इस समय शारीरिक और मानसिक सेहत का ध्यान रखना, आवश्यक सावधानियां बरतना और विशेषज्ञों की सलाह लेना मां, शिशु के लिए ही नहीं संपूर्ण समाज के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक है। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

**अवेयरनेस**
रजनी अरोड़ा

रात में सोने से पहले अगर आप निश्चित मात्रा में सही तरीके से पानी या स्पेशल ड्रिंक पीते हैं तो यह आपकी हेल्थ के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इससे क्या-क्या फायदे होते हैं, यहां आपको बता रहे हैं। लेकिन इनमें से किसी का भी सेवन करने से पहले आपको एक बार अपने डॉक्टर से कंसल्ट कर लेना चाहिए।

# सोने से पहले पिएं पानी-स्पेशल ड्रिंक बीमारियां रहेंगी दूर-आप रहेंगे स्वस्थ







जल हमारे जीवन का आधार और मूलभूत जरूरतों में से एक है। यह न केवल हमारी प्यास बुझाकर शरीर को हाइड्रेट रखता है, बल्कि संपूर्ण शारीरिक कार्यप्रणाली को सुचारु रूप से चलाने और ओवरऑल हेल्थ मेंटेन करने के लिए भी जरूरी है। हेल्थ एक्सपर्ट्स सेहतमंद रहने के लिए एक वयस्क को दिन भर में 8-10 गिलास पानी पीने की सलाह देते हैं। आयुर्वेद में भी दिन के दो पहरों-सुबह खाली पेट और रात को सोने से पहले पानी या विशेष पेय पीना सेहत के लिए फायदेमंद माना गया है।

आमजन रात को सोने से पहले पानी या अन्य पेय पीने के फायदों के बारे में नावाकिफ होते हैं। जबकि रात को सोने से पहले और विशेष पेय सही मात्रा में पीना सुबह के बनिस्पत अधिक फायदेमंद होता है। इससे दिन भर में होने वाली फ्लूइड की कमी दूर होती है और शरीर में हाइड्रेशन लेवल मेंटेन रहता है। साथ ही यह शरीर को रिलैक्स करने, नींद की गुणवत्ता में सुधार लाने, डिटॉक्स या विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने और स्वस्थ बनाए रखने में भी मदद करता है।

**गुनगुना पानी:** रात में सोने से 30 मिनट पहले एक गिलास हल्का गुनगुना पानी पिएं।

**क्या हैं फायदे:** रात में शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए बेस्ट है। यह पाचन तंत्र को सक्रिय करता है और कब्ज से राहत देता है। शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर निकालने में मदद करता है। ब्लड सर्कुलेशन सुधारता है। मांसपेशियों और जोड़ों को आराम देता है, विशेष रूप से पीठ दर्द या मांसपेशियों में खिंचाव होने पर दर्द में राहत देता है। तनाव कम कर शरीर को रिलैक्स करने और अच्छी नींद लाने में सहायक है।



**शहद-नीबू पानी:** गुनगुने पानी में आधे नीबू का रस और एक चम्मच शहद मिलाकर पिएं।

**क्या हैं फायदे:** यह पेय शरीर को प्राकृतिक रूप से डिटॉक्स करता है और पेट की सफाई करता है। पेट की जलन और एसिडिटी को कम करता है। नीबू में मौजूद विटामिन सी, इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में सहायक है। शहद में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण गले को आराम पहुंचाते हैं। शरीर को रिलैक्स करते हैं और अच्छी नींद लाने में सहायक है। शरीर में एनर्जी लेवल और रात के समय शरीर में होने वाली रिकवरी प्रक्रिया को मेंटेन करता है।

**हर्बल टी:** कैमोमाइल टी, पुदीना टी या अदरक टी में थोड़ा-सा शहद मिलाकर सोने से पहले पी सकते हैं।

**क्या हैं फायदे:** कैमोमाइल टी तनाव और चिंता को कम करके, दिमाग को शांत करने और अच्छी नींद में मदद करती है। पुदीना टी पाचन तंत्र को सुचारु रूप से चलाने में मदद करती है और शरीर को रिलैक्स करती है। अदरक टी शरीर को गर्म रखती है, इम्यूनिटी को बढ़ाती है और सर्दी-जुकाम से बचाव करती है।

**सौंफ का पानी:** एक गिलास पानी में एक चम्मच सौंफ डालकर 2-3 घंटे के लिए छोड़ दें और फिर इसे पिएं।

**क्या हैं फायदे:** यह पेय पाचन को दुरुस्त करता है और एसिडिटी से राहत देता है। गैस, अपच और सूजन को कम करता है। शरीर को रिलैक्स करके अच्छी नींद लाने में मदद करता है।

**जीरा पानी:** एक गिलास गर्म पानी में एक चम्मच जीरा डालकर 10 मिनट के लिए छोड़ दें और फिर छानकर इसे पिएं।

**क्या हैं फायदे:** मेटाबॉलिज्म बूस्ट करने और वजन घटाने में यह पेय मदद करता है। पाचन तंत्र को सुधारता है और कब्ज से राहत देता है। गैस, अपच और एसिडिटी को दूर करता है और पेट दर्द से राहत दिलाता है।

**त्रिफला पानी:** एक गिलास गर्म पानी में आधा चम्मच त्रिफला चूर्ण मिलाकर पिएं।

**क्या हैं फायदे:** इसे पीने से पाचन में सुधार आता है। पेट में आंतों की सफाई करता है और कब्ज से राहत दिलाता है। शरीर को प्राकृतिक रूप से डिटॉक्स करता है और त्वचा में निखार लाता है। इम्यूनिटी को भी मजबूत करता है।

**नारियल पानी:** एक गिलास ताजा नारियल पानी सोने से 30 मिनट पहले पी सकते हैं।



**क्या हैं फायदे:** शरीर में विटामिन और मिनरल्स की कमी की भरपाई कर शरीर में एनर्जी लेवल और इलेक्ट्रोलाइट्स बैलेंस मेंटेन रखता है। यह शरीर को हाइड्रेट और ठंडा रखता है। दिन भर की थकान और स्ट्रेस लेवल को कम करने में मदद करता है। नींद की गुणवत्ता को बेहतर बनाता है।

**हल्दी पानी:** एक गिलास गुनगुने पानी में एक-चौथाई छोटा चम्मच हल्दी मिलाकर पिएं।

**क्या हैं फायदे:** एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर हल्दी पानी सूजन को कम करता है। जोड़ों के दर्द और मांसपेशियों की अकड़न को कम करता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है और संक्रमण से बचाव करता है।

**हिमालयन सॉल्ट पानी:** एक गिलास हल्के गर्म पानी में एक चुटकी हिमालयन नमक मिलाकर पी सकते हैं।

**क्या हैं फायदे:** शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स बैलेंस बनाए रखता है और शरीर में हाइड्रेशन मेंटेन रखता है। पाचन तंत्र को मजबूत करता है, शरीर में पोषक तत्वों के अवशोषण को बढ़ाता है। मेटाबॉलिज्म प्रक्रिया को सुचारु रूप से चलाने में मदद करता है जिससे व्यक्ति अगली सुबह फ्रेश और एनर्जेटिक महसूस करता है। *

**(डाइट एंड वेलनेस क्लीनिक, दिल्ली की सीनियर डाइटीशियन, डॉ. शालिनी सिंघल से बातचीत पर आधारित)**

## इन बातों का रखें ध्यान



- सोने से करीब आधा घंटा पहले एक गिलास पानी और चाय या गर्म पेय करीब 2 घंटे पहले पीना बेहतर है। बहुत ज्यादा पानी न पिएं। इससे ब्लैडर सक्रिय हो सकता है। रात को पेशाब के लिए बार-बार बाथरूम जाना पड़ सकता है, जिससे नींद बाधित होती है।
- बहुत ठंडा या बहुत गर्म पानी न पिएं। इससे हार्ट आर्टरीज संकुचित होने लगती हैं, जिससे ब्लड सर्कुलेशन बाधित हो जाता है। नेक्रोसिस सेल्स नष्ट होने लगते हैं, जिससे हार्ट अटैक का खतरा रहता है।
- हमारी ग्रासनली (इसोफेगल) की परत आमतौर पर 40 डिग्री सेंटीग्रेड तक का तापमान सहन कर सकती है, लेकिन अत्यधिक गर्म या ठंडा पानी पीने से इस परत को नुकसान पहुंचता है और उसमें जलन हो सकती है। स्थिति लंबे समय तक बनी रहने पर ग्रासनली में सूजन आ सकती है।
- कैफीन युक्त पेय (कॉफी, चाय, सोडा) में कैफीन और थियोब्रोमाइन उत्तेजक तत्व ब्रेन को स्टीमुलेट कर देते हैं, जिससे नींद आने में मुश्किल होती है। हार्ट पर एक्स्ट्रा प्रेशर पड़ने से हार्ट डिजीज से जूझ रहे व्यक्ति को हार्ट अटैक का रिस्क रहता है।
- कोल्ड ड्रिंक्स या बहुत ठंडा पानी पीने से मुंह की म्यूकस मेंब्रेन को नुकसान पहुंच सकता है। लंबे समय तक ऐसा होने पर गले में खराश या जकड़न पैदा कर सकता है। ब्लड वेसल्स अचानक संकुचित होने और सोते समय ब्लड सर्कुलेशन में बाधा आने से हार्ट अटैक का खतरा रहता है।
- जरूरत से ज्यादा हर्बल ड्रिंक्स भी न लें, क्योंकि कुछ जड़ी-बूटियों का अधिक सेवन नुकसानदायक हो सकता है। अत्यधिक मीठे पेय (चीनी युक्त जूस, एनर्जी ड्रिंक्स) पानी भी हानिकारक है। इनसे ब्लड शुगर लेवल में उतार-चढ़ाव आ सकता है। हाई लेवल के फ्रक्टोस से ब्लड विस्कोसिटी यानी खून गाढ़ा हो सकता है और ब्लड क्लॉट्स बन सकते हैं। कार्डियोवैस्कुलर, ब्रेन स्ट्रोक या लंग्स फैलियर का खतरा रहता है।

**हर्बल जोन / रेखा देशराज**

# मौसमी बीमारियों से बचाए शंखपुष्पी



सर्दी खत्म होने और पूरी तरह गर्मी शुरू होने के बीच का मौसम यानी मार्च और अप्रैल के महीने में कई तरह की मौसमी बीमारियों के संक्रमण का रिस्क बढ़ जाता है। सर्दी में हमारी इम्यूनिटी ठंड के हिसाब से एडजस्ट हो जाती है, लेकिन जैसे ही गर्मी आती है, शरीर को फिर से बदलाव के साथ तालमेल बिठाना पड़ता है। यही वजह है कि इस मौसम में अनेक लोग सर्दी, जुकाम से लेकर गले के संक्रमण से ग्रस्त हो जाते हैं। क्योंकि बदलते मौसम के कारण लोगों की रोगप्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। इन दिनों हवा में नमी और धूल के कारण भी बैक्टीरिया और फंगस अधिक सक्रिय हो जाते हैं, जिससे सांस और त्वचा संबंधी संक्रमण भी बढ़ जाते हैं। इन सभी परेशानियों से बचने के लिए एक कारगर हर्बल औषधि है शंखपुष्पी। शंखपुष्पी का वानस्पतिक नाम कोन्वोल्वुलुस प्लुरिकाउलिस है। यह एक पादप है। चूंकि इसमें शंख के समान आकृति वाले श्वेत पुष्प निकलते हैं इसलिए इसे आसान भाषा में शंखपुष्पी कहते हैं। शंखपुष्पी की तीन प्रजातियां पाई जाती हैं। श्वेत, रक्त, नील पुष्पी। इनमें से श्वेत पुष्पों वाली शंखपुष्पी ही सर्वाधिक प्रभावकारी औषधि मानी जाती है।

**कई रोगों से बचाए:** शंखपुष्पी विशेष रूप से बदलते मौसम में बहुत फायदेमंद होती है क्योंकि इसमें रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने की अद्भुत ताकत होती है। शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर ये हमें मजबूत बना देती है, जिससे हमारा शरीर मौसम के बदलाव को आसानी से झेल लेता है। इस तरह ये हमारा मौसमी बीमारियों में भरपूर बचाव करती है। चूंकि बदलते मौसम में नींद की समस्या और मानसिक तनाव भी बढ़ जाता है, ऐसे में शंखपुष्पी के सेवन से दिमाग शांत रहता है और हमें अच्छी नींद आती है। यह महिलाओं में पीरियड्स संबंधी रोगों मे भी लाभकारी है। शंखपुष्पी रोगप्रतिरक्षण की क्षमता बढ़ाने के अलावा मानसिक रोगों को दूर करने वाली, स्मृति बढ़ाने वाली, चेहरे में कांति लाने वाली और बलवर्धक भी होती है। यह पाचनतंत्र को दुरुस्त रखती है, इससे अपच जैसी समस्याओं में राहत मिलती है। त्वचा और बालों के लिए भी यह फायदेमंद है।

शंखपुष्पी सिरप या चूर्ण को शहद या गर्म पानी के साथ लेने से मानसिक शक्ति बढ़ती है। दूध के साथ शंखपुष्पी चूर्ण लेने से नींद अच्छी आती है और तनाव कम होता है। *

**फिटनेस फंडा**
आदित्य रेडिज

इन दिनों सोनी सब चैनल पर टेलिकास्ट हो रहे सीरियल 'तेनाली रामा' में राजा कृष्णदेव राय की भूमिका आदित्य रेडिज निभा रहे हैं। शो में वे काफी फिट नजर आ रहे हैं। अपनी हेल्थ-फिटनेस को मेंटेन करने के लिए क्या करते हैं, आदित्य बता रहे हैं अपनी जुबानी।

# मेरे लिए फिटनेस का मतलब एक्टिव-एनर्जेटिक बने रहना है



मेरे लिए हेल्दी और फिट रहना सिर्फ एक च्वाइस नहीं, बल्कि जरूरत है। मेरा मानना है कि फिटनेस केवल अच्छी बॉडी या मसल्स बनाने तक सीमित नहीं होती है, बल्कि यह आपकी पूरी लाइफस्टाइल, एनर्जी लेवल और माइंडसेट पर असर डालती है। अगर आप फिट हैं, तो न केवल फिजिकली बल्कि मेंटली भी स्ट्रॉन्ग रहते हैं, जिससे आप हर चैलेंज को बेहतर तरीके से फेस कर सकते हैं।

**फिटनेस आइडियल:** मेरे फिटनेस आइडियल कोई एक इंसान नहीं हैं, बल्कि हर वो शख्स है, जो अपनी लिमिट्स को पुश करता है और खुद का बेहतर वर्जन बनने की कोशिश करता है। बात अगर इंस्पिरेशन की करें, तो ऋतिक रोशन और मिलिंद सोमन जैसे एक्टर्स मेरे लिए आइडियल हैं क्योंकि वे न सिर्फ फिट हैं, बल्कि उन्होंने फिटनेस को अपनी लाइफस्टाइल का हिस्सा बनाया है और एजिंग को भी मात दी है।

**एनर्जेटिक रहना ज्यादा जरूरी:** मेरे लिए हेल्दी, फिट और एनर्जेटिक रहना ज्यादा जरूरी है। सिर्फ स्लिम दिखना, फिटनेस का सही मापदंड नहीं है। अगर आपके अंदर ताकत, स्टैमिना और एनर्जी नहीं है, तो स्लिम दिखने का कोई फायदा नहीं। मेरे लिए फिटनेस का मतलब है कि मैं पूरे दिन एक्टिव और एलर्ट रहूं, अपनी परफॉर्मेंस को सुधार सकूं और लाइफ को फुल एंज्वॉय कर सकूं।

**डाइट प्लान:** मैं अपनी डाइट में नेचुरल, अनप्रोसेस्ड और हेल्दी चीजों को प्राथमिकता देता हूं। मेरा डाइट प्लान कुछ इस तरह रहता है। सुबह के समय सबसे पहले गुनगुने पानी के साथ नीबू या एप्पल साइडर विनेगर लेता हूं। उसके बाद नट्स और फ्रेश फ्रूट्स खाता हूं। ब्रेकफास्ट में प्रोटीन रिच फूड्स जैसे- एग व्हाइट्स, ओट्स या मल्टीग्रेन परांठा। मिड-मॉर्निंग स्नैक्स के तौर पर ग्रीन टी और कुछ नट्स लेता हूं। लंच में घर का बना सिंपल खाना जैसे- रोटी, दाल, सब्जी, सलाद और दही। इसके बाद ईवनिंग स्नैक्स में प्रोटीन शेक या स्प्राउट्स लेता हूं। और डिनर में हल्का और जल्दी पचने वाले फूड जिसमें ग्रिल्ड वेजिटेबल्स, सूप या दलिया शामिल होता है। सोने से पहले हर्बल टी या हल्दी वाला दूध भी जरूर पीता हूं।

**वर्कआउट शेड्यूल:** मेरा वर्कआउट शेड्यूल इस तरह रहता है। हफ्ते में 5-6 दिन ट्रेनिंग, जिसमें स्ट्रेंथ ट्रेनिंग, कार्डियो और हाई-इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग शामिल है। एक्स्ट्रा एक्टिविटीज के तौर पर रनिंग, स्किपिंग और बॉडी वेट एक्सरसाइज करता हूं। इसके अलावा मसल्स रिकवरी और फ्लेक्सिबिलिटी के लिए योगाभ्यास और स्ट्रेचिंग करता हूं।

हेल्दी और फिट रहने के लिए मैं सिर्फ जिम वर्कआउट पर फोकस नहीं करता, बल्कि अपनी पूरी लाइफस्टाइल को एक्टिव रखने की कोशिश करता हूं। इसके लिए रोज सुबह जल्दी उठता हूं और मेडिटेशन करता हूं। हाइड्रेटेड रहता हूं और इसके लिए दिनभर खूब पानी पीता हूं। प्रोसेस्ड फूड और चीनी के सेवन से दूर रहता हूं। रोज कम से कम सात घंटे की अच्छी नींद लेता हूं।

**मेंटल फिटनेस:** मेंटल फिटनेस मेरे लिए उतनी ही जरूरी है जितनी फिजिकल फिटनेस। इसके लिए मेडिटेशन और ब्रीदिंग एक्सरसाइज करता हूं। पॉजिटिव और मोटिवेशनल कंटेंट पढ़ता और सुनता हूं। नेचर के करीब कुछ समय बिताता हूं और परिवार के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करता हूं। जरूरत पड़ने पर सोशल मीडिया से ब्रेक लेता हूं। फिटनेस सिर्फ एक रुटीन नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है। जब आप हेल्दी और फिट रहते हैं, तो आपकी लाइफ और भी एनर्जेटिक और खुशहाल बनती है। मेरा मानना है कि हर किसी को अपनी बॉडी और माइंड दोनों का ख्याल रखना चाहिए, क्योंकि जब आप खुद को सबसे अच्छा महसूस कराते हैं, तभी आप अपनी बेस्ट परफॉर्मेंस दे सकते हैं। *


**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

**डाइट सजेशन**
डॉ. अदिति शर्मा
कंसल्टेंट डाइटीशियन, नोएडा

खान-पान का हमारी हेल्थ से गहरा संबंध है। केवल शरीर ही नहीं बल्कि ब्रेन को भी चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने में हेल्दी डाइट का बहुत बड़ा योगदान है। अच्छी मेंटल हेल्थ के लिए, कैसी हो आपकी डाइट, जानिए।

# हर उम्र में ब्रेन रहेगा हेल्दी







उम्र के हिसाब से मेंटल हेल्थ के लिए हर किसी को अलग तरह की डाइट की आवश्यकता होती है। इस बारे में आपको यहां बता रहे हैं।

**टीनएजर-यंगस्टर:** किशोरावस्था और युवावस्था में मस्तिष्क तेजी से विकसित होता है, इसलिए इनको सही पोषण न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य, एकाग्रता, मूड और स्ट्रेस मैनेजमेंट के लिए भी जरूरी होता है। इन्हें अपनी डाइट में ओमेगा 3 फैटी एसिड जरूर लेना चाहिए। यह ब्रेन के न्यूरॉन्स के निर्माण और संचार में मदद करता है। यह डिप्रेशन, चिंता और याददाश्त की समस्याओं को नियंत्रित करने में सहायक है। मछली, अलसी (फ्लैक्स सीड्स), चिया सीड, अखरोट और डॉक्टर की सलाह पर फिश ऑयल का सेवन कर सकते हैं। इससे ब्रेन की कोशिकाओं की झिल्ली मजबूत होती है और सीखने की क्षमता बढ़ती है। एंटीऑक्सिडेंट्स, मस्तिष्क को ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और सूजन से बचाते हैं, जो मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं। जामुन (ब्लूबेरी, स्ट्रॉबेरी, ब्लैकबेरी), हरी पत्तेदार सब्जियां, डार्क चॉकलेट, टमाटर, गाजर, शकरकंद में एंटी ऑक्सीडेंट्स तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। ऐसे खाद्य पदार्थ ध्यान केंद्रित करने की क्षमता में सुधार करते हैं। इनके लिए प्रोटीन भी जरूरी है क्योंकि यह न्यूरोट्रांसमीटर्स (जैसे- सेरोटोनिन और डोपामाइन) के निर्माण में मदद करता है, जो मूड को स्थिर रखते हैं। अंडे, दाल, छोले, राजमा, चिकन, मछली, दही, पनीर और टोफू इसके प्रमुख स्रोत हैं। प्रोटीन से युवाओं के ब्रेन को तेजी से काम करने की एनर्जी मिलती है और मानसिक थकान कम होती है। इनके अलावा कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट्स से ब्रेन को एनर्जी मिलती है। साबुत अनाज, दलिया, ओट्स, ब्राउन राइस, क्विनोवा, रोटी, दालें और शकरकंद इसके प्रमुख स्रोत हैं। ये ब्लड शुगर को स्थिर रखते हैं, जिससे चिड़चिड़ापन और थकान कम होती है। विटामिंस और मिनरल्स, न्यूरोट्रांसमीटर्स के उत्पादन को बढ़ाने और तनाव को कम करने में मदद करते हैं।

**मिडिल एज:** मिडिल एज के लोगों को दिमागी कार्यक्षमता, याददाश्त और एकाग्रता बढ़ाने वाली डाइट लेनी चाहिए। आमतौर पर टीनएजर्स के लिए यहां जिन चीजों का उल्लेख किया गया है, वे मिडिलएज लोगों और बुजुर्गों के लिए भी फायदेमंद होती हैं। इनके अलावा कुछ ऐसे तत्वों को भी डाइट में शामिल करना चाहिए, जो इस उम्र में ब्रेन की सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। जैसे- विटामिन ई। यह बादाम, सूरजमुखी के बीज और हरी सब्जियों में पाया जाता है, जो इस उम्र में न्यूरॉन्स की सुरक्षा करता है। मैग्नीशियम भी फायदेमंद है। यह काजू, पालक और डार्क चॉकलेट में होता है, जो तनाव को कम करता है। रोजाना एक मुट्ठी नट्स (बादाम, अखरोट) भी खाएं। रोजाना भोजन में हल्दी का इस्तेमाल करें, क्योंकि इसमें मौजूद करक्यूमिन एंटी-इंफ्लेमेटरी और न्यूरोप्रोटेक्टिव गुणों से भरपूर होता है।

**ओल्ड एजर्स:** बुजुर्गों के लिए ब्रेन की अच्छी सेहत बनाए रखने के लिए एक संतुलित और पोषक तत्वों से भरपूर डाइट बहुत जरूरी है। ब्लूबेरी, स्ट्रॉबेरी, पालक और ब्रोकली जैसे फल और सब्जियां एंटीऑक्सीडेंट्स (विटामिन सी और ई) से भरपूर होते हैं, जो ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और ब्रेन सेल्स के नुकसान को कम करते हैं। पालक, केला और सरसों के साग में विटामिन के और बीटा-कैरोटीन होता है, जो दिमागी गिरावट को धीमा करने में मदद करता है। *

**प्रस्तुति: विनीता**

## आमंत्रित हैं लेख...

स्वयं डॉक्टर्स या लेखक, स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से बातचीत पर आधारित लेख हमें इस पृष्ठ में प्रकाशनार्थ भेज सकते हैं। लेख इस पते पर भेजें

**हरिभूमि- संपादक-सेहत**

129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035
या मेल करें- **sehatharibhoomi@gmail.com**




# पंत को भी राहुल जैसी फटकार, बीच मैदान लखनऊ के मालिक गोयनका भड़के

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल 2025 के 13वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को पंजाब किंग्स के हाथों 8 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत भी बल्ले से फ्लॉप रहे और सीजन की अपनी दूसरी हार का सामना किया। इस मैच में मिली हार के बाद लखनऊ टीम के मालिक संजीव गोयनका और कप्तान ऋषभ पंत की तस्वीरें तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी।

तस्वीरों में देखकर ऐसा माना जा रहा है कि लखनऊ की हार के बाद गोयनका ने बीच मैदान पंत को फटकार लगाई। इन तस्वीरों को देखकर फैंस को आईपीएल के पिछले सीजन वाले दिन याद आ गए। जैसे संजीव गोयनका ने सरेआम केएल राहुल को डांट लगाई थी।




### पंत ने सिर झुकाए झेला गुस्सा

इस मैच के बाद सोशल मीडिया पर ऋषभ पंत और लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका की तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही है, जिसे देखकर माना जा रहा है कि वह पंत की टीम और उनके खराब प्रदर्शन की वजह से भड़ास निकाल रहे हैं। वैसे संजीव के उंगली उठाने वाली तस्वीर के पीछे की वजह खुद पंत की फ्लॉप बल्लेबाजी हो सकती है। इस दौरान पंत सिर झुकाए गोयनका का गुस्सा झेल रहे थे।




### लखनऊ को मिली हार

लखनऊ को अपने होम ग्राउंड इकाना स्टेडियम में मंगलवार को पंजाब किंग्स के हाथों 8 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। पहले बैटिंग करते हुए लखनऊ की टीम ने 20 ओवर में 171 रन बनाए। इसके जवाब में पंजाब की टीम ने 2 विकेट खोकर 16.2 ओवर में लक्ष्य हासिल किया। पंजाब किंग्स ने सीजन की दूसरी जीत दर्ज की, जबकि लखनऊ की टीम को दूसरी हार मिली।

### राहुल को फटकार की यादें ताजा


सोशल मीडिया पर केएल राहुल और संजीव गोयनका की फोटो को देखकर फैंस खूब प्रतिक्रिया दे रहे हैं। फैंस उस पल को याद कर रहे हैं जब पिछले आईपीएल सीजन संजीव गोयनका ने बीच मैदान राहुल को फटकार लगाई थी। इसके बाद फ्रेंचाइजी ने राहुल को आईपीएल 2025 में रिलीज कर दिया था।

### पंत ने तीन मैचों में बनाए सिर्फ 17 रन

आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे प्लेयर बने ऋषभ पंत, जिन्हें ऑक्शन 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपए में खरीदा था। उनसे हर किसी को कुछ बड़ा करने की उम्मीद थी, लेकिन वह अब तक खेले गए दोनों मैचों में नाकाम रहे हैं। उन्होंने 3 मैचों में सिर्फ 17 रन बनाए हैं।

खास खबर

## अय्यर की पारी तीसरे गियर की रॉल्स रॉयस



**लखनऊ।** पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ जीत में शानदार अर्धशतक जमाने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर की तुलना 'तीसरे गियर में रॉल्स रॉयस' से की है। अय्यर ने लगातार दूसरा नाबाद अर्धशतक जमाते हुए 52 रन बनाए जिसके दम पर पंजाब ने 172 रन का लक्ष्य दो विकेट खोकर 16.2 ओवर में हासिल कर लिया। पोटिंग कहा, 'कप्तान ने फिर इसे आसान बना दिया। रॉल्स रॉयस अधिकांश समय तीसरे गियर में ही रही। इससे ज्यादा आक्रामक होने की जरूरत नहीं है।'

### महिला राष्ट्रीय शिविर के कोर ग्रुप में 40 खिलाड़ी चयनित

**बेंगलुरु।** हॉकी इंडिया ने यहां चल रहे राष्ट्रीय शिविर में पिछले दो सप्ताह के प्रदर्शन के आकलन के बाद कोर खिलाड़ियों का समूह 65 से 40 खिलाड़ियों का कर दिया। शिविर बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के केंद्र पर 23 मार्च को शुरू हुआ था। इसमें 28 सीनियर खिलाड़ियों की जगह बरकरार है जबकि 12 नए खिलाड़ियों को 15वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप और राष्ट्रीय शिविर के पहले चरण में उनके प्रभावी प्रदर्शन के आधार पर चुना गया। गोलकीपिंग में सविता, बिछू देवी खारीबम, बांसरी सोलंकी और माधुरी किंडो हैं।

### प्रभाकरन की नियुक्ति पर कोर्ट ने लगाई रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के महासचिव के रूप में अनिलकुमार प्रभाकरन की नियुक्ति पर रोक लगा दी। यह रोक उस याचिका के आधार पर लगाई गई है जिसमें कहा गया है कि उनकी नियुक्ति राष्ट्रीय खेल संहिता का उल्लंघन है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि इस मामले की अगली सुनवाई अगले सप्ताह होगी। अदालत ने दिल्ली फुटबॉल क्लब के निदेशक रंजीत बजाज की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि इस बीच प्रभाकरन की नियुक्ति पर रोक लगनी चाहिए।

### सैमसन रॉयल्स की कप्तानी के लिए तैयार



**बेंगलुरु।** संजू सैमसन को इंडियन प्रीमियर लीग में विकेटकीपिंग करने के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी से मंजूरी मिल गई है और वह राजस्थान रॉयल्स के कप्तान के रूप में वापसी करने के लिए तैयार हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच फरवरी में खेली गई टी20 श्रृंखला के दौरान तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की गेंद पर सैमसन के दाहिने हाथ की बीच की उंगली पर चोट लग गई थी जिसकी उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी। वह राजस्थान रॉयल्स के आईपीएल में पहले तीन मैच में विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेले थे तथा रियान पराग ने उनकी जगह कप्तानी का दायित्व संभाला था।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलोर | 2 | 2 | 0 | 4 |
| पंजाब | 2 | 2 | 0 | 4 |
| दिल्ली | 2 | 2 | 0 | 4 |
| गुजरात | 2 | 1 | 1 | 2 |
| मुंबई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| लखनऊ | 3 | 1 | 2 | 2 |
| चेन्नई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 |
| राजस्थान | 3 | 1 | 2 | 2 |
| कोलकाता | 3 | 1 | 2 | 2 |

ऑरेंज कैप




निकोलस पूरन
189 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
09 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप



### महासंघों के बीच टकराव खेलों के हित में नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने खेल महासंघों में भीतरी कलह और विवादों पर चिंता जताते हुए बुधवार को कहा कि ऐसा माहौल खेलों के लिए अच्छा नहीं है। मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ की अपील पर यह टिप्पणी की। बीएफआई ने उसकी चुनाव प्रक्रिया को लेकर एकल पीठ के आदेश के खिलाफ यह याचिका दायर की थी। सुनवाई के दौरान महासंघ के सचिव और कोषाध्यक्ष की ओर से वकील ने कहा कि अपील विधिवत दायर नहीं की गई थी, क्योंकि इसे बीएफआई अध्यक्ष ने बिना किसी अधिकार के दायर किया गया था।

### मुंबई को छोड़कर गोवा के लिए खेलेंगे यशस्वी



**मुंबई।** भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने निजी कारणों से अपनी घरेलू टीम मुंबई को छोड़ने का फैसला किया है। जायसवाल ने मुंबई क्रिकेट संघ को मंगलवार को लिखे पत्र में कहा कि वह मुंबई छोड़कर गोवा के लिए खेलना चाहते हैं। एमसीए ने उनका अनुरोध मान लिया। अब जायसवाल 2025-26 सत्र में गोवा के लिए खेलेंगे। एमसीए के एक अधिकारी ने बताया, 'यह हैरानी की बात है। उसने कुछ सोचकर ही यह कदम उठाया होगा। उनसे हमने कहा कि उसे रिलीज कर दिया जाए और हमने उसका अनुरोध मान लिया।' जायसवाल ने मुंबई के लिए आखिरी मैच 23 से 25 जनवरी के बीच रणजी ट्रॉफी में जम्मू कश्मीर के खिलाफ खेला था। अर्जुन तेंदुलकर और सिद्धेश लाड के बाद मुंबई को छोड़कर गोवा जाने वाले जायसवाल तीसरे क्रिकेटर हैं। तेंदुलकर और लाड 2022 . 23 सत्र में गोवा चले गए थे। लाड हालांकि पिछले सत्र में मुंबई के लिए लौटे हैं।

तीन मैचों में दो हार के बाद कोलकाता का गिरा मनोबल

# खराब फॉर्म से जूझ रही केकेआर का सामना सनराइजर्स से आज

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

तीन में से दो मैच हार चुकी गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स और पिछले साल फाइनल खेलने वाली सनराइजर्स हैदराबाद गुरुवार को आईपीएल मैच में आमने सामने होंगी तो उनका लक्ष्य जीत की राह पर लौटने का होगा।ढ केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने सत्र के पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से मिली हार के बाद कहा था कि अभी घबराने की कोई जरूरत नहीं है। लेकिन तीन मैचों में दो हार के बाद अब टीम का मनोबल थोड़ा गिरा होगा।

पिछले सत्र में केकेआर ने सिर्फ तीन मैच गंवाए थे। अब फोकस एक बार फिर ईडन गार्डंस की पिच पर होगा चूंकि आरसीबी से सात विकेट से मिली हार के बाद इसकी काफी आलोचना हुई है। केकेआर के पूर्व सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट और विराट कोहली ने 175 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सिर्फ 51 गेंद में 95 रन की साझेदारी करके आरसीबी को जीत दिलाई थी। बंगाल क्रिकेट संघ पर दबाव है कि स्पिनरों से भरी केकेआर टीम के अनुकूल पिच बनवाई जाए।



### स्पिनरों की मददगार पिच बनाने का अनुरोध खारिज

केकेआर के पास सुनील नारायण, मोईन अली और वरूण चक्रवर्ती जैसे धुरंधर स्पिनर हैं। पिछले महीने चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करके आए स्पिनर चक्रवर्ती ने आरसीबी के खिलाफ 10.75 प्रति ओवर की दर से रन दिए। रिपोर्ट की मानें तो ईडन गार्डंस के पिच क्यूरेटर सुजन मुखर्जी ने पहले मैच में स्पिनरों की मददगार पिच बनाने का केकेआर का अनुरोध खारिज कर दिया था और यह फैसला टीम पर भारी पड़ गया। चक्रवर्ती ने उस मैच में 45 रन दिए। मुखर्जी ने अपने फैसले को सही ठहराया लेकिन अब कैब अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली खुद क्यूरेटर के साथ पिच का मुआयना कर रहे हैं जिससे आगामी मैचों में पिच में बदलाव देखा जा सकता है।

### आक्रामक बल्लेबाजी की रणनीति नाकाम

पहले मैच में छह विकेट पर 286 रन बनाने वाली सनराइजर्स पिछले दो मैचों में 200 रन भी नहीं बना पाई। बेहद आक्रामक बल्लेबाजी की रणनीति नाकाम रही है और पिछले दो मैचों में लखनऊ सुपर जाइंट्स और दिल्ली कैपिटल्स ने उसे हराया। पैट कमिंस की टीम को पिछले आईपीएल फाइनल में मिली हार का बदला चुकता करने के लिए अपने प्रदर्शन में काफी सुधार करना होगा। ईडन गार्डंस पर कमिंस और मोहम्मद शमी खतरनाक हो सकते हैं। घरेलू क्रिकेट में बंगाल के लिए खेलने वाले शमी का यह घरेलू मैदान है।

### टीम संयोजन को लेकर सवाल

पिच के अलावा केकेआर टीम संयोजन को लेकर भी काफी सवाल हैं। उनकी गेंदबाजी और बल्लेबाजी में तालमेल नजर नहीं आ रहा और स्टार खिलाड़ी चल नहीं रहे हैं। केकेआर ने जिन चार खिलाड़ियों को नीलामी से पहले रिलीज किया था, उन सभी ने आईपीएल के पहले दस दिन में शानदार प्रदर्शन किया है। स्टार्क की जगह आए स्पेंसर जॉनसन प्रभावित नहीं कर सके हैं जबकि एनरिच नॉर्किया चोट के कारण बाहर हैं। मोटे दाम पर खरीदे गए वेंकटेश अय्यर दो मैचों में नौ रन ही बना सके हैं। रिटेन किए गए खिलाड़ियों में रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, हर्षित राणा और रमनदीप सिंह फॉर्म में नहीं हैं।

# जदुमणि ने मुक्केबाजी विश्व कप के सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय मुक्केबाज जदुमणि सिंह मांडेंगबाम ने ब्राजील के फोज डो इगुआकु में चल रहे विश्व मुक्केबाजी कप के 50 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है लेकिन भारत के तीन अन्य खिलाड़ी पहले दौर में ही बाहर हो गए।

मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन 20 वर्षीय जदुमणि ने मंगलवार देर रात 50 किग्रा के क्वार्टर फाइनल में पिछले साल के विश्व मुक्केबाजी कप के रजत पदक विजेता ग्रेट ब्रिटेन के एलिस ट्रोब्रिज को कड़े



मुकाबले में 3-2 के विभाजित निर्णय से हराया। सेमीफाइनल में जदुमणि का मुकाबला पूर्व एशियाई अंडर-22 चैंपियन उज्बेकिस्तान के असिलबेक जालिलोव से होगा। इस बीच एशियाई खेलों के पदक विजेता नरेंद्र बेरवाल (90 किग्रा से अधिक), निखिल दुबे (75 किग्रा) और जुगनू (85 किग्रा) क्वार्टर फाइनल में हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

हांगझोउ एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंद्र ने कजाकिस्तान के सपरबे डेनियल को कड़ी चुनौती दी, लेकिन पहले राउंड में सर्वसम्मति से जीत के बावजूद उन्हें आखिर में करीबी मुकाबले में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। निखिल स्थानीय खिलाड़ी काउ बेलिनी से 0-5 से हार गए जबकि जुगनू को फ्रांस के अब्दुलाये ट्राओरे के खिलाफ 1-4 के विभाजित फैसले में हार का मुंह देखना पड़ा।

**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा इंजीनियरिंग विभाग**

निम्नलिखित कार्य के ई–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम. डब्ल्यू–जे.बी.पी.–71–2025 दिनांक 27/03/2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** यातायात अवरोध की आवश्यकता के बिना बार्कहाउज़ेन शोर सिद्धांत पर आधारित गैर–विनाशकारी रूप से एलडब्ल्यूआर/सीडब्ल्यूआर के तनाव मुक्त तापमान के मापन/निर्धारण के लिए उपकरण/प्रणाली का विनिर्माण, आपूर्ति और क्षेत्र परीक्षण।, **कार्य का अनुमानित मूल्य:** 1,05,84,600/–, **बयाना राशि रूपये:** 202900/–, **समापन अवधि:** 10 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक:** 22/04/2025, **निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तक:** 22/04/2024। उपरोक्त ई–निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग मोहला वनमंडल मोहला**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि, मोहला वनमंडल मोहला के अंतर्गत अस्थाई डिपो मानपुर में उपलब्ध ईमारती / जलाऊ / व्यापारिक बांस / औद्योगिक बांस का निम्नानुसार e-Auction किया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक क्रेताओं से अनुरोध है कि e-Auction में भाग लेवें। e-Auction की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमंडल / काष्ठागार मानपुर से प्राप्त की जा सकती है।

e-Auction Date - 11-04-2025 Time - 9:00 AM काष्ठागार का नाम – अस्थाई डिपो मानपुर

| क्र. | प्रजाति | नये वनोपज | | | पुराने वनोपज | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ईमा. घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | ईमा. घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | ईमा. घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| 1 | सागौन | 252.094 | 1080 | 0.360 | 523.872 | 0 | 0 | 775.966 | 1.080 | 0.360 |
| 2 | बीजा | 24.266 | 0 | 0 | 73.503 | 0 | 0 | 97.769 | 0 | 0 |
| 3 | साजा | 12.050 | 0 | 0 | 15.736 | 0 | 0 | 27.786 | 0 | 0 |
| 4 | हल्दू, मुण्डी | 0 | 0 | 0 | 1.793 | 0 | 0 | 1.793 | 0 | 0 |
| 5 | कर्रा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | सेन्हा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | धावड़ा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | अन्य | 20.634 | 25.202 | 0 | 25.308 | 0 | 0 | 25.308 | 25.202 | 0 |
| | योग:- | 309.044 | 26.282 | 0.360 | 640.212 | 0 | 0 | 928.622 | 26.282 | 0.360 |
| | डिपो- उपभोक्ता डिपो चौकी | | | | | | | | | |
| 1 | सागौन | 0 | 0 | 0 | 17.868 | 0 | 0 | | 0 | 0 |
| | योग:- | 0 | 0 | 0 | 17.868 | 0 | 0 | | 0 | 0 |
| | अस्थायी डिपो- मानपुर | | | | | | | | | |
| | | नग | नो.टन | | नग | नो.टन | | नग | नो.टन | |
| 1 | व्यापारिक बास | 36820 | 82.499 | | 26180 | 60.242 | | 63000 | 132.741 | |
| 2 | आधौगिक बास | 0 | 0 | | 0 | 0 | | 0 | 0 | |
| | 02 मीटर | 2700 | 45.000 | | 6540 | 109.000 | | 9240 | 154.000 | |
| | 01 मीटर | 1050 | 8.750 | | 2850 | 23.747 | | 3900 | 32.497 | |
| | योग | 40570 | 136.249 | | 35570 | 192.989 | | 76140 | 319.238 | |
| 3 | जलाउ चट्टा | 1037 | - | | 02 | | | 1039 | | |

टीप- 1. क्रेताओं को ई-आक्सन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कार्मस पोर्टल मे रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 2. क्रेताओं को ई-आक्सन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी से लॉग इन करके देख सकते है। 4. ई-आक्सन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

जी-252600011/12

वन मंडलाधिकारी
मोहला वन मंडल मोहला

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मण्डला (म.प्र.)**

दूरभाष - 07642-252443 ई-मेल – eephedmal@mp.nic.in फेक्स - 07642-253622

निविदा क्र.105 से 107/2024-25/नि.शाखा/लो.स्वा.या./2022 **निविदा आमंत्रण सूचना** मण्डला, दिनॉक 31.03.2025

निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाईन वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर निविदा आमंत्रित किये जाते है। ऑन लाईन निविदा प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि 11/04/2025 सायं 17.30 बजे तथा निविदा खुलने का दिनांक 14/04/2025 सायं 12.00 बजे के पश्चात है। निविदा से सम्बंधित कोई भी संशोधन ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर प्रदर्शित है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।

| क्र. | निविदा क्रमांक | ई- टेण्डर आई. डी. नं. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर राशि (रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 105/ 2022-23 | 2025_PHED _413464_1 | REPAIRING & MAINTINANCE OF HAND PUMP SET LABOUR CHARGES WITH HANDPUMP TECHNICIAN WITH CLORINATION WORK BLOCK NAINPUR DISTRICT MANDLA (M.P.) | 15.27 | 30600 | 2000.00 | 12 Month I/R |
| 2 | 106/ 2022-23 | 2025_PHED _413465_1 | REPAIRING & MAINTINANCE OF HAND PUMP SET LABOUR CHARGES WITH HANDPUMP TECHNICIAN WITH CLORINATION WORK BLOCK BICHHIYA DISTRICT MANDLA (M.P.) | 17.93 | 36000 | 2000.00 | 12 Month I/R |
| 3 | 107/ 2022-23 | 2025_PHED _413466_1 | REPAIRING & MAINTINANCE OF HAND PUMP SET LABOUR CHARGES WITH HANDPUMP TECHNICIAN WITH CLORINATION WORK BLOCK MANDLA DISTRICT MANDLA (M.P.) | 14.85 | 30000 | 2000.00 | 12 Month I/R |

नोट :- निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाईट पर केश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान पर क्रय किया जा सकता है।

G-11056/25 "स्वच्छता ही सेवा"

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यात्रिकी खण्ड, मण्डला

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1 बालाघाट (म. प्र.)**

निविदा सूचना क्रमांक 30/व.ले.लि./2024-25 **निविदा आमंत्रण - सूचना** बालाघाट. दिनांक 27.03.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रं. | जिला | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि (राशि लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWDRB _412808 | बालाघाट | कटंगी नंदोरा, कटेदरा चौखंडी, खांदीटोला बोलडोगरी, कोसुंबा भंडेरवा, लखनवाडा सिरपुर चौकी, लखनवाडा वरुड भजीयापार, महकेपार कोडबी, सुकली जामुनटोला मार्ग लम्बाई 27.05 कि.मी. का निर्माण कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 463.68 | 463700.00 | 15000.00 | 08 माह वर्षाऋतु सहित |
| 2 | 2025_PWDRB _412809 | बालाघाट | भौरगढ़ से टेमनी, कटोरी लिलामा, कटोरी फलचूर शंकर पिपरिया, कटोरी चोर पिंडकेपार रानी मोह-गांवघाट, सालेटेका घुबडगोंदी, कटेदरा जर्राहमोहगांव मार्ग लम्बाई 27.36 कि.मी. का विशेष मजबूतीकरण कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 419.45 | 419500.00 | 15000.00 | 08 माह वर्षाऋतु सहित |
| 3 | 2025_PWDRB _412810 | बालाघाट | कुम्हारी खुर्द से केरेगांव मार्ग लम्बाई 3.20 कि. मी. का निर्माण कार्य। उमरी से बोरीकला मार्ग लम्बाई 2.20 कि.मी. का निर्माण कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 410.82 | 410900.00 | 15000.00 | 08 माह वर्षाऋतु सहित |
| 4 | 2025_PWDRB _412811 | बालाघाट | आलेझरी कासपुर, गर्रा एकोडी, कालागोटा पिपरिया वारा आलेझरी मार्ग लम्बाई 11.70 कि. मी. का विशेष मजबूतीकरण कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 380.90 | 381000.00 | 15000.00 | 06 माह वर्षाऋतु सहित |
| 5 | 2025_PWDRB _412812 | बालाघाट | उमरी - सावंगी - अजुर्नी बाहकल मार्ग लम्बाई 4. 45 कि.मी. का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 359.56 | 360000.00 | 15000.00 | 06 माह वर्षाऋतु सहित |
| 6 | 2025_PWDRB _412813 | बालाघाट | मोहगांव कुण्डे सीमेंट कांक्रीट मार्ग लम्बाई 3.60 कि.मी. का निर्माण कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 347.52 | 347600.00 | 15000.00 | 06 माह वर्षाऋतु सहित |
| 7 | 2025_PWDRB _412814 | बालाघाट | कटंगी - सहेकी मार्ग लम्बाई 2.55 कि.मी. का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 302.29 | 302300.00 | 15000.00 | 06 माह वर्षाऋतु सहित |
| 8 | 2025_PWDRB _412815 | बालाघाट | कटंगी- धंसा - टेकेपार मार्ग लम्बाई 3.00 कि.मी. का निर्माण कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 292.09 | 292100.00 | 15000.00 | 06 माह वर्षाऋतु सहित |
| 8 | 2025_PWDRB _412816 | बालाघाट | चोरपिण्डकेपार से टूईयापार मार्ग लम्बाई 4.45 कि.मी. का निर्माण कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 214.19 | 214200.00 | 15000.00 | 06 माह वर्षाऋतु सहित |
| | | | कुल योग | | 3190.50 | | | |

उपरोक्त वेबसाइट आर्नलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र आनलाईन क्रय करने एवं आनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 15/04/2025 (17.30 बजे निर्धारित है। निविदा की धरोहर राशि (EMD) एवं निविदा तथा अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज आनलाईन ही जमा किये जायेंगें। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है।

G-11047/25

(कार्यपालन यंत्री,) लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 1 बालाघाट

# ई-एफआईआर में जबलपुर पुलिस अव्वल

## शिकायत मिलते ही तत्काल एक्टिव, कप्तान के निर्देश पर फरियादियों को राहत

शुभम् शुक्ला

हरिभूमि, जबलपुर। समय के साथ हाई टेक हुई पुलिस ई-एफआईआर के माध्यम से भी फरियादियों की समस्याओं का निराकरण कर रही हैं। पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय के निर्देश पर जिले में प्राप्त होने वाली ई-एफआईआर पर पुलिस तत्काल एक्शन ले रही हैं। जिससे पीड़ितों को न सिर्फ बार-बार पुलिस थाना के चक्कर काटने पड़ रहे हैं बल्कि वह कार्यवाही से संतुष्ट भी हो रहे हैं। जानकारों के मुताबिक कप्तान उपाध्याय ने जिले के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि जो भी फरियादी पोर्टल पर ई-एफआईआर दर्ज कराते हैं तो उसकी तत्काल जांच कर उचित कार्रवाई करते हुए पीड़ितों की मदद करें। जिससे लोग परेशान न हो और उनकी शिकायत का त्वरित निराकरण किया जा सकें।

### जांच उपरांत दर्ज होती हैं एफआईआर




गौरतलब है कि पुलिस विभाग के पोर्टल पर फरियादी इन्टरनेट के माध्यम से ई-एफआईआर दर्ज कराते हैं। जिसके बाद तत्काल संबंधित थाना प्रभारी उसमें संज्ञान लेकर अपने अधीनस्थ अधिकारी से उसकी जांच कराता हैं। जांच में तथ्यों के आधार पर पीड़ित की असल एफआईआर दर्ज करके संबंधित आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हैं।

### 224 शिकायत, 78 में दर्ज हुई एफआईआर

अपराध और अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम (सीसीटीएनएस) के प्रभारी एएसआई सुनील दुबे ने बताया कि 1 जनवरी से 31 मार्च 2025 पिछले तीन माह में जिले के विभिन्न थानों में कुल 224 ई-एफआईआर की शिकायतें ऑनलाइन दर्ज की गई। पुलिस ने सभी शिकायतों की बारीकी से पड़ताल की। जिसमें 121 ई-एफआईआर अस्वीकृत कर दी गई जबकि 78 पर विधिवत असल एफआईआर दर्ज की गई और वर्तमान में 25 ई-एफआईआर पर अब भी जांच जारी हैं। ई-एफआईआर में लगभग सभी मामले चोरियों से संबंधित हैं। दर्ज हुई एफआईआर में पुलिस कुछ मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी हैं वहीं कुछ कि तलाश अब भी जारी हैं।

### शहरी में दर्जगी ज्यादा, ग्रामीण में कम

आकड़ों पर गौर किया जाए तो ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित थानों में ई-एफआईआर नहीं दर्ज कराई जा रही है। जबकि शहरी थाना क्षेत्रों से ऑनलाइन ई-एफआईआर दर्ज कराने में फरियादियों की संख्या ज्यादा दर्ज है। खितौला 4, बरगी 3, सिहोरा 11 को छोड़ ग्रामीण क्षेत्र में एक भी एफआईआर दर्ज नहीं हो पाई है। वहीं ठीक इसके विपरीत शहरी थाना क्षेत्रों में ओमती 5, कैंट, कोतवाली, ग्वारीघाट, माढ़ोताल में 1-1, गढ़ा, मदन महल में 4-4, तिलवारा, बरेला में 2, संजीवनी नगर 5, विजय नगर 6, गोरखपुर 8, गोहलपुर, लॉर्डगंज में 10-10 प्रकरण दर्ज किए गए है।

### प्रदेश में प्रथम स्थान पर काबिज जबलपुर

आमजनों की सहायता के लिए लागू की गई इस प्रणाली पर जबलपुर पुलिस पूरे मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान पर काबिज है। गौरतलब हैं कि कप्तान उपाध्याय की सतत मॉनिटरिंग और कुशल निर्देशन में सीसीटीएनएस में तैनात उनकी स्पेशल टीम शिकायत दर्ज होते ही एक्टिव हो जाती है। जिसका परिणाम रैंकिंग में देखने मिल रहा है।

### शिकायत मिलते ही किया जाता है एक्शन



ई-एफआईआर के लिए राजपत्रित समेत सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। शिकायत मिलते ही उस पर विधिवत एक्शन लेकर फरियादियों को संतुष्ट किया जाता है। पिछले तीन माह में कुल 224 ई-एफआईआर की शिकायतें ऑनलाइन दर्ज की गई। जिसमें 121 अस्वीकृत कर दी गई जबकि 78 पर विधिवत असल एफआईआर दर्ज की गई और वर्तमान में 25 पर अब भी जांच जारी हैं।

संपत उपाध्याय, पुलिस कप्तान जबलपुर

# राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2025 पर हाइकोर्ट की रोक

## कम्युनल रिजर्वेशन लागू करने का है मामला

- एमपीपीएससी को कैटिगरी वाइस सिट ऑफ मार्क्स जारी कर हाइकोर्ट में पेश करने का निर्देश
- आरोप-प्रतिभावान अभ्यर्थियों को एमपीपीएससी ने नहीं किया अनारक्षित में शामिल

हरिभूमि जबलपुर।



मप्र हाईकोर्ट ने एमपीपीएससी की मप्र राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2025 पर रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की खंडपीठ ने एमपीपीएससी को प्रारंभिक परीक्षा की कैटिगरी वाइस कट ऑफ मार्क्स जारी कर हाइकोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया। बेंच ने कहा कि 15 अप्रैल के पूर्व वर्गवार कट ऑफ अंक जारी कर कोर्ट क्रो अवगत कराएं। साथ ही आरक्षित वर्ग के कितने प्रतिभावान अभ्यर्थियों क्रो अनारक्षित वर्ग में चयनित किया गया, उन सभी का डाटा पेश किया जाए। अगली सुनवाई 15 अप्रैल को होगी।

### यह है मामला

आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों भोपाल निवासी सुनीत यादव, नरसिंहपुर निवासी पंकज जाटव एवं बैतूल निवासी रोहित कावड़े की ओर से याचिका दायर की गई। वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, विनायक प्रसाद शाह व आर.जी.वर्मा ने कोर्ट क्रो बताया कि मप्र लोक सेवा आयोग(एमपीपीएससी) द्वारा कुल 158 पदों की भर्ती हेतु प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम 05 मार्च को घोषित किए गए। लेकिन परिणाम में वर्गवार कट ऑफ अंक जारी नहीं किए गए। जबकि पूर्व की सभी परीक्षाओं में वर्गवार कट ऑफ अंक जारी किये जाते रहे हैं। तर्क दिया कि सुप्रीम कोर्ट एवं हाइ कोर्ट के विभिन्न फैसलों को बायपास करते हुए आयोग ने अनारक्षित पदों के विरुद्ध आरक्षित वर्ग के प्रतिभावान अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा हेतु चयनित नहीं किया। समस्त अनारक्षित पद सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित कर प्रारंभिक परीक्षा का रिजल्ट जारी किया गया। आयोग ने अपनी इस असंवैधानिक त्रुटि को छुपाने के उद्देश्य से 2025 के प्रारंभिक परीक्षा में कट ऑफ मार्क्स भी जारी नहीं किए हैं। जबकी नियमानुसार प्रत्येक चरण की परीक्षा में वर्गवार कट ऑफ अंक जारी किए जाने का प्रावधान है। इसके चलते याचिकाकर्ताओं को मुख्य परीक्षा में चयन से वंचित कर दिया गया है।कोर्ट को अवगत कराया कि पूर्व में दायर एक अन्य याचिका में हाईकोर्ट की अनुमति के बिना रिजल्ट जारी नहीं करने का अंतरिम आदेश पारित किया गया है। क्योंकि सरकारी वकील एवं एमपीपीएससी के वक़ील ने उक्त याचिका की सुनवाई के दौरान गत 25 मार्च को कोर्ट क्रो बताया था कि प्रारम्भिक परीक्षा 16 फरवरी को हो चुकी है। रिजल्ट जारी नहीं हुआ है। जबकि रिजल्ट 05 मार्च क्रो ही जारी हो चुका है। सरकारी वक़ील एवं एमपीपीएससी के वकील ने कोर्ट क्रो गुमराह किया। इसलिए 25 मार्च के आदेश में संशोधन करने की आवश्यकता है। तर्कों को गंभीरतापूर्वक लेकर कोर्ट ने एमपीपीएससी की आगामी मुख्य परीक्षा क्रो स्थगित कर दिया।

## पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड ने रचा नया इतिहास

# ताप विद्युत गृहों ने किया रिकॉर्ड विद्युत उत्पादन

हरिभूमि जबलपुर।



मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी (एमपीपीजीसीएल) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अपने ताप विद्युत गृहों के माध्यम से ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। पावर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत गृहों ने कुल 28789.8 मिलियन यूनिट (एमयू) विद्युत उत्पादन कर नया कीर्तिमान बनाया। यह अब तक किसी भी वित्तीय वर्ष में हुआ सर्वाधिक विद्युत उत्पादन है। इससे पूर्व वित्तीय वर्ष 2023-24 में ताप विद्युत उत्पादन 28627.03 मिलियन यूनिट दर्ज हुआ था। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया ने सर्वाधकि 15042 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया। उल्लेखनीय है कि पावर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत गृहों की कुल स्थापित उत्पादन क्षमता 4570 मेगावाट है।

### किस विद्युत गृह का कैसा रहा प्रदर्शन

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के 210 मेगावाट स्थापित क्षमता के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई ने 1546 मिलियन यूनिट, 500 मेगावाट स्थापित क्षमता के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी ने 3756 मिलियन यूनिट, 1340 मेगावाट स्थापित क्षमता के संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर ने 8445 मिलियन यूनिट व 2520 मेगावाट स्थापित क्षमता के श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया ने 15042 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया।

### यूनिट नंबर 3 ने किया कमाल

संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर की 500 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 3 ने 4116 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन कर रिकार्ड बनाया। यह इस यूनिट के इतिहास में सर्वाधिक विद्युत उत्पादन है।

### ऊर्जा मंत्री ने दी बधाई

मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई व मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने ताप विद्युत गृहों के अभियंताओं व कार्मिकों को ऐतिहासिक सर्वाधिक ताप विद्युत उत्पादन करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि राज्य के ऊर्जा क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति को दर्शाता है और ताप विद्युत उत्पादन की नई ऊंचाई का संकेत है। ऊर्जा मंत्री ने आशा व्यक्त की कि रिकार्ड स्तर का ताप विद्युत उत्पादन राज्य की औद्योगिक वृद्धि व विद्युत आपूर्ति को और अधिक सुदृढ़ करेगा।

# भाजपा प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी के खिलाफ चुनाव याचिका खारिज

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने भोपाल दक्षिण पश्चिम विधानसभा से विधायक व भाजपा प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी के खिलाफ दायर चुनाव याचिका निरस्त कर दी। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने अपर्याप्त तथ्यों के आधार पर चुनाव याचिका को विचारण योग्य नही माना। नवंबर 2023 के विस चुनाव में पराजित कांग्रेस प्रत्याशी पी सी शर्मा द्वारा यह याचिका दायर की गई थी।याचिका में भगवानदास सबनानी पर प्रशासनिक मशीनरी का दुरपयोग का आरोप लगाया गया था। ईवीएम में गड़बड़ी कराने का आरोप लगाया गया था। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता ज्ञानेंद्र सिंह बघेल ने कोर्ट को बताया कि शर्मा ने प्रस्तुत चुनाव याचिका में ये उल्लेख कही नहीं किया गया कि सबनानी द्वारा किस अधिकारी के साथ मिलकर या किस तरह से ई वी एम मशीन में गड़बड़ी कराई गई। ना ही अपने आरोप के समर्थन में कोई दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। उन्होंने कोर्ट के समक्ष आदेश 7 नियम 11 व्यवहार प्रक्रिया संहिता का आवेदन प्रस्तुत करते हुए याचिका को खारिज करने के लिए निवेदन किया। तर्क सुनने के बाद कोर्ट ने निवेदन स्वीकार कर याचिका खारिज कर दी।

### देशी पिस्टल, कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** संजीवनीनगर थाना अतंर्गत रजिस्ट्री ऑफिस के सामने रोड परर पिस्टल लेकर घूम रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देशी पिस्टल और कारतूस जब्त की है। संजीवनीनगर थाना प्रभारी बी.डी. द्विवेदी ने बताया कि नोनी पंचायत ग्राम खमदेही थाना पाटन निवासी 30 वर्षीय देवेंद्र बर्मन बुधवार को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लोहे की पिस्टल और लोडेड कारतूस के जप्त करते हुये धारा 25, 27, आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## पत्नी की मौत, पति व बच्ची घायल

# मौत बनकर गिरा लेंटर



**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत गाजीनगर में दिनभर मजदूरी करने के बाद रात में चैन की नींद सो रहे परिवार पर आरसीसी लेंटर की छपाई मौत बनकर टूटी। इस हादसे में लेंटर का एक बड़ा हिस्सा टूटकर गिरने से मासूम बेटी के साथ सो रही 'मां' की मौके पर मौत हो गई। बेटी के दोनों पैर में गंभीर चोट आई और पति के सिर व पैर में चोट आई है। घायलों को उपचार के लिए स्थानीय लोगों की मदद से अलग-अलग अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गाजीनगर क्षेत्र में किराए के मकान में 49 वर्षीय मोहम्मद आवेद अंसारी अपनी 45 वर्षीय पत्नी साहिन परवीन और 8 साल की बेटी सना के साथ रहते हैं। कल रात मजदूरी करके लौटे और घर पर सो रही थे तभी देर रात करीब 3:30 बजे छत का एक बड़ा हिस्सा परिवार के सदस्यों के ऊपर गिर गया। एकाएक धमाका और चीख-पुकार की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे पड़ोसियों ने घायलों को मलबे से निकाला। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां महिला साहिन परवीन को मृत घोषित कर दिया गया। 8 साल की मासूम बेटी के सिर से मां का साया ही उठ गया। हादसे में पति और बेटी गंभीर रूप से घायल है। पुलिस मर्ग कायम कर मामलें की जांच कर रही है।

## हाईकोर्ट ने राज्य सरकार पर लगाया 50 हजार का जुर्माना, राशि जिला रजिस्ट्रार स्टाम्प कलेक्टर से वसूलने के निर्देश

# एक की जगह 125 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी लगाने का आदेश निरस्त

हरिभूमि जबलपुर।



मप्र हाईकोर्ट ने एक प्रतिशत के स्थान पर 125 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी लगाने के आदेश को मनमाना पाते हुए निरस्त कर दिया। जस्टिस विवेक अग्रवाल की सिंगल बेंच ने इस गलती के लिए राज्य सरकार पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। सरकार को यह राशि जिला रजिस्ट्रार स्टाम्प कलेक्टर से वसूलने के निर्देश दिए गए । राशि 30 दिन के भीतर सरकारी खजाने से निकाले बिना याचिकाकर्ता को भुगतान करनी होगी। कटनी निवासी पवन कुमार मित्तल सहित अन्य की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पीएलएम बिल्डर्स एंड डेवेलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, कटनी के ऊपर मनमानी स्टाम्प ड्यूटी अधिरोपित करने की गलती की गई है। जिला रजिस्ट्रार स्टाम्प कलेक्टर, कटनी ने नियम विरुद्ध तरीके कालोनी के विकास शुल्क अंतर्गत 125 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी बंधकनामा पर लगाई गई है। जबकि नियमानुसार एक प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी देय थी। लिहाजा, जिला रजिस्ट्रार स्टाम्प कलेक्टर, कटनी द्वारा जारी मांग पत्र व राजस्व मंडल, ग्वालियर द्वारा पारित आदेशों को निरस्त किया जाए। हाई कोर्ट ने तर्क से सहमत होकर याचिकाकर्ता के पक्ष में आदेश पारित कर दिया।

### वास्तव में यह है नियम

मध्य प्रदेश में कालोनाइजर के रजिस्ट्रेशन, निबंधन, और शर्तों से जुड़े नियमों को मध्य प्रदेश नगर पालिका (कालोनाइजर का रजिस्ट्रेशन, निर्बंधन तथा शर्तें) नियम, 1998 में बताया गया है। इन नियमों को मध्य प्रदेश राजपत्र में प्रकाशित होने के बाद लागू किया गया था। ये नियम सभी नगर निगम, नगर पालिका परिषद, और नगर पंचायत की सीमाओं में लागू होते हैं। इन नियमों के तहत कालोनाइज़र से जुड़ी कुछ शर्तें इस प्रकार हैं-कालोनी की स्थापना और विकास के लिए, कालोनाइजर को सक्षम प्राधिकारी को प्रस्ताव देना होता है। कालोनी के आंतरिक विकास कार्यों को पूरा करने की अवधि अधिकतम तीन वर्ष होती है। कालोनाइजर को आंतरिक विकास कार्य पूर्ण करने के लिए बंधक रखे गए पच्चीस प्रतिशत भूखंडों को बेचकर पैसे इकट्ठा करने की अनुमति है। कालोनाइजर द्वारा कालोनी का विकास कार्य पूरा होने के बाद, विकास कार्य पूर्ण होने की सूचना सक्षम प्राधिकारी को देनी होती है।

## पश्चिमी विक्षोप से छा रहे बादल, उमस बढ़ी

# गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी के आसार

हरिभूमि जबलपुर।



बुधवार को फिर मौसम के मिजाज अचानक बदले और आसमान पर दिनभर बादल छाये रहे। दिन में धूप छांव का खेल चलता रहा, इस बीच पारा तीन दिनों से स्थिर बना हुआ है। लेकिन गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिली। बादलों की बसाहट से उमस ने हलाकान कर दिया। मौसम विभाग का कहना है कि पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर बने हवा के कम दवाब वाले क्षेत्र के कारण बादल नीचे उतर आए हैं और आगामी 24 घण्टों के दौरान संभाग के एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ बरस भी सकते हैं।

स्थानीय मौसम विज्ञान केंद्र के प्रवक्ता ने बताया कि जम्मू काश्मीर से आया पश्चिमी विक्षोप के कारण पूर्वी और पश्चिमी मध्यप्रदेश के ऊपर हवा के कम दबाव का क्षेत्र बन गया है। लो-प्रेशर की वजह से बादल बन रहे हैं, और तापमान में गिरावट आई है। हाल ही में तीखे हुए गर्मी के तेवर कुछ नरम पड़े हैं। लेकिन आसमान पर बदली के छाने से उमस बढ़ रही है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान 30.03 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 6 डिग्री कम दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 20.08 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 66 प्रतिशत और सायंकाल 48 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 06.00 पर और सूर्यास्त शाम 06.26 पर हुआ। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 37.09 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 19.07 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। दक्षिणी हवाएं 5 से 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे अधिक 39.08 डिग्री तापमान धार और सबसे कम 14.04 डिग्री नरसिंहपुर में दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान गरज-चमक के साथ पानी बौछारें पड़ने की संभावना है।

### मरी भैंस उठाने आए बदमाशों ने किया चाकू से हमला

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अतंर्गत मंडी मदार टेकरी में मरी भैस के 15 हजार रुपए मांगने की बात पर दो बदमाशों ने दो भाईयों के साथ मारपीट कर एक भाई पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडी मदार टेकरी निवासी मोहम्मद अख्तर जानवर लाने और ले जाने का काम करता है। गत रात लगभग 8 बजे मो. अख्तर गाड़ी में जानवर लेकर सलाटर हाउस आया। उसी गाड़ी में उवैश कुरैशी एवं शहजादे के भी जानवर लाये थे। गाड़ी से जानवर उतारते समय उवैश की एक भैंस मरी निकली तो उवैश कुरैशी एवं उवैश का भाई शहजादे दोनों उससे मरी भैंस के 15 हजार रूपये मांगने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो दोनों भाई ने मिलकर मो. अख्तर के साथ गाली गलौज व मारपीट कर दी। उसका छोटा भाई जहांगीर बीच बचाव करने लगा तो शहजादे ने उस पर चाकू से हमलाकर कर घायल जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## तलाश में पुलिस कर रही छापेमारी, मोबाइल स्विच ऑफ

# एफआईआर दर्ज होते ही मेबन फरार

हरिभूमि जबलपुर।



विजयनगर स्थित जॉय स्कूल के संचालक अखिलेश मेबन द्वारा व्हाटसएप स्टेटस में प्रभु श्रीराम और उनके भक्तों को लेकर की गई अमार्यादित टिप्पणी को लेकर मचे बवाल के बाद विजयनगर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। इसके बाद मेबन अपना मोबाइल फोन स्वीचऑफ कर फरार हो गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि धार्मिक भावनाओं को भड़काने के मामले में विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी की प्रांत संयोजिका नेहा प्यासी की रिपोर्ट पर जॉय स्कूल संचालक अखिलेश मेबन के खिलाफ बीएनएस की धारा 299 व 352-2 का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस की टीमों ने उसके घर और आफिस में दबिश दी, लेकिन वह तब तक फरार हो गया था और उसका मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ आ रहा है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

यहां उल्लेखनीय है कि विजय नगर स्थित जॉय स्कूल संचालक अखिलेश मेबन ने सोशल मीडिया स्टेटस पर भगवान और उनके भक्तों को लेकर एक अमार्यादित वीडियो लोड किया था जो वायरल होते ही आक्रोश का कारण बना। हिन्दू संगठनों ने मंगलवार को स्कूल में जमकर हंगामा किया और तोड़फोड़ की थी। पुलिस के अनुसार इस मामले में स्कूल प्रबंधन की शिकायत पर तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240